429. श्री यशपाल, वारंट अधिकारी, जून्हेबोरो, नागालैंड, 5 असम राइफल्स

430. श्री मोती थापा, वारंट अधिकारी, लोकरा, आसाम, असम राइफल्स

431. श्री मान सिंह, सूबेदार, शेरचिप, मिजोरम, 14 असम राइफल्स

432. श्री हेम बहादुर थापा, सूबेदार मेजर, कोहिमा, 19 असम राइफल्स

433. श्री सुरेश चंद्र बोस बी, उप कमांडेंट, मणिपुर, 30 असम राइफल्स

434. श्री तली नुंगसांग आव, नायब सूबेदार, मोककचुंग, नागालैंड, 31 असम राइफल्स

435. श्री शिव सिंह रावत, सूबेदार, मलहोइचिन, मणिपुर, 34 असम राइफल्स

436. श्री बासुदेव सिंहा, जूनियर कमीशन अधिकारी, राधानगर, 45 असम राइफल्स

437. श्री अमित लोधा उप महानिरीक्षक, एसएचक्यू जैसलमेर, राजस्थान, सीमा सुरक्षा बल

438. श्री करण सिंह राजावत, उप महानिरीक्षक, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर, राजस्थान, सीमा सुरक्षा बल

439. श्री मोहन लाल सोहना, उप महानिरीक्षक, एफटीआर एचक्यू, जालंधर, पंजाब, सीमा सुरक्षा बल

440. श्री प्रतुल गौतम, उप महानिरीक्षक, एसएचक्यू, बाड़मेर, राजस्थान, सीमा सुरक्षा बल

441. श्री राजेश कुमार गुरूंग, उप महानिरीक्षक, एसएचक्यू, इंदरेश्वर नगर (जे. एंड के.), सीमा सुरक्षा बल

442. श्री अंगोम शामू सिंह, उप महानिरीक्षक, एफटीआर एचक्यू, साउथ बंगाल, कोलकाता, सीमा सुरक्षा बल

443. श्री विनीत कुमार, कमांडेंट, एसएचक्यू बीएसएफ, श्रीनगर, जे. एंड के., सीमा सुरक्षा बल

444. श्री चारु ध्वज अग्रवाल, कमांडेंट, कार्मिक निदेशालय, डीजी बीएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल

445. श्री भारत भूषण सिधरा, कमांडेंट, 101 बटालियन, कूच बिहार (प.बं.), सीमा सुरक्षा बल

446. श्री करनी सिंह शेखावत, कमांडेंट, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर, राजस्थान, सीमा सुरक्षा बल

447. श्री बरजेंदर सिंह, कमांडेंट, 40 बटालियन, कल्याणी, नादिया, पश्चिम बंगाल, सीमा सुरक्षा बल

448. श्री सुमंदर सिंह डबास, कमांडेंट, 125 बटालियन, वैष्णवनगर, मालदा, पश्चिम बंगाल, सीमा सुरक्षा बल

449. श्री उमेद सिंह, कमांडेंट, प्रोविजनिंग डायरेक्टरेट एचक्यू, डीजी कार्यालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल

450. श्री सतविंदर पाल सिंह, कमांडेंट, 192 बटालियन, आर एस पुरा, जम्मू (जे. एंड के.), सीमा सुरक्षा बल

451. श्री वीरेश के. सिंह, कमांडेंट, 131 बटालियन, चिलोडा रोड, गांधीनगर, गुजरात, सीमा सुरक्षा बल

452. श्री संजय कुमार सिंह, कमांडेंट, 33 बटालियन बीएसएफ सी/ओ 56 एपीओ, सीमा सुरक्षा बल

453. श्री पंकज कुमार मिश्रा, कमांडेंट, एचक्यू डीजी बीएसएफ, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल

454. श्री वीरेंद्र सिंह, कमांडेंट, एसएचक्यू बीएसएफ, पलौरा, जम्मू (जे. एंड के.), सीमा सुरक्षा बल

455. श्री रोहिताश कुमार, कमांडेंट, 107 बटालियन, बीएसएफ, मागरा कैंप, बाड़मेर (राजस्थान) सीमा सुरक्षा बल

456. डॉ. हरलाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, दानीवाड़ा, गुजरात, सीमा सुरक्षा बल

457. श्री परवेश चंद कटोच, उप कमांडेंट, 38 बटालियन, बीएसएफ, गुरदासपुर, पंजाब, सीमा सुरक्षा बल

458. श्री शिरिष कुमार बिसारिया, उप कमांडेंट, 49 बटालियन बीएसएफ, कोईरेंगई, इम्फाल (मणिपुर), सीमा सुरक्षा बल

459. श्री सुरेश कुमार ठाकुर, उप कमांडंट, धनकगिरि न्यूनुरा मेघालय, सीमा सुरक्षा बल

460. श्री धरम सिंह, उप कमांडेंट, खासा अमृतसर, पंजाब, सीमा सुरक्षा बल

461. श्री रमेश सिंह कुशवाह, उप कमांडेंट, 165 बटालियन बीएसएफ, मथुरा, उत्तर प्रदेश, सीमा सुरक्षा बल

462. श्री राम लाल राम, उप कमांडेंट, 121 बटालियन बीएसएफ, शांतिनगर (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल

463. श्री सुशील कुमार पांडे, उप कमांडेंट, सेक्टर एचक्यू बीएसएफ, कोरापुट (ओडिशा), बीएसएफ

464. श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी कमांडेंट (वर्क्स), एचक्यू डीजी बीएसएफ, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल

465. श्री वीरेन्द्र पाल, सहायक कमांडेंट, 47 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, बागमा, त्रिपुरा, सीमा सुरक्षा बल

466. श्री सुरेन्द्र सिंह मनराल, सहायक कमांडेंट, टिगरी कैंप, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल

467. श्री बृजपाल सिंह, सहायक कमांडेंट, सीमान्त मुख्यालय, जालंधर, पंजाब, सीमा सुरक्षा बल

468. श्री गोविंद बल्लभ जोशी, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय), उप महानिरीक्षक (मुख्यालय) सीमान्त मुख्यालय, आर.के. पुरम नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल

469. श्री शंभु शरण पांडे, निरीक्षक (जीडी), 58 बटालियन, राधाबाड़ी (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल

470. श्री रेवंत राम चौधरी, निरीक्षक (जी डी), सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, श्रीनगर (जम्मू एवं कश्मीर), सीमा सुरक्षा बल

471. श्री अर्जुन सिंह, निरीक्षक (जी डी), जनरल डारक्ट्रेट, बल मुख्यालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल

472. श्री बिषुद्धा नंद मिश्रा, निरीक्षक (जी डी), मुख्यालय नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर कदमतला (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल

473. श्री सुखदेव सिंह, निरीक्षक, सेक्टर मुख्यालय, गुरुदासपुर, सीमा सुरक्षा बल

474. श्री राजेन्द्र सिंह, निरीक्षक, 16 बटालियन, हमामा, कश्मीर, सीमा सुरक्षा बल

475. श्री राम नरेश पाल, निरीक्षक (जी डी), 192 बटालियन, मार्फत 56 एपीओ, सीमा सुरक्षा बल

476. श्री देवनाथ दुबे, निरीक्षक (जी डी), 104 बटालियन, रानीनगर जलपाईगुडी (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल

477. श्री बलबीर सिंह, निरीक्षक (जी डी), 133 बटालियन, मेजधी कैंप, करीमगंज (असम), सीमा सुरक्षा बल

478. श्री कामेश्वर सिंह, निरीक्षक (अनुसचिवीय), बैकंठपुर, जलपाईगुडी (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल

479. श्रीचंद खारवाल, निरीक्षक (संचार), 75 बटालियन, दक्षिण दीनाजपुर (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल

480. श्री प्रमोद कुमार पाण्डे, निरीक्षक (संचार), फ्रंटियर मुख्यालय, कछार (असम), सीमा सुरक्षा बल

481. श्री तालिब हुसैन, उप निरीक्षक, 16 बटालियन, हमामा (जम्मू एवं कश्मीर), सीमा सुरक्षा बल

482. श्री चरनजीत सिंह चिब, उप निरीक्षक, 32 बटालियन, हिसार (हरियाणा), सीमा सुरक्षा बल

483. श्री रंजन ज्ञान, कांस्टेबल (वाटर कैरियर), 95 बटालियन, गांधीधाम, गुजरात, सीमा सुरक्षा बल

484. श्री तीरथ राम, कांस्टेबल (बारबर), 54 बटालियन, सी सी पुर (मणिपुर), सीमा सुरक्षा बल

485. श्री राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल (सफाईवाला), 130 बटालियन सीमा सुरक्षा बल रोशनबाग, मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल

486. श्री दिलबाग सिंह, महानिरीक्षक (वरिष्ठ कैप्टन) एयर विंग बल मुख्यालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल

487. श्री राजकुमार मारूति व्हटकर, उप महानिरीक्षक, एसीबी मुम्बई, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

488. सुश्री दीपिका सूरी, उप निदेशक, सीबीआई मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

489. श्री घनश्याम उपाध्याय, उप महानिरीक्षक, एसयू नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

490. श्री गजानंद बैरवा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसीबी नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

491. श्री विपिन कुमार वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक, एसी-।। नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

492. श्री जगदीश, उप पुलिस अधीक्षक, एसीबी चंडीगढ़ केन्द्रीय अन्वेषण बयूरो

493. श्री अय्यादुराई लाजरस, उप पुलिस अधीक्षक, एसयू, चेन्नई, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

494. श्री राम अवतार यादव, उप पुलिस अधीक्षक, एसीबी नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

495. श्री सतीश कुमार राठी, उप पुलिस अधीक्षक, एसीबी भोपाल, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

496. श्री अनिल कुमार यादव, उप पुलिस अधीक्षक, एसीबी भोपाल, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

497. श्री संजय कुमार सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक, एसीबी दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

498. श्री राजीव कुमार, उप पुलिस अधीक्षक, एसीबी पुणे, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

499. श्री रूठिरापथी वालावन, निरीक्षक,एमडीएमए चेन्नई, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

500. श्री सुरेन्द्र कुमार रोहिल्ला, पुलिस निरीक्षक, एससी-I नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

501. श्री शैलेन्द्र सिंह मयाल, पुलिस निरीक्षक, एसीयू-V नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

502. श्री विशाल, पुलिस निरीक्षक, एससी-I नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

503. श्री ओ एन राजेन्द्रन, उप निरीक्षक, एससीबी त्रिवनंतपुर, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

504. श्री बीरबल, हेड कांस्टेबल, एसटीएफ नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

505. श्री रमेश चन्द्र ध्यानी, हेड कांस्टेबल, एसीबी गुवाहाटी, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

506. श्री एस.पी. स्परजन, कांस्टेबल, एसीबी चेन्नई, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

507. श्री रमेश चन्द्र, कांस्टेबल, एसीबी नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

508. श्री मोतीलाल शर्मा, कार्यालय अधीक्षक, सीबीआई मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

509. श्री रामकुमार, निजी सचिव, सीबीआई मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

510. श्रीमती ज्योति सिन्हा, उप महानिरीक्षक, एयरपोर्ट नॉर्थ जोन मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

511. श्री संजय कुमार, सीनियर कमांडेंट, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट, ओ एन जी सी, मुम्बई, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

512. श्री प्रबोध चन्द्र, सहायक महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), बल मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

513. श्री मामुन उर राशिद, सीनियर कमांडेंट, केआरटीसी मुंडाली (उड़ीसा), केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

514. श्री अजय दहिया, सीनियर कमांडेंट, अहमदाबाद एयरपोर्ट, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

515. श्री मिलिन्द राजाराम भाले, कमांडेंट, एचपी बीपीसीएल मुम्बई, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

516. श्री त्रिभुवन सिंह रावत, उप कमांडेंट, सीपीएस-II चम्बा, हिमाचल प्रदेश, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

517. श्री केशर सिंह बिष्ट, सहायक कमांडेंट (कार्मिक-II) बल मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

518. श्री जी रवि वर्मा, निरीक्षक, एसएस मुख्यालय, चेन्नई, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

519. श्री बलबीर सिंह, निरीक्षक (अनुसचिवीय), आरटीसी देवली, टॉक, राजस्थान, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

520. श्री बीरेन्द्र नाथ दास, निरीक्षक (आशुलिपिक), आरएसपी राउरकेला, उड़ीसा, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

521. श्री राजीवन कोल्लोन, निरीक्षक (आशुलिपिक), पश्चिमी क्षेत्र मुख्यालय, मुम्बई, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

522. श्री कृष्ण कुमार, निरीक्षक (आशुलिपिक), बल मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

523. श्री जोगेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, दिल्ली मेट्रो रेल दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

524. श्री सुदर्शन कुमार, उप निरीक्षक, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट, दिल्ली मेट्रो रेल दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

525. श्री पचीरी उन्नीकृष्णनन, उप निरीक्षक, बल मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

526. श्री फ्रांसिस मैरियन, उप निरीक्षक (अनुसचिवीय), बल मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

527. श्री पी. कुप्पुस्वामी, सहायक उप निरीक्षक (कार्यकारी), एएसएसी, बंगलौर, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

528. श्री आर बालासुब्रमणि, हेड कांस्टेबल, आरटीसी ऐराकोणम, तमिलनाडु, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

529. श्री के. विजय कुमार, हेड कांस्टेबल, रिजर्व बटालियन शिवगंगई, कसईकुड़ी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

530. श्री राजमल ठाकुर, हेड कांस्टेबल, एससीसीएल सिंगरेनी, अदिलाबाद, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

531. श्री खुशूराज सिंह हाडा, हेड कांस्टेबल, दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन, दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

532. श्री युद्धवीर सिंह, हेड कांस्टेबल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, 6 रिजर्व बटालियन देवली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

533. श्री के. मुत्थू, हेड कांस्टेबल, डीएई कलपक्कम, तमिलनाडु, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

534. श्री जी. वेनू, हेड कांस्टेबल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट, एलपीएससी वलियामाला, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

535. श्री पी. वी. आर. बाबू, हेड कांस्टेबल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट, बीआईओएम, किरनदुल, दांतेवाडा, छत्तीसगढ़, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

536. श्री नंद किशोर, कांस्टेबल (बारबर), आरटीसी, देवली, टॉक, राजस्थान, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

537. श्री सनातन नायक, कांस्टेबल (कुक), केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट, बीसीसीएल धनबाद, झारखंड, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

538. श्री राजेश ढ़करवाल, उप महानिरीक्षक, गांधीनगर रेंज, गुजरात, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,

539. श्री विशन स्वरूप शर्मा, उप महानिरीक्षक, लखनऊ रेंज (यू पी), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,

540. श्री हरजिन्दर सिंह, उप महानिरीक्षक, गुवाहाटी रेंज असम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

541. श्री प्रवीण कुमार चन्द्र कांत घाग, उप महानिरीक्षक, ग्रुप सैंटर, चेलनका, बंगलौर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

542. श्री अमित तनेजा, उप महानिरीक्षक, कोहिमा नागालैंड, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

543. श्री संजय कुमार, उप महानिरीक्षक, ग्रुप सेंटर, रायपुर छत्तीसगढ़, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

544. श्री महेश चन्द्र लड्ढा, उप महानिरीक्षक, दक्षिण सेक्टर हैदराबाद आंध्र प्रदेश, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

545. डॉ. विनय कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक (चिकित्सा), कम्पोजिट हास्पीटल, गांधीनगर गुजरात, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

546. डॉ. बसुदेव उकील, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कम्पोजिट हास्पीटल, झाडोदा कलां नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

547. डॉ. (श्रीमती) सुषमा शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कम्पोजिट हास्पीटल, रामपुर, उत्तर प्रदेश, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

548. श्री महेन्द्र सिंह ढिल्लो, कमांडेंट,194 बटालियन, बवाना दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

549. श्री मनमोहन सिंह, सेकेन्ड-इन-कमांड, 156 बटालियन, धालीगांव, असम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

550. श्री अरविन्द कुमार सिंह, सेकेन्ड-इन-कमांड, बारामूला, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

551. श्री बी.एस. रावत, सेकेन्ड-इन-कमांड, 122 बटालियन, अंधेरिया मोड, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

552. श्री नागरमल कुमावत, सेकेन्ड इन कमांड, 117 बटालियन, श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

553. श्री प्रवीन कुमार शर्मा, सेकेन्ड इन कमांड, 43 बटालियन, बड़गांव, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

554. श्री फारुख अहमद, उप कमांडेंट, 75 बटालियन, श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

555. श्री अशोक संतवानी, उप कमांडेंट, 126 बटालियन, जम्मू, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

556. श्री दलजीत सिंह, उप कमांडेंट, 54 बटालियन, श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

557. श्री बसंत बल्लभ जोशी, उप कमांडेंट, 157 बटालियन, आदित्यपुर, झारखंड, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

558. श्री विनोद कुमार पाठक, उप कमांडेंट, 148 बटालियन, साहूपुरी चन्दोली उत्तर प्रदेश, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

559. श्री रामलाल मीणा, उप कमांडेंट, 50 बटालियन, पश्चिम मिदनापुर, पश्चिम बंगाल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

560. श्री दीन दयाल पाण्डेय, उप कमांडेंट, ग्रुप सेंटर, सोनीपत हरियाणा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

561. श्री जी. आनन्दन, सहायक कमांडेंट, सीटीसी, धुबा, रांची, झारखंड, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

562. श्री डबल सिंह रावत, निरीक्षक (जीडी), सीटीसी, ग्वालियर, मध्य प्रदेश, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

563. श्री रामानुज सिंह, निरीक्षक (जीडी), मोकमा घाट, बिहार, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

564. श्री कैलाश यादव, निरीक्षक (जीडी), अमेठी, उत्तर प्रदेश, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

565. श्री पी. रामकुमार, निरीक्षक (जीडी), जीसी येलंका, बंगलोर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

566. श्री बलवान सिंह, निरीक्षक (जीडी), 154 बटालियन, धनबाद झारखंड, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

567. श्री संतोष कुमार, उप निरीक्षक (जीडी), भुवनेश्वर, ओडिशा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

568. श्री ए.आर. एलबर्ट, उप निरीक्षक जी डी, अगरतला त्रिपुरा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

569. श्री विजय पाल सिंह, उप निरीक्षक (जीडी), 45 बटालियन, बांदीपुरा जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

570. श्री लखपत खान, उप निरीक्षक (जीडी), 89 बटालियन, बवाना, दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

571. श्री बने सिंह यादव, उप निरीक्षक (जीडी), 173 बटालियन, दीमापुर नागालैंड, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

572. श्री शंकर कुमार झा, उप निरीक्षक (जीडी), राजगीर, नालंदा बिहार, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

573. श्री राम अवतार, सहायक उप निरीक्षक (जीडी), 89 बटालियन, बवाना दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

574. श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद, सहायक उप निरीक्षक (जीडी), धुर्वा, रांची, झारखंड, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

575. श्री रतन लाल, सहायक उप निरीक्षक (जीडी), बारसूर दांतेवाड़ा छत्तीसगढ़, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

576. श्री प्रदीप कुमार तडीकावन, सहायक उप निरीक्षक (जीडी), गढ़ चिरौली, महाराष्ट्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

577. श्री शेषनाथ सिंह, हेड कांस्टेबल (जीडी), नारायणपुर, छत्तीसगढ़, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

578. श्री गणेश चन्द्र हीरा, हेड कांस्टेबल (जीडी), बीजापुर, छत्तीसगढ़, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

579. श्री रवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल (जीडी), नूनमती, गुवाहाटी, असम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

580. श्री मो. आगा मियां, कांस्टेबल (जीडी), रंगरेड्डी, तेलंगाना, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

581. श्री जयबीर सिंह, निरीक्षक (तकनीकी), झाडोदा कलां, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

582. श्री शिव दयाल मिश्रा, निरीक्षक (आरमोरर), रामपुर, उत्तर प्रदेश, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

583. श्री दमबर बहादुर, उप निरीक्षक (बैंड), मुजफ्फरपुर बिहार, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

584. श्री बिशु सुत्राधार, हेड कांस्टेबल (कारपेंटर), अगरतला, त्रिपुरा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

585. श्री दिवान सिंह मेहता, उप निरीक्षक (एम एम), जगदलपुर, बस्तर, छत्तीसगढ़, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

586. श्री सावन्ती टुडु, हेड कांस्टेबल (ड्राइवर), श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

587. श्री शेख कामिल, हेड कांस्टेबल (दर्जी), मुजफ्फरपुर, बिहार, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

588. श्री गोपाल सेन, कांस्टेबल (बारबर), 33 बटालियन, जम्मू, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

589. श्री अच्छे लाल राम, कांस्टेबल (कुक), 89 बटालियन, बवाना, दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

590. श्री भूप सिंह, कांस्टेबल (मोची), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अकादमी, कादरपुर गुडगांव, हरियाणा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

591. श्री फूलेन्द्र राम, कांस्टेबल (सफाई कर्मचारी), डाल्टनगंज, झारखंड, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

592. श्री रामकेवल, कांस्टेबल (वाटर कैरियर), जोरहाट, असम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

593. श्री सूरज मल, कांस्टेबल, (वाशर मैन), इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

594. श्री ए. कलाईमनी, लैब टैक्निशियन, कम्पोजिट हॉस्पिटल, चेन्नई तमिलनाडु, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

595. सुश्री मीरा पूर्ति कुन्डू, सिस्टर इंचार्ज, कम्पोजिट हॉस्पिटल, धुर्वा, रांची, झारखंड, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

596. श्री राजेन्द्र प्रसाद, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय), बल मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

597. श्री मोहिन्द्र सिंह, सहायक कमांडेंट, बल मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,

598. श्री रमेश कुमार, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय), जम्मू, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

599. सुश्री संजू लता पांडा, उप निरीक्षक (जीडी) महिला ग्रुप सेंटर, भुवनेश्वर, ओडिशा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

600. श्री अशोक कुमार नाथ, उप कमांडेंट, झडौदा कलां, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

601. श्री समीर सदानंद इलमे, उप निदेशक, आसूचना ब्यूरो मुख्यालय, नई दिल्ली गृह मंत्रालय

602. सुश्री सत्यप्रिया सिंह, उप निदेशक, एसआईबी दिल्ली, गृह मंत्रालय

603. श्री रूपिन्द्र सिंह, उप निदेशक, आईबी मुख्यालय, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय

604. श्री बिधु शेखर, उप निदेशक, आईबी, रांची, गृह मंत्रालय

605. श्री रमेश चन्द्र सेमवाल (टेक्नीकल) संयुक्त उप निदेशक, आईबी मुख्यालय, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय

606. श्री शंभू नारायण चोधरी, सहायक निदेशक, आईबी मुख्यालय, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय

607. श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सहायक निदेशक, आईबी मुख्यालय, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय

608. श्री सुधीर चन्द्र रोहिदास, सहायक निदेशक, एसआईबी, बोकारो, गृह मंत्रालय

609. श्री चिविकुला श्री रामचन्द्र मूर्ति, सहायक निदेशक, एसआईबी विजयवाड़ा, गृह मंत्रालय

610. श्री अरविन्द कुमार हरिन्द्रनाथन नायर, सहायक निदेशक, आईबी पणजी, गृह मंत्रालय

611. श्री अद्या प्रसाद पाण्डेय, आई बी मुख्यालय, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय

612. श्री शशीश कुमार मिश्र, सहायक निदेशक, आई बी मुख्यालय, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय

613. श्री सुनिल कुमार झा, डीसीआईओ, आई बी मुख्यालय नई दिल्ली, गृह मंत्रालय

614. श्री सुभाशीष मैती, डीसीआईओ, (मुंगेर), बिहार, गृह मंत्रालय

615. श्री सूदेश चन्द्रकांत सावंत, डीसीआईओ, नासिक, गृह मंत्रालय

616. श्री राजेश कुमार, डीसीआईओ, श्रीनगर, (जम्मू एवं कश्मीर), गृह मंत्रालय

617. श्री जगनाथ उपाध्याय, डीसीआईओ, आईबी, गुवाहाटी, गृह मंत्रालय

618. श्री जमाल अहमद खान, डीसीआईओ, आई बी मुख्यालय, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय

619. श्री अजय सिंह तंवर, डीसीआईओ, जोधपुर, गृह मंत्रालय

620. श्री निर्मल चन्द्र ब्लहाटिया, डीसीआईओ, आई बी मुख्यालय, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय

621. श्री गिरधर स्वरूप राव, डीसीआईओ, भरूच, गुजरात, गृह मंत्रालय

622. श्री मुक्तिकांत नायक, अनुभाग अधिकारी, आई बी मुख्यालय, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय

623. श्री गोपाल कृष्णन मुरली, निजी सचिव, आई बी मुख्यालय, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय

624. श्री देश डे, एसी आई ओ-।।/जी, शिलांग, गृह मंत्रालय

625. श्री रमन देब्बारमा, एसी आई ओ-।।/जी, शिलांग, गृह मंत्रालय

626. श्री येशुपाठम पॉल जयकुमार, एसीआईओ-।।/डब्ल्यूटी चेन्नई, गृह मंत्रालय

627. डॉ. नवीन राम महानिरीक्षक (चिकित्सा), रेफरल हॉस्पिटल, टिगरी कैंप, नई दिल्ली, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

628. श्री ओम प्रकाश यादव, उप महानिरीक्षक, बल मुख्यालय, नई दिल्ली, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

629. श्री विजय कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक, बल मुख्यालय, नई दिल्ली, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

630. श्री अविनाश, कमांडेंट, बल मुख्यालय, नई दिल्ली, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

631. श्री संजय कोठारी, कमांडेंट, सबोली कैंप, सोनीपत हरियाणा, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

632. श्री बलबीर सिंह, उप कमांडेंट, बल मुख्यालय, नई दिल्ली, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

633. श्री तपन कुमार, सुबेन्द्र मेजर, बीटीसी, भानु, पंचकुला हरियाणा, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

634. श्री बालमराम, निरीक्षक (जीडी), 29वीं बटालियन, जबलपुर मध्य प्रदेश, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

635. श्री राजकुमार, निरीक्षक (जीडी), 29वीं बटालियन, पापुमपारे, अरूणाचल प्रदेश, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

636. श्री जोत सिंह, निरीक्षक (जीडी), जोशीमठ, उत्तराखंड, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

637. श्री टी.डी.सुरेश कुमार, निरीक्षक (संचार), 27वीं बटालियन, अलापुझा, केरल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

638. श्रीमती शकुन्तला गुप्ता, निरीक्षक (ईएससी), बीटीसी पंचकुला, हरियाणा, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

639. श्री जसपाल सिंह रावत, उप निरीक्षक, (जीडी), बल मुख्यालय, नई दिल्ली, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

640. श्री राजेन्द्र सिंह रावत, उप निरीक्षक (आरमरर), 46वीं बटालियन, राय बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

641. श्री विकास मोहन सिंह, ग्रुप कमांडर, बल मुख्यालय, पालम, नई दिल्ली, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद

642. श्री धर्मेन्द्र नारायण लाल, ग्रुप कमांडर, बल मुख्यालय, पालम, नई दिल्ली, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद

643. श्री शेलेन्द्र प्रसाद बालुनी, टीम कमांडर, बल मुख्यालय, पालम, नई दिल्ली, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद

644. श्री तरसेम लाल डडवाल, सहायक कमांडर-। (अनुसचिवीय), बल मुख्यालय पालम, नई दिल्ली, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद

645. श्री भोपाल सिंह मेहता, सहायक कमांडर-। (पीए), बल मुख्यालय, पालम, नई दिल्ली, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद

646. श्री नरेन्द्र सिंह पठानिया, सहायक कमांडर।। (अनुसचिवीय) बल मुख्यालय, पालम, नई दिल्ली, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद

647. श्री बल राम सिंह जसवाल, कमांडेंट, 24 बटालियन, नन्दनी नगर, छत्तीसगढ़, सशस्त्र सीमा बल

648. श्री मनमोहन सिंह, कमांडेंट, 25 बटालियन, घिटोरनी, दिल्ली, सशस्त्र सीमा बल

649. श्री रामपालद सिंह, कमांडेंट, 31 बटालियन, कोकराझार, असम, सशस्त्र सीमा बल

650. श्री प्रेमा दास, सहायक कमांडेंट, 41 बटालियन, सशस्त्र सीमा बल

651. श्री निरोन डेका, सहायक कमांडेंट, (जीडी), रंगरेठ, जम्मू एवं कश्मीर, सशस्त्र सीमा बल

652. श्री रिंगजिन ओजर, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय), बल मुख्यालय, दिल्ली, सशस्त्र सीमा बल

653. श्री ज्ञानचन्द, जेएओ, लोहाघाट, उत्तराखंड, सशस्त्र सीमा बल

654. श्री सुशांता मोय दास, एसएओ, बोगाईगांव असम, सशस्त्र सीमा बल

655. श्री प्रमोद कुमार पाण्डे, अनुभाग अधिकारी,बल मुख्यालय, दिल्ली, सशस्त्र सीमा बल

656. श्रीमती विजय लक्ष्मी, पी.एस., सहायक, बल मुख्यालय, नई दिल्ली,सशस्त्र सीमा बल

657. श्री रामानंदा दत्ता, निरीक्षक (अनुसचिवीय), बोगाईगांव असम, सशस्त्र सीमा बल

658. श्री कृष्णानंद बहुगुणा, डीएफओ, (आरमोरर), एसएसबी अकादमी, श्रीनगर, गढ़वाल, उत्तराखंड, सशस्त्र सीमा बल

659. श्री मदनलाल, एएफओ (वेटी), बल मुख्यालय, दिल्ली, सशस्त्र सीमा बल

660. श्री कीरत राम खाची, एएफओ (एम), श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर, सशस्त्र सीमा बल

661. श्री इंद्रेश कुमार यादव, एसएसओ, एसपीजी मुख्यालय, नई दिल्ली, विशेष सुरक्षा दल

662. श्री केकेवी रेड्डी, एसओ-I (एम), एसपीजी मुख्यालय, नई दिल्ली, विशेष सुरक्षा दल

663. श्री अतुल शर्मा, एसओ-I (एम), एसपीजी मुख्यालय नई दिल्ली, विशेष सुरक्षा दल

664. श्री जोस पी., एसएसए, एसपीजी मुख्यालय, नई दिल्ली, विशेष सुरक्षा दल

665. श्री समीर बैद्य, एसएसए (एमटी),एसपीजी मुख्यालय, नई दिल्ली, विशेष सुरक्षा दल

666. श्री मोहनन पी. एसएसए (एमटी),एसपीजी मुख्यालय, नई दिल्ली, विशेष सुरक्षा दल

667. श्री लालु लामा, एचसी (एमटी), उमियाव मेघालय, पूर्वोत्तर पुलिस अकादमी

668. श्री सुल्तान अहमद, पुलिस अधीक्षक, दिल्ली, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो

669. श्री नीतिश कुमार बैनर्जी, अनुभाग अधिकारी, दिल्ली, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो

670. श्री गगनदीप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, सीडीटीएस, चंडीगढ़, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो

671. श्री पी.वी. गिरिवासन, आसूचना अधिकारी, एनसीबी मुख्यालय, नई दिल्ली, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो

672. श्रीमती कामिनी शाह, सहायक निदेशक, नई दिल्ली, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

673. श्री पवन भारद्वाज, संयुक्त सहायक निदेशक, नई दिल्ली, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

674. श्री काविलधिकाराकुन्नाथु पुथंनवीटील उदयशंकर, कनिष्ठ स्टाफ अधिकारी, नई दिल्ली, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

675. श्री दिनेश चन्द्र पाण्डे, डाटा प्रोसेसिंग सहायक, नई दिल्ली, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

676. श्रीमती दीपा पांडे, प्रशासनिक अधिकारी, दिल्ली-85, एलएनजेएन एनआईसीएफएस

677. श्री रवि सिंह, निरीक्षक, नई दिल्ली, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

678. श्री नितीश कुमार, उप महानिरीक्षक, एनआईए मुख्यालय, नई दिल्ली राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण

679. श्री अजय कुमार चतुर्वेदी, निरीक्षक, एनआईए ब्रांच आफिस, लखनउ, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण

680. श्री सैयद मुश्लिम राजा रिजवी, निरीक्षक, एनआईए ब्रांच आफिस, लखनउ, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण

681. श्री कृष्ण चन्द्र मिश्र, सहायक उप निरीक्षक, एनआईए ब्रांच आफिस लखनउ, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण

682. श्री दिनेश प्रताप सिंह, सहायक उप निरीक्षक, एनआईए ब्रांच आफिस लखनउ, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण

683. श्री विजय कुमार जगन्नाथ डोके, हेड कांस्टेबल, एनआईए ब्रांच आफिस, मुम्बई, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण

684. श्री अन्ना जालींदर तांबे, हेड कांस्टेबल, 5वीं बटालियन, पुणे, महाराष्ट्र, एनडीआरएफ

685. श्री खेम बहादुर गुरंग, हेड कांस्टेबल (चालक) 01 बटालियन, गुवाहाटी, असम, एनडीआरएफ

686. श्री हरि किशोर कुशुमाकर, उप निदेशक, हैदराबाद, एसवीपीएनपीए

687. श्री गोडुगुलुरि श्रीनिवास राव, उप निदेशक, हैदराबाद, एसवीपीएनपीए

688. श्री विपुल कुमार, सहायक निदेशक, हैदराबाद, एसवीपीएनपीए

689. श्री ईर्नि श्रीनिवास राव, निरीक्षक (आशुलिपिक) हैदराबाद, एसवीपीएनपीए

690. श्री राजेश कुमार, निरीक्षक, हैदराबाद, एसवीपीएनपीए

691. श्री पेनुकोन्डा सुरेश कुमार, उप निरीक्षक, हैदराबाद, एसवीपीएनपीए

692. श्री बुधिनाथ शर्मा, उप निरीक्षक, हैदराबाद, एसवीपीएनपीए

693. श्री कुलवंत सिंह, उप निरीक्षक, हैदराबाद, एसवीपीएनपीए

694. श्री छल्ला भाष्कर रेड्डी, हेड कांस्टेबल, हैदराबाद, एसवीपीएनपीए

695. श्री साजी कुमार एस. कांस्टेबल, हैदराबाद, एसवीपीएनपीए

696. श्री दीपक कुमार केडिया, निदेशक (एलडब्ल्यूईओ-।।), नई दिल्ली, गृह मंत्रालय,

697. श्री आदित्य अवस्थी, सहायक सतर्कता अधिकारी, आईआरसीटीसी, नई दिल्ली, रेल मंत्रालय

698. श्री सुनील कुमार गुप्ता, निरीक्षक, कानपुर सेंट्रल, रेल मंत्रालय

699. श्री दीपक सिंह चौहान, निरीक्षक, गोरखपुर, रेल मंत्रालय

700. श्री सत्यप्रकाश शर्मा, उप निरीक्षक, आरपीएसएफ, एमएलवाई, रेल मंत्रालय

701. श्री शेख शब्बीर अहमद, उप निरीक्षक, सीएससी ऑफिस, मुम्बई, रेल मंत्रालय

702. श्री तपश कुमार चटर्जी, उप निरीक्षक (अनुसचिवीय), आरपीएसएफ धनबाद, रेल मंत्रालय

703. श्री प्रेम चन्द शर्मा, उप निरीक्षक (क्राइम सेल) बिलासपुर, रेल मंत्रालय

704. श्री एम जयरमन, सहायक उप निरीक्षक, चेन्नई, रेल मंत्रालय

705. श्री राजपाल मीना, सहायक उप निरीक्षक, रेल भवन, रेल मंत्रालय

706. श्री कमलेश कुमार गौतम, सहायक उप निरीक्षक (आरमोरर), सीएससी ऑफिस जबलपुर, रेल मंत्रालय

707. श्री मोहम्मद अहमद, हेड कांस्टेबल, एनसीआर मुख्यालय इलाहाबाद, रेल मंत्रालय

708. श्री हरी शंकर झा, हेड कांस्टेबल, आरपीएफ अकादमी, लखनऊ, रेल मंत्रालय

709. श्री संदीप कुमार शाहा, हेड कांस्टेबल, नरकेलडंगा कारशिद पोस्ट, रेल मंत्रालय

710. श्री मकबूल हुसैन, कांस्टेबल, मालदा, रेल मंत्रालय

711. श्री प्रदीप मुखोपाध्याय, कांस्टेबल, मालदा, रेल मंत्रालय

712. श्री एम श्रीनिवास राव, टेलर-एमसीएम, आरपीएसएफ, टीपीजे, रेल मंत्रालय

2. ये पुरस्कार सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक प्रदान करने को शासित करने वाले नियम के नियम 4 (ii) के अंतर्गत दिए जा रहे हैं।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

दिनांक 1 जुलाई 2015

सं. 43-प्रेज/2015—राष्ट्रपति, आंध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सीएच.राम प्रसाद,
कनिष्ठ कमांडो

2. एम. राम बाबू,
कनिष्ठ कमांडो

3. के. पुरुषोत्तम,
कनिष्ठ कमांडो

4. आर. रमेश,
कनिष्ठ कमांडो

5. एम. राजू,
कनिष्ठ कमांडो

6. एस. रवि,
वरिष्ठ कमांडो

7. वी. बाबू सिंह,
वरिष्ठ कमांडो

8. बी. विनायक राव,
रिजर्व उप-निरीक्षक

9. टी. श्रीनू,
रिजर्व उप-निरीक्षक

10. टी. सुरेश,
उप-निरीक्षक

11. बी. शंकरैया,
रिजर्व निरीक्षक

12. पी. बालाकृष्ण,
कनिष्ठ कमांडो

13. एम. रोसैया,
रिजर्व उप-निरीक्षक

14. एस. हरि प्रसाद,
रिजर्व उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

आंध्र प्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा के निकट कम्पनियों और बटालियनों के रूप में माओवादियों की बड़े स्तर पर आवाजाही की विश्वसनीय सूचना मिलने पर, एक पुलिस उप-निरीक्षक, येरूपलेम पुलिस स्टेशन, खम्माम जिले के साथ ग्रेहाउन्डस की 5 हमला यूनिटें तैनात की गईं। हमला यूनिटों को बारूदी सुरंगों और सशस्त्र उग्रवादियों वाले घने जंगलों के बीच रात्रि में 40 किमी. के कठिन क्षेत्र में पैदल चलना पड़ा। यह क्षेत्र चिन्तलनार के नजदीक है जहां वर्ष 2010 में माओवादियों द्वारा सीआरपीएफ के 76 कार्मिकों की हत्या कर दी गई थी।

दिनांक 16.04.2013 को, जब हमला यूनिटों ने मुख्य क्षेत्र में प्रवेश किया, तो एक कंपनी की संख्या वाले शत्रु ने पुलिस दल को देख लिया और ऑटोमेटिक राइफलों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा आईईडी का विस्फोट भी किया। गोलीबारी करने के लिए नीचे लेटने की पोजीशन लेने के बजाए, यूनिट के सदस्यों ने गोलीबारी की परवाह किए बगैर बहादुरी के साथ शत्रुओं पर हमला कर दिया और अपेक्षित कर्तव्य से अधिक असाधारण साहस और प्रतिबद्धता के साथ अपनी जान को आसन्न खतरे में डालकर एक राज्य समिति सदस्य, दो जिला समिति सचिवों, दो एरिया समिति सदस्यों सहित उच्च स्तर के माओवादी कैडरों (09) को मार गिराया और अनेक माओवादियों को घायल कर दिया तथा 4-इन्सास और 4-एसएलआर सहित 13 हथियार भी बरामद किए।

अगले दिन, हमला यूनिटों को भट्टीगुडा गांव से हेलिकाप्टर द्वारा निकाला गया, जो गोलीबारी के स्थल से 8किमी. पश्चिम में है। लगभग 60-70 नक्सलियों ने हेलिकाप्टर पर गोलीबारी की जो कमांडो (19) को लाने के लिए अंतिम उड़ान पर था। अन्य कार्मिकों के साथ क्रम सं. 1 से 10 तक नामित व्यक्ति हेलिकॉप्टर पर चढ़ गए जबकि रिजर्व निरीक्षक स्वर्गीय श्री प्रसाद बाबू के साथ क्रम सं. 11 से 14 तक नामित कार्मिकों (5) ने पोजीशन संभाल ली और गोलीबारी का जवाब दिया और नक्सलियों को दूर रखा तथा अन्य कमांडो को हेलिकाप्टर पर चढ़ने में सहायता प्रदान की। तथापि, हेलिकाप्टर के पायलट ने बिना किसी पूर्व चेतावनी के उड़ान भर ली जिससे कमांडो (5) घने जंगल में ही रह गए। नक्सलियों ने नामित व्यक्तियों का पीछा किया और उन्हें घेर लिया तथा उन पर गोलीबारी आरंभ कर दी। तथापि, नामित व्यक्तियों ने धैर्य और दृढ़ता के साथ जबाव दिया। इस निराशाजनक और असमान लड़ाई में, रिजर्व निरीक्षक प्रसाद बाबू दुश्मन की गोली का शिकार हो गए, लेकिन बाकी सदस्य वीरतापूर्वक शत्रु के आक्रमण को रोकने में सफल रहे और आंध्र प्रदेश की सीमा पर पहुंचने के लिए वन क्षेत्र में लगभग 40 कि.मी. पैदल चले।

प्रत्येक नामित व्यक्ति द्वारा की गई संक्षिप्त कार्रवाई निम्नलिखित है:-

क्र.सं.	नामित व्यक्ति का नाम	गुणात्मक योगदान
I	बी. विनायक राव	1 किमी. तक वीरतापूर्वक 2 माओवादियों पर धावा बोला और गोलियों की बौछार का सामना करते हुए 1 पुरुष माओवादी को निष्क्रिय किया तथा एक .303 राइफल बरामद की।
II	टी. श्रीनू	एक उप समूह का नेतृत्व किया और गोलीबारी की तथा प्रतिकूल पोजीशन में होने के बावजूद गोलियों की बौछार का सामना करते हुए एक महिला माओवादी को निष्क्रिय किया और एक .303 राइफल बरामद की।
III	एस. रवि, एससी	एक अन्य कमांडो के साथ साहस के साथ गोलीबारी की और दो महिला माओवादियों को निष्क्रिय किया तथा 01 इन्सास और एक .303 राइफल बरामद की।
IV	वी. बाबू सिंह, एससी	
V	सीएच. राम प्रसाद, जेसी	तीन अन्य कनिष्ठ कमांडो के साथ वीरतापूर्वक मुकाबला किया और पीछा किया तथा 2 माओवादियों को निष्क्रिय किया और 3 एसएलआर, 01 कारबाइन आदि बरामद की।
VI	एम. रामबाबू, जेसी	
VII	के. पुरुषोत्तम, जेसी	
VIII	आर. रमेश, जेसी	इन्होंने एक अन्य कनिष्ठ कमांडो के साथ मुकाबला किया और पीछा किया तथा एक पुरुष माओवादी को निष्क्रिय किया और 1 एसएलआर बरामद की।
IX	एम. राजू, जेसी	इन्होंने अकेले ही 1.5 किमी. तक 12 माओवादियों के एक दल का सामना किया और उनका पीछा किया और 4 अन्य कनिष्ठ कमांडो की सहायता से 2 माओवादियों को निष्क्रिय किया और 02 एसएलआर तथा एक .303 राइफल बरामद की।
X	टी. सुरेश, उप-निरीक्षक आर. आई	इन्होंने दो कमांडो के साथ वीरतापूर्वक सामना किया और पीछा किया तथा 3 माओवादियों को निष्क्रिय किया।
XI	बी. शंकरैया, आर. आई.	नामित व्यक्तियों ने जवाबी गोलीबारी के द्वारा 14 लोगों की जान और हेलिकॉप्टर को बचाया और नक्सलियों से साहसपूर्वक लड़ने के अलावा नक्सलियों को बिल्कुल दूर रखा, जिन्होंने उन्हें घेर लिया था। तथापि, इस प्रक्रिया में उनमें से एक अधिकारी की मौत हो गई।
XII	एम. रोसैया, आर. एस. आई.	
XIII	एस. हरि प्रसाद, आर. एस. आई.	
XIV	बालाकृष्ण पांडा जे. सी.	

बरामदगी

एसएलआर-4, कारबाइन-1, पिस्तौल-1, तमंचा-1, मैगजीन-6, कारबाइन मैगजीन-1, ए के मैगजीन-2, एसएलआर राउंड-55, ए के राउंड-20, इन्सास-4, .303-2 और एसबीएल-1

इस मुठभेड में सर्व/श्री सीएच.राम प्रसाद, कनिष्ठ कमांडो, एम. राम बाबू, कनिष्ठ कमांडो, के. पुरुषोत्तम, कनिष्ठ कमांडो, आर. रमेश, कनिष्ठ कमांडो, एम. राजू, कनिष्ठ कमांडो, एस. रवि, वरिष्ठ कमांडो, वी. बाबू सिंह, वरिष्ठ कमांडो, बी. विनायक राव, रिजर्व उप-निरीक्षक, टी. श्रीनू रिजर्व उप-निरीक्षक, टी. सुरेश, उप-निरीक्षक, बी. शंकरैया, रिजर्व निरीक्षक, पी. बालाकृष्ण कनिष्ठ कमांडो, एम. रोसैया, रिजर्व उप-निरीक्षक, एस. हरि प्रसाद, रिजर्व उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16.04.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 44-प्रेज/2015-राष्ट्रपति, अरुणाचल प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. देवेन्द्र आर्य,
पुलिस अधीक्षक

2. निकोम रिबा,
निरीक्षक

3. नानी नामु,
उप-निरीक्षक

4. तेलांग बुकर,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29 अप्रैल, 2014 को सांय लगभग 7 बजे डेइंग इरिंग वन्य जीव अभ्यारण्य के अंदर पारंतुग क्षेत्र के निकट संदिग्ध उग्रवादी कैडर ने एक स्थानीय व्यापारी श्री केशव पांडे, उम्र-65 वर्ष का उनके मवेशी फार्म से अपहरण कर लिया था।

दिनांक 01 मई, 2014 को सांय लगभग 8.11 बजे पीड़ित के मोबाइल पर एक फोन आया जिसमें सूचित किया गया कि वह उनकी हिरासत में है और सुरक्षित है। दिनांक 02 मई को दुबारा सुबह लगभग 6.00 बजे एक फोन आया जिसमें श्री केशव पांडे को छोड़ने के लिए 50 लाख रु. की मांग की गई। फोन करने वालों ने मांग को पूरा करने के लिए 48 घंटे की समय-सीमा दी, अन्यथा पीड़ित को मार दिया जाएगा।

पुलिस के गुप्त स्रोतों को तुरंत तैयार किया गया। इसी बीच दलों ने टावर के स्थानों का पता लगाकर और काल लिस्ट का सत्यापन करके फिरौती की मांग के लिए उपयोग किए गए मोबाइल नम्बरों पर कार्य करना आरंभ किया।

दिनांक 02 मई, 2014 को गुप्त सूचना और पकड़े गए एनडीएफबी कैडर से की गई पूछताछ के आधार पर, श्री केशव पांडे को बचाने के लिए एक अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। ओसी/पीएस पासीघाट निरीक्षक निकोम रिबा, उप-निरीक्षक एन. नामा, उप-निरीक्षक टी. बुकर, सीआरपीएफ के 16 कार्मिकों और 5वीं आईआर बटालियन/एएपी के 22 कार्मिकों के साथ पुलिस अधीक्षक/ईस्ट सियांग श्री देवेन्द्र आर्य, आईपीएस की अध्यक्षता में एक दल का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक ईस्ट सियांग ने अभियान के प्रमुख उद्देश्यों के बारे में दल को बताया। इसके अलावा, इन्हें एनडीएफबी कैडर और उनके पास हथियार होने की संभावना के बारे में भी बताया गया।

पुलिस दल ने 2200 बजे पुलिस स्टेशन पासी घाट से प्रस्थान किया। असम पुलिस को जीडी सं. 35 दिनांक 02.05.2014, समय 2230 बजे, पुलिस स्टेशन जोनाई के द्वारा विधिवत रूप से सूचित किया गया था। एक घंटा 30 मिनट की यात्रा के बाद दल निर्दिष्ट स्थान पर पहुंच गया। पहला उद्देश्य उस कट-ऑफ/सतर्क दल को निष्क्रिय करना था, जो छिपने के स्थान की ओर सुरक्षा बल की किसी भी आवाजाही पर निगरानी रखता है। ऐसा आकस्मिक और गांव वालों को सतर्क किए बिना करना था, जो अधिकांशत: बोडो हैं और एनडीएफबी के ओजीडब्ल्यू/सम्पर्क व्यक्ति हो सकते हैं।

यह कार्य उप-निरीक्षक एन. नामा और सीआरपीएफ की एक टुकड़ी के साथ ओसी/पीएस पासीघाट के छोटे दल को सौंपा गया। दल ने चक्करदार मार्ग लेकर गांव को बाइपास करके चलना आरंभ किया और शीघ्र ही कच्चे मार्ग पर 2 व्यक्तियों को देखा जो जंगल क्षेत्र की ओर जाता है। पूरी सावधानी के साथ वे उनकी ओर बढ़े और पीछे से आकर उन्हें निष्क्रिय कर दिया और उन्हें अपनी हिरासत में ले लिया। उन दोनों की पहचान राजीव नरजारी पुत्र मेजिन नरजारी और सुरेश बासुमत्री पुत्र दिनेश बासुमत्री के रूप में हुई।

एक बार सही स्थान का पता चल जाने पर, पुलिस अधीक्षक/ईस्ट सियांग, श्री देवेन्द्र आर्य, आईपीएस ने संदिग्ध क्षेत्र को प्रभावी रूप से घेरने के लिए पुलिस दल को तीन दलों में विभाजित किया। उप-निरीक्षक एन. नामा और उप-निरीक्षक टी. बुकर के नेतृत्व वाले दलों को संदिग्ध क्षेत्र की उचित घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। ओसी/पीएस पासीघाट, निरीक्षक निकोम रिबा के साथ पुलिस अधीक्षक/ईस्ट सियांग श्री देवेन्द्र आर्य, आईपीएस के नेतृत्व वाले दल को पीड़ितों को बचाने के लिए छिपने के ठिकाने पर धावा बोलना था। पहले ही 0115 का समय हो चुका था। घेराबंदी करने वाले दल को पहले चलने के लिए कहा गया। 0130 बजे श्री देवेन्द्र आर्य अपने दल के साथ छिपने के ठिकाने की ओर बढ़े।

हल्की सी बारिश हो रही थी, जिससे दल को अपनी आवाजाही को सतर्क एवं विवेकपूर्ण बनाए रखने में मदद मिली क्योंकि उनके चलने की कोई आवाज नहीं हो रही थी। जब दल छिपने के ठिकाने की ओर पहुंच रहा था, तभी उग्रवादियों ने छिपने के ठिकाने से उन पर गोलीबारी की। दल ने तुरंत कवर लिया। श्री देवेन्द्र आर्य, पुलिस अधीक्षक/ईस्ट सियांग ने समूह के आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने इसका जवाब फिर से गोलीबारी करके दिया। इसके बाद, श्री देवेन्द्र आर्य, पुलिस अधीक्षक, ईस्ट सियांग ने दो स्टन ग्रेनेड फेंके। इसी बीच स्टन ग्रेनेडों से उत्पन्न शोरगुल का फायदा उठाकर पीड़ित ने घेरे की ओर भागना आरंभ किया। यह भांपकर कि उग्रवादी पीड़ित को हानि पहुंचा सकते हैं, ओसी/पीएस पासीघाट और उप-निरीक्षक एन. नामा तुरंत उसकी ओर दौड़े और जमीन पर लिटाकर उसे बचाया।

यह देखकर कि पीड़ित चला गया है और अपने आपको घिरा हुआ पाकर उग्रवादी दल ने अलग-अलग दिशाओं में भागना आरंभ कर दिया। साथ ही उन्होंने पुलिस दल पर गोलीबारी करना जारी रखा। पुलिस अधीक्षक/ईस्ट सियांग श्री देवेन्द्र आर्य और उनके दल ने तुरंत गोलीबारी का जवाब दिया और उनका पीछा करना आरंभ किया। पीछा करने के बाद श्री देवेन्द्र आर्य ने एक उग्रवादी को दबोच लिया। श्री देवेन्द्र आर्य के पीछे आ रहे आईआर बटालियन के जवानों ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया। बाद में उसकी पहचान बोलिन बोरो पुत्र हुंगला बोरो के रूप में हुई।

इसी बीच उप-निरीक्षक टी. बुकर, जो घेरे में थे, ने भी उनका पीछा करना आरंभ किया और उनमें से एक को दबोचने में सफल रहे, बाद में जिसकी पहचान तेंगाना नरजारी पुत्र मोनीराम नरजारी के रूप में हुई। अंततः दल संजय मुशहरी उर्फ एम. संखांग उर्फ सोथल, एक खूंखार एनडीएफबी उग्रवादी, जिसने वर्ष 2010 में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था, लेकिन अभी भी सक्रिय था, सहित छह (6) अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफल हुआ।

पीड़ित की रक्षा करने और पकड़े गए उग्रवादियों की उचित हिरासत सुनिश्चित करने के लिए भी उप-निरीक्षक टी. बुकर को एक दल के साथ छोड़कर, शेष दल ने क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाना जारी रखा। पूर्ण तलाशी के बावजूद तीन (3) उग्रवादी अंधेरे और काफी घने जंगल का फायदा उठाकर बच निकलने में कामयाब रहे।

एनडीएफबी एक खूंखार उग्रवादी संगठन है, जो असम के इन भागों में काफी सक्रिय है और सामूहिक हत्या सहित जघन्य और सनसनीखेज अपराधों को अंजाम देने के लिए जाना जाता है। फिरौती के लिए अपहरण और जबरन धन वसूली, धन एकत्र करने के एक साधन के साथ-साथ उनके डर को बनाए रखने का साधन है। एनडीएफबी (एस)/उग्रवादियों के खतरनाक रूप से सशस्त्र कैडर का सामना करने, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और भावी खतरों और परिणामों की परवाह न करने और उग्रवादियों के चंगुल से एक व्यक्ति को बचाने के लिए श्री देवेन्द्र आर्य, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक/ईस्ट सियांग जिला, ओसी/पीएस पासी घाट, निरीक्षक एन. रिबा, उप-निरीक्षक एन. नामू और उप-निरीक्षक टी. बुकर द्वारा किए गए इस बहादुरी के कार्य को सम्मानित किया जाना चाहिए।

बरामदगी

1. दो जिंदा कारतूसों के साथ .22 एम एम की एक पिस्तौल।

2. 9 एम एम के उपयोग किए गए चार खाली खोखे।

3. .22 एम एम के उपयोग किए गए छह खाली खोखे।

इस एक्शन में सर्व/श्री देवेन्द्र आर्य, पुलिस अधीक्षक, निकोम रिबा, निरीक्षक, नानी नामु, उप-निरीक्षक और तेलांग बुकर, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02.05.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 45-प्रेज/2015- राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. विनय कुमार,
पुलिस अधीक्षक

2. रंजन कुमार,
उप निरीक्षक

3. दिलीप कुमार,
उप निरीक्षक

4. रवि कुमार,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

यह घटना उन नामित व्यक्तियों के वीरतापूर्ण कार्य से संबंधित है जिन्होंने मोहम्मद अहमद सिदिबप्पा जरार उर्फ यासीन भटकल और असादुल्लाह अख्तर उर्फ डेनियल उर्फ हड्डी की गिरफ्तारी करते समय जान का खतरा होते हुए असाधारण साहस, सूझबूझ, कार्य-कौशल और अपेक्षित कर्तव्य से अधिक उत्सुकता का प्रदर्शन किया। यासीन भटकल अवैध संगठन इंडियन मुजाहिद्दीन का सह-संस्थापक (वर्ष 2003-04 में) था और अपनी गिरफ्तारी होने तक बाटला हाउस मुठभेड़ (वर्ष 2008 में) के बाद भारत में इसका आपरेशनल मुखिया था। इसी प्रकार, असादुल्लाह अख्तर आईएम समूह में एक सबसे अधिक सक्रिय और वांछित आतंकवादी था। ये दोनों आक्रामक भर्ती करने वाले, मुख्य प्रेरक और प्रशिक्षक, आईईडी का संग्रह करने और उन्हें लगाने वाले, संभार उपलब्धकर्ता, प्रधान षडयंत्रकारी होने के साथ-साथ समूचे भारत में आतंकी हमलों के वास्तविक निष्पादक थे।

यासीन भटकल और असादुल्लाह अख्तर के पास से दो लैपटॉप, मोबाइल फोनों, डीवीडी, पेनड्राइव और अन्य दस्तावेजों की बरामदगी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि आतंकवादियों की गिरफ्तारी है। उन्होंने बहुतायत सूचना उपलबध कराई जो न केवल स्वदेशी आतंकी मॉडयूलों, बल्कि पाकिस्तान की आईएसआई द्वारा समर्थित और संचालित जिहाद फैक्ट्रियों और लश्करे-तैयबा, हूजी, अल-कायदा जैसे अन्य अंतर्राष्ट्रीय आतंकी समूहों से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना का भंडार हैं। इसने कराची परियोजना में बहुमूल्य जानकारी उपलब्ध कराई है, जिसकी योजना भारत की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना है। इसने ऐसे साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं जिनके माध्यम से आईएसआई की कार्य योजना के कपटपूर्ण खंडन को चुनौती दी जा सकती है।

यह अभियान अकेला नहीं था बल्कि अनेक सूचनाओं और आसूचनाओं के संग्रहण, पुष्टिकरण और सह-संबंध और छिपने के संभावित ठिकानों की टोह और वास्तविक गिरफ्तारियों जैसे सतत और दृढ़ आयोजना तथा युक्तिपूर्ण अभियान की श्रृंखलाओं का परिणाम था। यह गिरफ्तारी सतर्क, अतिसावधानीपूर्ण और नपीतुली योजना और निष्पादन का परिणाम था जहां प्रत्येक सूचना को अभियान के अनेक भागीदारों और संभावित मददगारों के बीच सहयोग के साथ बुद्धिमतापूर्ण और सावधानीपूर्ण तैयार एवं विकसित करके जारी रखा गया। चौंकाने वाले तत्वों, छद्मावरण और छल का उपयोग किया गया। पुलिस अधीक्षक, मोतीहारी ने स्वयं अभियान का नेतृत्व किया, जिसमें निम्नलिखित कारणों से खतरा ही खतरा था:

- यासीन भटकल (2005 में) और असादुल्लाह अख्तर (2010 में) दोनों को युद्ध कौशल, आधुनिक हथियारों, विस्फोटकों और आईईडी को चलाने में पाकिस्तान की आईएसआई द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। बाटला हाउस मुठभेड़ गिरफ्तार होने के भय से आतंकी समूह की निराशा का परिणाम है।
- यासीन भटकल को स्लीपर सेल और प्रेरित अतिवादी युवाओं के मॉड्यूल विकसित करने की योग्यता के लिए जाना जाता है। यह महत्वपूर्ण है कि वह डेढ़ वर्ष से अधिक समय से (फरवरी, 2012 से) गिरफ्तारी के स्थान के निकट रह रहा था। उसके समर्पित अनुयायियों द्वारा भागीदारों के देखे जाने की काफी संभावना थी जिन्हें उसने जिहाद के लिए पहले ही प्रेरित किया था।
- यासीन भटकल और असादुल्लाह अख्तर सीधे आईएसआई की छत्रछाया में रह रहा था जिसके पास सभी संसाधन उपलब्ध हैं। आईएसआई संचालकों ने उनकी सहायता की, भड़काया और उनका परिपोषण किया।
- पूरे अभियान के दौरान जो, लगभग एक सप्ताह तक चला, छोटे समूह को आत्मरक्षा के लिए बिना हथियार और अन्य सुरक्षा गैजेट्स के संचालन करना पड़ा।
- कठिन अभियान में संभावित मददगार विरोधी शत्रु के हाथों में अभियान के भागीदारों का फंसा सकते थे। उनकी विश्वसनीयता और निष्ठा का पता नहीं था।
- लक्ष्यों के अत्यधिक महत्व को देखते हुए पूर्ण गोपनीयता बनाए रखने के लिए रक्षा और सुरक्षा उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों को अभियान के अधिकांश भाग से अलग रखा गया।
- ऐसे कुछ चरण और मुद्दे थे जो अभियान के भागीदारों की जान के लिए काफी जोखिम भरे थे, लेकिन रणनीतिक राष्ट्रीय हित और आतंकवादी तत्वों के खिलाफ भावी अभियानों में सफलता की अधिक संभाव्यता के कारण उनका उल्लेख नहीं किया जा सकता।

यासीन भटकल और असादुल्लाह अख्तर की गिरफ्तारी ने अनेक खतरनाक आतंकी हमलों को रोका है, जिनकी उन्होंने त्योहारों के समय और विधान सभा तथा लोक सभा चुनावों के दौरान योजना बनाई थी। उनके द्वारा दी गई सूचना से 90 "उपयोग हेतु तैयार" आईईडी, आईईडी के अनेक घटकों, मंगलौर, हैदराबाद, गोवा और पोखरा में छिपने के विभिन्न ठिकानों से विध्वंसक सामग्री बरामद हुई। बड़ी संख्या में बरामद चुम्बकों से पता चला कि उनकी योजना तेल ले जाने वाले रेल टैंकरों को 'बडे बम' में बदलने की थी जिन्हें अधिकतम जन-हानि पहुंचाने के लिए कुछ व्यस्त और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर डेटोनेट किया जाना था। दोनों से की पूछताछ के दौरान और बरामद किए गए लैपटाप पर की गई चैट (लगभग 3000 पृष्ठ) को पढ़ने से पता चला कि असादुल्लाह अख्तर किसी बडे प्रोफाइल लक्ष्य के प्रति फिदायीन हमला करने के लिए गंभीरता से विचार कर रहा था। उनके द्वारा उपलबध कराई गई सूचनाओं और सुराग से इंडियन मुजाहिद्दीन के अन्य शीर्ष कैडरों की गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तारी के महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कुछ खुफिया जानकारी मिली थी कि आईएम इन गिरफ्तार आतंकवादियों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए एक जहाज का अपहरण करने अथवा कोई बड़ी साजिश रचने की योजना बना रहा है। उनकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद, एक धमकी भरा मेल भी आया था जो कराची से आया था।

यद्यपि, इनकी गिरफ्तारी से आतंकवाद की लड़ाई समाप्त नहीं हुई है, तथापि, इससे आतंकवादी संगठन की क्षमताओं को गहरा झटका लगा है जो आतंरिक सुरक्षा के लिए भारत की सबसे गंभीर चुनौती है। संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा विशेषज्ञों के विश्लेषण के अनुसार, अब, आईएम के पास अपनी कोई विशेषज्ञता, योग्यता और अपश्चात्तापी अभिप्रेरक उत्साह नहीं है।

अत्यधिक कठिन अभियान में कर्तव्य की पारम्परिक मांग के बदले धैर्य, निश्चय, समर्पण और बलिदान की भावना नामित अधिकारियों के विस्तृत वीरतापूर्ण कार्य को अभिव्यक्त करती है।

की गई बरामदगी:

क)	लैपटाप	:	02
ख)	मोबाइल फोन	:	05
ग)	डीवीडी	:	10
घ)	पेनड्राइव	:	01
ङ)	बहुमूल्य सूचना वाले दस्तावेज		

इस एक्शन में सर्व/श्री विनय कुमार, पुलिस अधीक्षक, रंजन कुमार, उप निरीक्षक, दिलीप कुमार, उप निरीक्षक और रवि कुमार, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29.08.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 46-प्रेज/2015-राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अरमान खालखो,
कंपनी कमांडर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

मैडेड एरिया कमेटी और नेशनल पार्क एरिया कमेटी के सीपीआई माओवादियों, उनके प्रभारी डीवीसी सदस्यों, मिलिटरी प्लाटून, स्थानीय गुरिल्ला दस्ते और स्थानीय अभियान दस्ते के सदस्यों सहित लगभग 150 भारी हथियारबंद नक्सली कैडर टीसीओसी बैठक और प्रशिक्षण की समीक्षा करने के लिए गांव लिनमाडगू के निकट इकट्ठा हुए थे। यह सूचना मिलने पर, जिला पुलिस और एसटीएफ के 128 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों वाला एक संयुक्त अभियान दल उचित योजना और ब्रीफिंग के बाद दिनांक 20.06.2013 को बीजापुर से चला। सैन्य दलों को फरसेगढ़ शिविर के पास छोड़ा गया जहां से उन्होंने पैदल चलना आरंभ किया। लक्ष्य निलमाडगू के निकट एक स्थान था, जो फरसेगढ़ से 25 किमी. दूर है। पूरा रास्ता अत्यधिक नक्सली प्रभावित है। सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं को अपनाते हुए और

अपनी आवाजाही को गुप्त रखते हुए अरमान खालखो ने लक्ष्य की ओर सुरक्षापूर्वक अपने दल का नेतृत्व किया। सैन्य दल ने निलमाडगू से कुछ किमी. पहले एलयूपी ली। दिनांक 21.06.2013 को लगभग 0430 बजे कंपनी कमांडर खालखो ने अपने दल को दो समूहों में बांटा जिसमें एक दल का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया। दलों ने क्षेत्र की तलाशी लेने के लिए आगे बढ़ना आरंभ किया। लगभग 0730 बजे, जब खालखो का दल निलमाडगू के निकट पेड्डाबागू नाले के पास पहुंचा, तब नक्सलियों की ओर से भारी गोलीबारी हुई, जिन्होंने घने जंगल में अपनी पोजीशन ली हुई थी। नक्सलियों की ओर से भारी गोलीबारी के कारण, टुकड़ियां आगे बढ़ने से हिचक रही थीं। कंपनी कमांडर अरमान खालखो ने स्थिति को संभाला और अपने कर्मियों को पोजीशन लेने और जवाबी कार्रवाई करने को आदेश दिया। शत्रु के संख्या में अधिक होने और उन्हें पारिस्थितिक लाभ होने के बावजूद, उन्होंने साहसपूर्ण हमले का सामना किया और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की। लगभग एक घंटे तक गोलीबारी चली। नक्सलियों की ओर से आ रही भारी गोलीबारी से बेखबर पुलिस दल ने उनके नेतृत्व में अत्यधिक प्रभावी तरीके से जवाबी कार्रवाई की जिससे नक्सली हताहत हुए। नक्सली शिविरों के 16 अस्थायी स्थलों के साथ यूनिफार्म में एक महिला नक्सली का शव और एक एसएलआर हथियार बरामद किए गए। विस्फोटकों, डेटोनेटरों, हैंड ग्रेनेड, डेटोनेटर कैप, रकसैक, तार, फ्लैश लाइटों, रेडियो, मैनपैक सेटों और नक्सली साहित्य सहित भारी मात्रा में अन्य सामग्रियां बरामद की गईं।

कंपनी कमांडर अरमान खालखो ने भारी हथियारबंद नक्सलियों का सामना करते हुए अपने दल का नेतृत्व करने में साहस और अदम्य वीरतापूर्ण कार्य का प्रदर्शन किया और नक्सलियों को हताहत किया।

बरामदगी:

क्रम सं.	सामग्री का नाम	मात्रा
1.	एसएलआर गन	01
2.	हैंड ग्रेनेड	03
3.	गोलियां (303 बन्दूक)	27
4.	गोलियां (12)	08
5.	डेटोनेटर कैप	52
6.	डेटोनेटर	04

इस मुठभेड़ में श्री अरमान खालखो, कंपनी कमांडर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21.06.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 47-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. लव कुमार भगत, (मरणोपरांत)
कंपनी कमांडर

2. सेलेस्टिन कुजुर, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.08.2013 को एस.टी.एफ. के उप पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक द्वारा "तलाशी और ध्वस्त करने" के अभियान की योजना बनाई गई। कमांडर पी.सी. महंत, कंपनी कामंडर लव कुमार, कंपनी कमांडर बी.पी. सिंह और कंपनी कमांडर जेम्स

एक्का के नेतृत्व में एस.टी.एफ. के चार दल बनाए गए और उचित ब्रीफिंग के बाद उन्हें जगदलपुर से बरसुर भेजा गया। दलों को गांव बरसुर से तलाशी लेने और क्षेत्र पर अधिकार करने के लिए भेजा गया था।

क्षेत्र में बड़ी संख्या में माओवादी उपस्थित थे। अभियान के पहले दिन, दल सं. 01 लगभग 15:30 बजे टेटम और हर्राकोदर के वन क्षेत्रों में घात लगाकर किए गए हमले में फंस गया। पुलिस दल ने प्रभावी रुप से जवाबी कार्रवाई की और दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। लव कुमार भगत के नेतृत्व में दल सं. 02 पर भी नरडोंगरी गांव पहुंचने से पहले लगभग 18:00 बजे उसी दिन घात लगाकर हमला किया गया। कंपनी कमांडर लव कुमार भगत के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की जिससे नक्सली पीछे हटने पर मजबूर हो गए।

दिनांक 27.08.2013 को दल सं. 1 और दल सं. 02, दोनों ने संयुक्त रुप से नरडोंगरी गांव से आगे की कार्य योजना बनाई और लगभग 05:30 बजे वहां से चले। नक्सलियों ने सुबह दुबारा पुलिस दलों पर घात लगाकर हमला किया और अलग-अलग दिशाओं से गोलीबारी आरंभ कर दी। नक्सलियों ने भयानक हमला किया और उन्हें स्थलाकृतिक के साथ-साथ संख्या में अधिक होने का लाभ था। तथापि, नेतृत्व की अनुकरणीय गुणवत्ता का प्रदर्शन करते हुए कंपनी कमांडर लव कुमार भगत ने आगे बढ़कर अपने साथियों का नेतृत्व किया और नक्सलियों पर लगातार भीषण हमला करने का साहस किया। लव कुमार भगत ने इस गंभीर स्थिति में अपने कार्मिकों को बचाने के लिए समन्वित प्रयास किया और स्वयं उन्हें दो गोलियां लगीं, एक घुटने में और दूसरी अंगूठे में। सेलेस्टिन कुजुर भी लव कुमार भगत के दल में थे और उन्होंने भी अनुकरणीय साहस और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया। कांस्टेबल 1119 सेलेस्टिन कुजुर की गरदन में गोली लगी। गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद, लव कुमार ने घात लगाकर किए गए हमले में अपने साथियों का लगातार मार्गदर्शन किया और स्थल पर लिए गए उनके निर्णय और की गई कार्रवाई नक्सलियों को भागने के लिए मजबूर करने के लिए महत्वपूर्ण थी और इससे सुरक्षा बलों को कम से कम क्षति हुई। अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों में युद्ध स्थल पर प्रदर्शित दृढ़ संकल्प और साहस निश्चित रुप से उन्हें इस सर्वोच्च सम्मान का पात्र बनाता है।

कंपनी कमांडर लव कुमार भगत और कांस्टेबल सेलेस्टिन कुजुर ने नेतृत्व और बहादुरी की असाधारण गुणवत्ता का प्रदर्शन किया जो अनुकरणीय है, जहां अधिकारी ने वक्त की मांग के अनुसार कार्रवाई की और लोकतंत्र के जानी दुश्मनों से अपने साथियों की जान बचाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

की गई बरामदगी:

(1) 42 इंच की बट लम्बाई वाली एक 12 बोर की सिंगल पाइप बंदूक और प्लास्टिक सीलिंग (2) 45 इंच की बट और पाइप की लम्बाई वाली एक भारमर बंदूक, केवल 32 इंच के बट (3) प्लास्टिक स्लिंग, एक प्लास्टिक ब्लैक पोज (4) 12 बोर के 14 राउंड (केएफ 12 नाम की 12 रेड बुलेट और 02 हरी बुलेट)।

इस मुठभेड़ में (स्वर्गीय) श्री लव कुमार भगत, कंपनी कमांडर और (स्वर्गीय) श्री सेलेस्टिन कुजुर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.08.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 48-प्रेज/2015—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अमित कुमार बेरिया,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

महाराष्ट्र की सीमा के निकट जिला राजनंदगांव में गांव बुकमार्का में भारी हथियार बंद नक्सलियों के एक समूह के उपस्थित होने के बारे में विशिष्ट आसूचना संबंधी जानकारी के आधार पर, दिनांक 08/06/2013 को पुलिस ने एक बड़ा आक्रामक अभियान शुरु करने का निर्णय लिया। संयुक्त अन्तर्राज्यीय अभियान में सुरक्षा बलों के चार दल शामिल हुए जिसमें राजनंदगांव जिला, छत्तीसगढ़ से

एक और जिला गढ़चिरौली, महाराष्ट्र से तीन दल शामिल थे। निरीक्षक अमित बेरिया जिला पुलिस, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और आईटीबीपी के बलों वाले मुख्य हमला दल की कमांड में थे। मानसून आरंभ होने के कारण, उस भू-भाग में शीघ्र गति से आवाजाही काफी कठिन हो गई थी। निरीक्षक बेरिया के नेतृत्व वाला दल रणनीतिक तरीके से नक्सलियों के छिपने के ठिकाने की ओर गया और चारों ओर से क्षेत्र को घेर लिया जिससे नक्सलियों का बचकर निकलना मुश्किल हो गया। जब दल नक्सलियों के नजदीक बढ़ रहा था, तभी उन पर अचानक गोलीबारी करके हमला किया गया। निरीक्षक बेरिया की कमांड में पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई के लिए उचित पोजीशन ली। हमला राइफलों से भारी गोलीबारी की गई और हैंड ग्रेनेड फेंके गए। घने जंगल में भारी बारिश के बाद कठिन भू-भाग और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों की परवाह किए बिना पुलिस दल ने "गोलीबारी करो, और आगे बढ़ो" की रणनीति अपनाई और हमला करने की दूरी के अंदर पहुंचे। शत्रु को स्थलाकृतिक और संख्या में अधिक होने के लाभ के बावजूद, निरीक्षक अमित बेरिया ने साहस के साथ हमला किया, और इस कठिन परिस्थिति में अपने साथियों को बचाने के लिए समन्वित प्रयास के साथ जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की और खूंखार नक्सली उधम सिंह उर्फ जंगलू तुलावी, एरिया कमेटी सचिव, मोहला को मार गिराया। नक्सली समूह तितर-बितर होने पर मजबूर हो गया और उन्होंने पीछे हटना शुरु कर दिया। इस भयंकर मुठभेड़ के बाद, क्षेत्र की गहन तलाशी में 7.62 एमएम की एक एसएलआर राइफल, 5.56 एमएम की एक इंसास (आईएनएसएएस) राइफल, पिस्टन ब्रिज ब्लॉक, बारह बोर की दो राइफलें, 315 बोर की एक पिस्तौल, 21 चैनल का एक मोटोरोला वायरलेस मैन पैक सेट, विभिन्न कैलिबरों वाले कारतूस और नक्सली साहित्य बरामद हुए।

निरीक्षक बेरिया ने इस अभियान में युद्ध-कौशल की रणनीतियों का पूर्ण निष्पादन, असाधारण नेतृत्व गुण और अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया।

इस मुठभेड़ में श्री अमित कुमार बेरिया, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08.06.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 49-प्रेज/2015—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. नरेन्द्र यादव,
   सहायक प्लाटून कमांडर

2. योगेन्द्र सिंह (मरणोपरांत)
   हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

नक्सली प्रतिवर्ष 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक रणनीतिक जवाबी आक्रामक अभियान चलाते हैं जिसका उद्देश्य वर्धित सैन्यीकरण और हमलों के माध्यम से सुरक्षा बलों को अधिकतम क्षति पहुंचाना है। अप्रैल-मई, 2013 में, राज्य पुलिस ने नक्सलियों को चुनौती देने के लिए पूरी शक्ति के साथ उन क्षेत्रों में जवाबी टीसीओसी अभियान चलाया जिन्हें नक्सलियों का गढ़ माना जाता है। इस अभियान के लिए पूरे राज्य से बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी जुटाए गए। बल हथियारों से लैस थे और अति सावधानीपूर्वक प्रशिक्षित थे। सात दल बनाए गए थे। व्यापक योजना और सुरक्षा व्यवस्था से नक्सलियों के अधिकार वाले क्षेत्रों में सैन्य बलों को ले जाने में सफलता मिली और बल पुलिस स्टेशन चिंतागुफा से 8 किमी. की दूरी पर गांव मिनपा, जिला सुकमा में एक शिविर सहित अस्थायी शिविर स्थापित करने में सफल हुए। शिविर स्थापित करने के कुछ ही घंटों के अंदर, शिविर पर चारों ओर से नक्सलियों ने हमला किया। बलों ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। सारी रात गोलीबारी जारी रही।

अगले दिन, दिनांक 17.05.2013 को एपीसी नरेन्द्र यादव और हेड कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह सहित 24 कार्मिकों का एक क्षेत्र प्रभुत्व दल, जिसका नेतृत्व कंपनी कमांडर ने किया, शिविर के पश्चिमी दिशा की ओर गया। दल लगभग 1 से 1.5 किमी. ही गया था, जब घात लगाकार बैठे नक्सलियों ने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। पुलिस दल ने भी अपनी रक्षा में गोलीबारी

की। गोलीबारी के दौरान, अनुकरणीय साहस और नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए एपीसी नरेन्द्र यादव और हेड कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह नक्सलियों से बहुत अधिक घिरे होने के बावजूद आगे बढ़ते रहे। नक्सली संख्या और स्थलाकृतिक की दृष्टि से लाभप्रद स्थिति में थे। तथापि, दोनों ने अपनी जान की परवाह नहीं की और इसके बदले घायल होने पर भी जवाबी गोलीबारी की। गोलीबारी लगभग 2 घंटे तक चली। इसी बीच एपीसी नरेन्द्र यादव के सीने में गोली लगी और हेड कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह की जांघ और कमर पर गोली लगी। घटना स्थल पर अतिरिक्त बलों को भेजा गया और नक्सली जंगल का फायदा उठाकर दबाव के कारण भाग गए। उनके प्रयासों से न केवल अनेक कार्मिकों की जान बची और हथियारों को लूटने से बचाया गया, बल्कि नक्सलियों को भी काफी क्षति पहुंची।

की गई बरामदगी:

बैरल मजल लोडिंग राइफल-01, एयरगन-01, मिसफायर्ड एचई बम-01, एचई बम के खाली खोखे-05, एचई बम की टेल यूनिट का स्क्रैप-01, एचई बम की हेड कैप-01, एचई बम की क्षतिग्रस्त टेल यूनिट -01, पानी का डिब्बा-01, 315 राइफल का खाली खोखा-01, .303 राइफल का खाली खोखा-01, एसएलआर के खाली खोखे-08, और 5 किग्रा. का जिन्दा टिफिन बम-01 ।

इस मुठभेड़ में श्री नरेन्द्र यादव, सहायक प्लाटून कमांडर और (स्वर्गीय) श्री योगेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.05.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 50-प्रेज/2015—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. देवेन्द्र कश्यप,
कंपनी कमांडर

2. नितिन उपाध्याय,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जिला गरियाबंद, छत्तीसगढ़ के सबसे अधिक नक्सल प्रभावित जिलों में से एक है। नक्सलियों की मणिपुर विभागीय समिति ने पूर्व में सुरक्षा बलों को भारी क्षति पहुंचाई थी जिसमें दो घटनाओं में एक अपर पुलिस अधीक्षक सहित 22 पुलिस कर्मी मारे गए थे।

दिनांक 31 मई, 2012 को प्रात: लगभग 10:00 बजे पुलिस अधीक्षक, जिला गरियाबंद, श्री राम गोपाल को सूचना मिली कि स्वचालित हथियारों के साथ एक सशस्त्र नक्सली दल गांव गवारगांव और झोलारव, पुलिस स्टेशन शोभा के वन क्षेत्रों में घूम रहा है। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर का लाभ उठाने का निर्णय लिया और नक्सलियों को एक झटका दिया जो उस क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से अधिक प्रभावी हो गए थे।

पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र की स्थलाकृति और जिस तरीके से सूचना मिली थी, के कारण पुलिस दल के लिए संभावित परिणाम को भांप लिया। पुलिस अधीक्षक ने जिला कार्यकारी बल और विशेष कार्यबल के 3 दल बनाकर व्यक्तिगत रुप से अभियान की योजना बनाने ओर इसका पर्यवेक्षण करने की साहसिक पहल की। पुलिस अधीक्षक ने स्वयं उत्तर-पश्चिम से पहले दल का नेतृत्व किया, दक्षिण से दूसरे दल का नेतृत्व उप-निरीक्षक नितिन उपाध्याय और पूर्व से तीसरे दल का नेतृत्व कंपनी देवेन्द्र कश्यप कमांडर ने किया। जब पुलिस दल लक्ष्य की ओर बढ़ रहे थे, तभी पुलिस अधीक्षक को यह सूचना भी मिली कि झोलारव पहाड़ी के नीचे बड़ी संख्या में नक्सली उपस्थित हैं। उन्होंने तुरंत दल 2 और दल 3 के कमांडरों को समझाया और उन्हें क्रमश: दक्षिणी और पूर्वी ओर से लक्ष्य की ओर बढ़ने का अनुदेश दिया। वे उत्तर-पश्चिम की ओर से चले। नक्सलियों ने अचानक पुलिस दल पर हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस दलों और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी आरंभ हो गई। इसी बीच पुलिस अधीक्षक ने नक्सलियों की आवाजाही को भांप लिया जो फंसे हुए नक्सलियों की सहायता के लिए आ रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने रणनीतिक योजना और कमांड की अत्यधिक सूझबूझ का प्रदर्शन किया और उन्होंने इस

तरह से अपने आप को रीपोजीशन करने के लिए क्षेत्र की स्थलाकृतिक विशिष्टताओं का बहुत अच्छी तरह उपयोग किया ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर दोनों पुलिस दलों की सहायता कर सकें और नक्सलियों की सहायता के लिए आ रहे नक्सली दल पर घात लगाकर हमला कर सकें। वास्तव में पुलिस अधीक्षक के इस निर्णय से युद्ध-क्षेत्र का घटनाक्रम पुलिस के पक्ष में हो गया।

उप-निरीक्षक नितिन उपाध्याय ने अपनी एके-47 राइफल से 57 गोलियां चलाईं और साहस तथा सूझबूझ के साथ अपने दल की कार्रवाई को समन्वित किया। अपनी जान को गंभीर जोखिम होते हुए वे नक्सलियों से लड़े। उन्होंने अपने कर्तव्य की मांग से अधिक आसाधारण साहस, अनुकरणीय नेतृत्व और उत्तरदायित्व का प्रदर्शन किया। दल 2 का नेतृत्व करते हुए वे नक्सलियों की सीधी एवं भारी गोलीबारी में आ गए थे। उन्होंने स्टाफ को प्रेरित किया और वीरतापूर्वक स्थिति का सामना किया।

श्री देवेन्द्र कश्यप भी दल 3 में बहादुरी से बंदूक की लड़ाई लड़ रहे थे और उन्होंने 12 गोलियां चलाईं। उन्होंने बहादुरी से अपने दल का मार्गदर्शन किया और नक्सली हमले का दो टूक जवाब देने में सफल रहे। उन्होंने अपने कर्तव्य की मांग से अधिक असाधारण साहस, अनुकरणीय नेतृत्व और उत्तरदायित्व का प्रदर्शन किया। अपने दल का नेतृत्व करते हुए वे नक्सलियों की सीधी भारी गोलीबारी के बीच आ गए थे। उन्होंने न केवल स्टाफ को प्रेरित किया और बहादुरी से स्थिति का सामना किया बल्कि उचित कट ऑफ लगाने के लिए उपयुक्त टुकड़ी का मार्गदर्शन भी किया।

इस प्रकार पुलिस दल दो वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराने में सफल हुआ जिनसे एक 5.56 एमएम इंसास राइफल, एक 12 बोर की बंदूक, 5.56 एमएम के 35 जिंदा राउंड, 2 इंसास मैगजीन, एक टिफिन बम और अनेक अन्य अभिशंसी सामग्रियों बरामद हुई और समीरा उर्फ सीमा, सचिव नगरी एरिया कमेटी और अमिला, सीपीआई (माओवादी) के मणिपुर प्रभाग की विभागीय सीएनएम यूनिट सचिव के रुप में पहचान हुई। दिनांक 12.06.2012 को गांव चमेडा की ओर उत्तर-पश्चिम दिशा में मुठभेड़ स्थल से लगभग 3 किमी. दूर एक स्थान से एक और वर्दीधारी महिला नक्सली अरुणा, क्षेत्र समिति सदस्य, गोबरा दलम का शव बरामद हुआ। यह संभवत: वही समूह था जो झोलारव में नक्सलियों की सहायता के लिए आ रहा था।

पुलिस अधीक्षक, गरियाबंद इस सफल अभियान के मुख्य नायक थे। उन्होंने व्यक्तिगत रुप से यह सुनिश्चित करने के लिए कर्त्तव्य से बढ़कर कार्य किया कि पुलिस दलों की आवाजाही का मार्ग पर सतर्कता बनी रहे जिससे पुलिस दल नक्सली घात से बचने के साथ-साथ नक्सलियों की मदद करने वाले समूह को दो टूक जवाब देने में सफल रहा। इस प्रकार पुलिसकर्मी घायल नहीं हुए और उनके गढ़ में नक्सलियों को भारी क्षति पहुंचाने और भारी मात्रा में बरामदगी करने में सफल हुए। क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण नक्सली कैडरों के शवों की बरामदगी अपने आप में एक विशिष्ट साहसिक कार्य है। उन्होंने अनुकरणीय नेतृत्व, अपने साथियों पर कमांड और नियंत्रण तथा रणनीतिक निर्णय लेने की क्षमता का प्रदर्शन किया। श्री देवेन्द्र कश्यप और श्री नितिन उपाध्याय के वीरतापूर्ण कार्य के परिणामस्वरुप पुलिस दल को बड़ी उपलब्धि मिली।

बरामदगी:

क्रम सं.	सामग्री
1.	5.56 एमएम इंसास राइफल-01
2.	12 बोर सिंगल बैरल-01
3.	इंसास मैगजीन-02
4.	5.56 एमएम के जिंदा राउंड-35
5.	पाइप बम-01
6.	315 बोर के गोलाबारुद-05
7.	315 बोर का खाली खोखा-01
8.	टिफिन बम (3 किग्रा.) – 01
9.	मोटोरोला वायरलेस सेट-01
10.	डेटोनेटर-05
11.	देसी कट्टा-01
12.	मल्टीमीटर-01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री देवेन्द्र कश्यप, कंपनी कमांडर और नितिन उपाध्याय, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31.05.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 51-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री बिजेन्द्र, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

कांस्टेबल बिजेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल बलजीत, कांस्टेबल संदीप के साथ दिनांक 10/11.09.2012 की मध्य रात्रि में रात 11.00 बजे से सुबह 6.00 बजे तक कमला नगर पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में बीट सं. 10 (एस.एन. मार्ग) पर गश्त पर थे। रात्रि में लगभग 12.30 बजे तीनों पुलिसकर्मी जी.बी. रोड पर एचडीएफसी बैंक के एटीएम के पास खडे थे, जब एक व्यक्ति, बाद में जिसका नाम और पता इरशाद पुत्र इस्तियाक, निवासी मकान सं. 1323, विजय पार्क, भजनपुरा, दिल्ली पाया गया था, अपनी गरदन के दायीं और चाकू के घाव के साथ उनकी ओर भागता हुआ आया। उसके सभी कपड़ों और चेहरे पर खून लगा हुआ था। उसने उनके सामने भाग रहे 4 लड़कों की ओर इशारा किया और बताया कि इन लड़कों ने उसकी पिटाई की और कोठा नम्बर 57, जी.बी. रोड़ की सीढ़ियों के नीचे हुई हाथापाई में उसे चाकू मार दिया है। उपर्युक्त तीनों पुलिस कर्मियों ने हमलावरों का पीछा करना शुरु कर दिया।

थोड़ी दूर तक पीछा करने के बाद, कांस्टेबल बिजेन्द्र ने एक लड़के को पकड़ लिया, बाद में जिसका नाम आकाश पुत्र ओम प्रकाश, निवासी सीपीओ 26 मदनगीर, दिल्ली बताया गया। यह देखकर कि उनका एक साथी पकड़ा गया है, अन्य दो व्यक्ति, जिनके नाम और पता बाद में मनोज पुत्र भगवान सिंह, निवासी मकान सं. 97, गली सं. 5 करावल नगर, दिल्ली और आशीष बहुगुणा पुत्र गजेन्द्र कुमार, निवासी 852, सेक्टर-3, पुष्प विहार, साकेत निकला, रुके और अपने साथी आकाश को छुड़ाने के लिए कांस्टेबल बिजेन्द्र के साथ हाथापाई शुरु कर दी। इसी बीच, एक और लड़का, बाद में जिसका नाम सूरज पुत्र विजय कुमार, निवासी सी-1/917, मदनगीर, दिल्ली निकला, को कांस्टेबल संदीप ने पकड़ लिया। आकाश सूरज की तरफ चिल्लाया और उसने कांस्टेबल बिजेन्द्र को चाकू मारने के लिए कहा ताकि वे कांस्टेबल के चंगुल से निकल सकें। यह सुनकर, सूरज ने स्प्रिंग से चलने वाला एक चाकू निकाला और उससे कांस्टेबल संदीप के चेहरे को घायल कर दिया। घायल होने की वजह से कांस्टेबल संदीप की पकड़ ढीली हो गई और सूरज कांस्टेबल संदीप की पकड़ से मुक्त होने में सफल हो गया। फिर सूरज कांस्टेबल बिजेन्द्र की ओर बढ़ा और उनके सीने के बांयी ओर चाकू मार दिया। गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद कांस्टेबल बिजेन्द्र ने आकाश पर अपनी पकड़ को ढीला नहीं किया। इसी बीच, दो और कांस्टेबल नामत: कांस्टेबल रवि मान और कांस्टेबल करनैल सिंह, जो गश्त ड्यूटी पर ही थे, घटनास्थल पर पहुंच गए। तब सभी पुलिस कर्मियों ने चारों आरोपियों को दबोच लिया और उन्हें पकड़ लिया तथा उनसे अपराध का हथियार बरामद किया। कांस्टेबल बिजेन्द्र और कांस्टेबल संदीप को बाद में एलएनजेपी अस्पताल भेजा गया। घायल होने की वजह से कांस्टेबल बिजेन्द्र की मृत्यु हो गई और अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत लाया घोषित कर दिया।

कांस्टेबल बिजेन्द्र ने ड्यूटी के दौरान अपनी जान को खतरा होने के बावजूद अनुकरणीय साहस और अटल कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया। यह जानते हुए कि उनके सीने में चाकू लगा है, उनके मन में मृत्यु का भय नहीं आया। उक्त आरोपी व्यक्तियों को पकड़ने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी।

की गई बरामदगी:

01. चाकू

इस एक्शन में (स्व.) श्री बिजेन्द्र, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.09.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 52-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. बिन्देश्वर प्रसाद महतो,
उप निरीक्षक

2. अनिमेष कुमार गुप्ता,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

खरसवान पुलिस थाना के प्रभारी उप निरीक्षक अनिमेष कुमार गुप्ता को ओ/सी कुचाई पुलिस थाना उप निरीक्षक बी.पी. महतो से यह सूचना मिली कि जोनल कमांडर कुमदान पाहन और अजय महतो, मिसिल बेसरा, विनोद, लाल सिंह हेमब्रम, अनल दा, परीक्षित मुंडा, महाराज प्रमाणिक, राममोहन मुंडा, प्रमिला के नेतृत्व में लगभग 200-250 का एम सी सी (माओवादियों) का जत्था और विभिन्न अन्य काडर पुलिस थाना क्षेत्र में किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की मंशा से एकत्रित हुए हैं और जेआरसी बैठक करने की तैयारी में हैं। इस सूचना के संबंध में दिनांक 11.05.2013 को कुचई पुलिस थाने में स्टेशन डायरी प्रविष्टि सं. 196 दर्ज की गई थी। इस सूचना का सत्यापन उप निरीक्षक अनिमेष कुमार गुप्ता और ओसी कुचई द्वारा किया गया और यह जानकारी सही पाए जाने पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। इस सूचना के आधार पर दिनांक 11.05.2013 को मुख्यालय में आईजी कार्यालय ज्ञापन 1079/सी के तहत एक विशेष अभियान की रुपरेखा बनाई गई जिसमें नक्सलियों पर छापा मारने और तलाशी लेने की जिम्मेदारी सौंपते हुए आक्रमण दल के रुप में दो समूहों का गठन किया गया। कोबरा बटालियन-209 के समूह का नेतृत्व ओ/सी कुचई पुलिस थाने को तथा अन्य अधिकारियों एवं जवानों सहित जगुआर असॉल्ट समूह का नेतृत्व ओ/सी खरसवान पुलिस थाना के उप निरीक्षक अनिमेष कुमार गुप्ता को सौंपा गया जिन्हें छतनीबेरा शिलाघाटी क्षेत्र में छिपे हुए उन नक्सलियों पर छापा मारने और तलाशी लेने की जिम्मेदारी दी गई जो किसी भी प्रकार का नरसंहार करने के लिए तैयार बैठे थे। इन सबके अतिरिक्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और अन्य पुलिस बलों को अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया। दोनों आक्रमण दल दिनांक 12.5.2013 को शिलाघाटी और छतनीबेरा के लिए रवाना हुए। तलाशी अभियान के दौरान दिनांक 13.05.2013 को प्रात: 9 बजे आक्रमण दल शिलाघाटी पहुंच गए। तत्पश्चात् दोनों आक्रमण दल तलाशी करते हुए सुबह 10:15 बजे छतनीबेरा पहाड़ी क्षेत्र पहुंच गए जहां एमसीसी माओवादियों का एक दल घात लगाने के बेहतर स्थान पर पोजिशन ले रहा था जिनमें से परिचित मुंडा, लालसिंह हेमब्रम और ऊपर उल्लिखित अन्य दुर्दांत माओवादियों के साथ इंटेलीजेंस जोनल कमांडर कुंदन पाहन ने एक के बाद एक तीन आईईडी बारुदी सुरंगों का विस्फोट किया। तत्पश्चात् माओवादी काडरों ने दोनों आक्रमण दलों को मारने तथा उनके हथियार और गोलाबारुद छीन लेने के उद्देश्य से दोनों आक्रमण दलों पर भारी गोलाबारी करना आरंभ कर दिया। लेकिन उप निरीक्षक अनिमेष कुमार गुप्ता ने अनुकरणीय साहस, सूझबूझ, टीम-भावना और कार्य के प्रति समर्पण का परिचय दिया और अपने अभियान दल को इस प्रकार पुन: व्यवस्थित किया जिससे माओवादियों द्वारा तीन आईईडी विस्फोट और जबरदस्त गोलाबारी किए जाने के कारण केवल 209 कोबरा बटालियन के जवान कांस्टेबल/डी. एम. शंकर लिंगम, कांस्टेबल/जीडी सुबीश ए.के. और हेड कांस्टेबल/जीडी सुनील कुमार सिंह घायल हुए। उप निरीक्षक अनिमेष कुमार गुप्ता और ओ/सी कुचई ने माओवादियों द्वारा किए गए विस्फोट की जवाबी कार्रवाई की तथा अन्य पुलिस दल के साथ आत्मरक्षा के लिए गोलियां चलानी शुरु कीं। जब मुठभेड़ में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तब ऊपर उल्लिखित माओवादियों के दल नेताओं के साथ 200-250 दुर्दांत सशस्त्र काडरों ने भी इसका प्रत्युत्तर दिया और उन्होंने 2000-2500 राउंड गोलियां चलाईं। लेकिन उप निरीक्षक अनिमेष कुमार गुप्ता और उप निरीक्षक बी.पी. महतो ने छापामार दलों से इस प्रकार सूचना ग्रहण की कि सशस्त्र बलों को कोई और क्षति नहीं हुई। यह मुठभेड़ अपराह्न 3 बजे तक चलती रही। इसके बाद माओवादी स्वयं को कमज़ोर स्थिति में पाकर घने जंगल और पर्वतीय क्षेत्र का लाभ उठाकर मुठभेड़-स्थल से भाग निकलने के लिए विवश हो गए।

बरामदगी:

i)	7.62 एसएलआर	-01
ii)	7.62 मिमी. गोलाबारुद	-129
iii)	खाली केस	-06
iv)	देशी ग्रेनेड	-01
v)	डेटोनेटर	-04

vi) मैग एसएलआर -03

vii) गोलाबारुद पाउच -01

viii) पिट्ठु -01

ix) चाकू -01

x) 533/-रु.

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री बिन्देश्वर प्रसाद महतो, उप निरीक्षक और अनिमेष कुमार गुप्ता, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.05.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 53-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. गाजी राम मीना, पुलिस महानिरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
2. क्षितीन्द्र प्रकाश खरे, उप महानिरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
3. उमेश जोगा, पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
4. हरि सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
5. यू.सी. तिवारी, निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
6. बाल गोपाल तिवारी, हेड कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23.12.2011 की रात्रि में सुंदर पटेल के कुख्यात और वांछित डकैत गिरोह के बारे में सूचना प्राप्त होने पर पुलिस महानिरीक्षक रीवां श्री जी.आर. मीना, उप महानिरीक्षक, के.पी. खरे, पुलिस अधीक्षक, रीवा, श्री उमेश जोगा और पुलिस अधीक्षक, सतना श्री हरि सिंह यादव और पुलिस बल के साथ सतना जिले में हरदी जंगल के लिए रवाना हुए जहां पुलिस दल 4 समूहों में बंट गई। उसके बाद ठिठुरती ठंड में घने जंगल, उबड़-खाबड़ क्षेत्र और कंटीली झाड़ियों को पार करते हुए लगभग सुबह 5 बजे वे डकैतों के छिपने के स्थान पर पहुंचे तथा उसे घेर लिया तथा डकैतों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा लेकिन पुलिस की चेतावनी सुनने के तुरन्त बाद डकैतों ने अपशब्द कहे और पुलिस बल को मार देने की मंशा के साथ अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे। डकैतों ने जहां चट्टान की चौड़ी दीवार के निकट पोजीशन ले रखी थी और उसका इस्तेमाल एक मजबूत मोर्चे के रुप में कर रहे थे वहीं पुलिस बल ने पास की झाड़ियों में खुले मैदान में पोजीशन ली हुई थी, जहां कांस्टेबल सुनील तोमर और राजेन्द्र सिंह डकैतों की गोलीबारी से बाल-बाल बचे थे। जब इन कांस्टेबलों की जान पर बन आई थी, उसी समय महानिरीक्षक श्री मीना ने डकैतों पर गोलियां चलाईं और उन्हें बचा लिया। इसी बीच डकैतों ने गोलीबारी करना जारी रखा जिससे उप निरीक्षक अनिमेश द्विवेद्वी और कांस्टेबल अनिल तिवारी घायल हो गए। इस मुश्किल घड़ी में श्री जी.आर. मीना ने तुरन्त अपनी एके-47 राइफल से डकैतों पर गोलियां चलाकर पुलिस के इन जवानों को बचा लिया। इसी बीच छिपने के अड्डे की तरफ बढ़ रहे तीन पुलिस कर्मियों के एक दल पर एक डकैत ने गोली चला दी जिससे हेड कांस्टेबल शोभरन सिंह घायल हो गए, पुन: उसी

डकैत ने निशाना साधा लेकिन श्री मीना ने खतरे को भांप लिया था और अपनी जान की परवाह किए बगैर तुरन्त खड़े हुए और डकैत पर गोली चला दी, गोली डकैत को लगी और वह गिर पड़ा। श्री जी.आर. मीना लगातार पुलिस बल का मनोबल बढ़ाते रहे, उन्हें लड़ने की प्रेरणा देते रहे तथा घायल जवानों की चोटों पर पट्टियां बांधी। इसी बीच कांस्टेबल भारोशरण भी घायल हो गए। इस कठिन क्षण में उप महानिरीक्षक के.पी. खरे, पुलिस अधीक्षक उमेश जोगा, पुलिस अधीक्षक हरि सिंह यादव अपनी जान जोखिम में डालकर आगे बढ़े तथा डकैतों पर गोलियां चला दीं जिसके कारण बचे हुए तीन डकैत ढेर हो गए। मुठभेड़ के चलने के दौरान कुछ डकैत एक पहाड़ के पास भी छिपे हुए थे, जहां से उन्होंने पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरु कर दीं, जिसके कारण निरीक्षक यू.सी. तिवारी और हेड कांस्टेबल बाल गोपाल तिवारी, जो घायल पुलिस जवानों को सुरक्षित निकालने के क्रम में पहाड़ से नीचे की तरफ आ रहे थे, बाल-बाल बचे। दोनों ने तत्काल डकैतों पर गोलियां चलानी शुरु कर दी जिससे डकैत भाग निकले। इस मुठभेड़ में निरीक्षक यू.सी. तिवारी और हेड कांस्टेबल बाल गोपाल तिवारी ने अत्यधिक संतुलन और धैर्य बनाए रखते हुए गोलियां चलाई और अपने सहयोगी पुलिस जवानों की जान बचाने में सफल रहे। यह एक काफी नजदीकी लड़ाई थी जिसमें लगभग 2 घंटों तक पुलिस और डकैतों के बीच भारी गोलीबारी चलती रही। इस प्रकार, श्री जी.आर. मीना, श्री के.पी. खरे, श्री उमेश जोगा, श्री हरि सिंह यादव, श्री यू.सी. तिवारी और श्री बाल गोपाल तिवारी ने अदभुत शौर्य का प्रदर्शन किया। क्षेत्र की तलाशी लिए जाने पर पांच डकैतों के शव मिले। उनकी पहचान गिरोह सरगना सुंदर पटेल, खरदूषण, भोला मवासी, नत्थू मवासी और श्रीपाल पटेल के रुप में हुई।

इस प्रकार इस भीषण मुठभेड़ में श्री जी.आर. मीना ने अनुकरणीय नेतृत्व और अभियान संबंधी असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे बढ़कर प्रशंसनीय रुप से अपने जवानों का नेतृत्व किया तथा अपने साथियों को बचाने के लिए तथा साथ ही साथ कुख्यात डकैतों को मार गिराया जाना सुनिश्चित करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया।

बरामदगी:-

1. एक 306 बोर अर्ध स्वचालित राइफल, 4 जिंदा कारतूस
2. एक 30-30 मैनचेस्टर राइफल, 35 जिंदा कारतूस
3. एक 256 बोर राइफल, 31 जिंदा कारतूस
4. दो 315 बोर राइफल, 22 जिंदा कारतूस
5. एक 12 बोर राइफल, 10 जिंदा कारतूस
6. ऊपर उल्लिखित हथियारों के खाली केस-103

दैनिक इस्तेमाल की वस्तुएं: 05 कैरी बैग, कंबल, ऊनी शॉल और कपड़े।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गाजी राम मीना, पुलिस महानिरीक्षक, क्षितीन्द्र प्रकाश खरे, उप महानिरीक्षक, उमेश जोगा, पुलिस अधीक्षक, हरि सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक, यू.सी. तिवारी, निरीक्षक और बाल गोपाल तिवारी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.12.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 54-प्रेज/2015—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री डी.वी.एस. भदौरिया,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 02 सितम्बर, 2005 को पुलिस अधीक्षक, जिला ग्वालियर को होम गार्ड सैनिक गौतम शर्मा के माध्यम से सहसारी नहर के निकट कोन्दोन जंगल में डकैत भरत यादव के अपने पांच सशस्त्र सहयोगियों के साथ मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई जिनका इरादा रात में सहसारी गांव से किसी व्यक्ति का अपहरण करने का था। उन्होंने आगे इसकी सूचना दूरभाष पर उप निरीक्षक आर.एस. भदौरिया, एस.एच.ओ. पुलिस थाना मोहना को सत्यापन और कार्रवाई के लिए दी। इसके साथ-साथ, पुलिस अधीक्षक ने एसडीओपी घटीगांव और

श्री डी.वी.एस. भदौरिया, एस.एच.ओ. पुलिस थाना पुरानी छावनी को उपलब्ध बल के साथ तुरन्त पुलिस थाना मोहना पहुंचने का आदेश दिया। जैसे ही एस.डी.ओ.पी. और निरीक्षक डी.वी.एस. भदौरिया पुलिस थाना मोहना पहुंचे, बल को तीन दलों में विभाजित कर दिया गया। निरीक्षक डी.वी.एस. भदौरिया, एस.एच.ओ. पुलिस थाना पुरानी छावनी तथा उप निरीक्षक आर.एस. भदौरिया एस.एच.ओ. पुलिस थाना मोहना को क्रमश: दल सं. 1 और 2 का नेतृत्व करने को कहा गया। उन्हें क्रमश: दक्षिण और उत्तर-पश्चिम से डकैतों की घेराबंदी करने तथा घात लगाने का कार्य सौंपा गया। श्री जगन्नाथ मरकम, एसडीओपी "कट ऑफ पार्टी" के रुप में निर्धारित तीसरे दल के प्रभारी बने रहे और ईश्वरी की पुलिया पर तैनात किए गए। उचित ब्रीफिंग के पश्चात् सभी दलों ने सरकारी वाहनों में गांव सहसारी तक 10 किमी. का रास्ता तय किया, वहां से सभी दल पैदल चले और दिनांक 02.09.2005 को लगभग 2400 बजे मुखबिर द्वारा बताए गए स्थानों पर घात लगाकार बैठ गए। वह एक असुरक्षित समतल स्थान सा था जो छोटी झाड़ियों से चारों तरफ से खुला था। दिनांक 03.09.2005 को लगभग 0100 बजे कुछ टार्च लाइटें दल नं. 1 और 2 की तरफ आते हुए दिखीं। जब सशस्त्र डाकू, जिनकी संख्या पांच थी, लगभग 100-150 गज की दूरी पर रह गए, तब निरीक्षक डी.वी.एस. भदौरिया और उप निरीक्षक आर.एस. भदौरिया ने उनसे समर्पण करने तथा हथियारों को नीचे रखने के लिए आवाज दी लेकिन उन्होंने पुलिस दलों पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरु कर दी। दोनों पुलिस अधिकारियों ने पुन: उनसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, परन्तु उन्होंने अपशब्द कहे और उनके अनुरोध को अनसुना कर गए। तब पुलिस दलों को आत्मरक्षा हेतु गोलियां चलाने का आदेश दिया गया। पुलिस की लगातार गोलीबारी से डकैत घबरा गए और पुलिस दलों पर गोलियां बरसाना जारी रखा। इस महत्वपूर्ण घड़ी में निरीक्षक डी.वी.एस. भदौरिया ने अपने बल का मनोबल बढ़ाया तथा उन्हें डकैतों को घेर लेने तथा अपनी रक्षा के लिए गोलियां चलाते रहने का आदेश दिया। ऐसी भयानक परिस्थिति में लगातार गोलाबारी के बीच निर्भीक और अडिग रहते हुए उन्होंने अनुरकणीय साहस का परिचय दिया और अपनी जान की लेशमात्र भी परवाह नहीं की। निरीक्षक डी.वी.एस. भदौरिया, उप निरीक्षक आर.एस. भदौरिया, होम गार्ड सैनिक गौतम शर्मा, कांस्टेबल सुरेश परमार, कांस्टेबल सुनील यादव, कांस्टेबल रणवीर सिंह, कांस्टेबल अजय, कांस्टेबल महेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल चौबे सिंह गुर्जर और कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह सर्वाधिक जोखिम और असुरक्षित खुले स्थान में रेंगते हुए आगे बढ़े और डकैतों पर अचूक निशाना लगाया जिसके परिणामस्वरुप दो डकैत चीत्कार करते हुए जमीन पर गिर पड़े। इससे बाकी बचे डकैतों का साहस जवाब दे गया और वे अंधेरे का लाभ उठाकर भाग खड़े हुए। यह मुठभेड़ एक घंटे तक चली, जिसके बाद सूर्योदय होने पर दिनांक 03.09.2005 की सुबह तलाशी अभियान चलाया गया। इसमें दो एसबीबीएल बंदूक और जिंदा तथा खाली राउंड बरामद हुए। मृतक डकैतों की पहचान निम्नानुसार की गई:-

1. गिरोह का सरगना भरत पुत्र सिरदर यादव निवासी केमरार पुलिस थाना गोवर्धन, जिला शिवपुरी, जिसके ऊपर 15000/-रु. का इनाम रखा गया था।

2. डकैत दामो उर्फ दामोदर पुत्र सिरदार, निवासी केमरार, पुलिस थाना गोवर्धन, जिला-शिवपुरी, जिसके ऊपर 15000/-रु. का इनाम रखा गया था।

इस पूरे अभियान में निरीक्षक डी.वी.एस. भदौरिया ने अंतिम क्षणों तक लड़ते रहने की अदम्य इच्छाशक्ति के साथ-साथ साहस, बहादुरी, धैर्य और दृढ़ता के जबरदस्त सम्मिश्रण का परिचय दिया। उन्होंने अपने कर्तव्य के निर्वहन के प्रति उत्कृष्ट शौर्य, अटूट हिम्मत और बुद्धिमानी का प्रदर्शन किया तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर दोनों ओर से हुई गोलाबारी के दौरान खुले मैदान में डकैत के निकट पहुंचने के लिए रेंगते रहे।

बरामदगी:-

1.	12 बोर एसबीबीएल	-02
2.	.315 बोर देशी	-01
3.	जिंदा राउंड 12 बोर	-11
4.	खाली राउंड 12 बोर	-12
5.	जिंदा रांड .315 बोर	-01
6.	खाली राउंड .315 बोर	-06
7.	दैनिक इस्तेमाल की वस्तुएं: कपड़े, बैग, बर्तन आदि।	

इस मुठभेड़ में श्री डी.वी.एस. भदौरिया, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.09.2005 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 55-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. गिरिधर नागो अतराम, (मरणोपरान्त)
   पुलिस नायक
2. यशवंत अशोक काले,
   उप पुलिस अधीक्षक
3. प्रकाश वेंकट वाघमारे,
   पुलिस उप निरीक्षक
4. सदाशिव लखमा मादवी,
   पुलिस नायक
5. गंगाधर मदनैय्या सिदम,
   पुलिस नायक
6. मुरलीधर सखाराम वेलाडी,
   पुलिस कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री यशवंत अशोक काले बतौर उप पुलिस अधीक्षक दिनांक 01.06.2010 को महाराष्ट्र पुलिस सेवा में शामिल हुए थे तथा दिनांक 19.09.2012 से वे गढ़चिरौली जिले के जिमालगट्टा सब-डिवीजन के एस.डी.पी.ओ. के पद पर कार्य कर रहे थे।

श्री प्रकाश वेंकटराव वाघमारे वर्ष 2013 से बतौर पुलिस उप निरीक्षक विशेष अभियान दस्ता, अहेरी (नक्सल-रोधी अभियानों को चलाने वाली एक विशिष्ट टीम, जिसे स्थानीय तौर पर सी-60 टीम के नाम से जाना जाता है) में तैनात थे।

एन.पी.सी. सदाशिव लखमा मादवी और एन.पी.सी. गंगाधर मदनैय्या सिदम दोनों वर्ष 2003 से विशेष अभियान दस्ता, अहेरी (सी-60 टीम) में तैनात थे। दोनों, वर्तमान में विशेष अभियान दस्ता, अहेरी (सी-60) में दल कमांडरों के रुप में कार्य कर रहे हैं। सदाशिव मादवी नक्सलियों के साथ 18 मुठभेड़ों में हिस्सा ले चुके थे और अब तक 3 नक्सलियों का खात्मा करने में सफल रहे हैं। गंगाधर सिदम नक्सलियों के साथ हुई 11 मुठभेड़ों में शामिल रहे थे और अब तक उनके हाथों 8 नक्सली मारे जा चुके हैं।

उनके अतिरिक्त, शहीद एन.पी.सी. गिरिधर नागो अतराम वर्ष 2008 से विशेष अभियान दस्ते में शामिल थे। उन्होंने नक्सलियों के साथ हुई छह मुठभेड़ों में हिस्सा लिया हुआ था और दो नक्सलियों को मौत के घाट उतार चुके थे तथा पुलिस कांस्टेबल मुरलीधर सखाराम वेलाडी बतौर कांस्टेबल वर्ष 2012 में विशेष अभियान दस्ते में शामिल हुए थे।

दिनांक 10.04.2014 को लोक सभा चुनाव, 2014 नक्सली हमले के जबरदस्त खतरे के साये में आयोजित किया गया तथा नक्सलियों ने चुनाव के बहिष्कार की घोषणा कर रखी थी। पी.एस.आई. प्रकाश वाघमारे के नेतृत्व में दल कमांडर सदाशिव मादवी और उनके साथियों को जमालगट्टा सब-डिवीजन में आशा मतदान केन्द्र पर लोक सभा चुनाव 2014 के सुरक्षित आयोजन के संबंध में ई.वी.एम. मशीनों सहित मतदान-कर्मी दल की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यह घने वनों से आच्छादित एक पर्वतीय और अत्यंत दूरस्थ क्षेत्र था जो नक्सलियों द्वारा घात लगाए जाने की दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त था। इस दल ने आशा मतदान केन्द्र पर सफलतापूर्वक चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराई तथा मतदान समाप्त होने के बाद दिनांक 10.04.2014 को ही ई.वी.एम. मशीनों सहित आशा मतदान केन्द्र से रेपानपल्ली आधार शिविर चल दिए। वे नैनगुंडम गांव पहुंचे तथा रात होने पर वन क्षेत्र में रुक गए।

तत्पश्चात्, दिनांक 11.04.2014 को लगभग 0930 बजे मतदान-कर्मियों के दल के साथ यह पुलिस दल नैनगुंडम से रेपानपल्ली के लिए रवाना हुआ। पुलिस दल अभी मुश्किल से कुछ किलोमीटर ही आगे गया था और जब वे टोंडर क्रासिंग के निकट थे, तब पी.एस.आई. वाघमारे को सड़क के दोनों ओर घने जंगलों और पहाड़ों में संदिग्ध और अप्रत्याशित आवाजाही के बारे में पक्की खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। आगे आने वाले खतरे को भांपते हुए आर.एफ. दूरसंचार सेट पर इसकी सूचना एस.डी.पी.ओ. जिमालगट्टा, श्री काले, एस.डी.पी.ओ. को दी, जिन्होंने पुलिस दल को यह आश्वासन दिया कि वे अपने कुछ आदमियों के साथ पुलिस दल की सहायता हेतु शीघ्र रवाना हो रहे हैं।

जैसे ही पी.एस.आई. वाघमारे और उनका दल बढ़ा, चंद मिनटों में 70-80 सशस्त्र नक्सलियों, जो पहले से सड़क के दोनों ओर पहाड़ की ऊंचाइयों पर योजना बनाकर घात लगाए बैठे थे, पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करके जबरदस्त हमला बोल दिया। इसके बाद रुक-रुक कर क्लेमोर सुरंगों के विस्फोट होने लगे जो उन्होंने सड़क के किनारों पर पहले से बिछाया हुआ था। पी.एस.आई. वाघमारे और दल कमांडर सदाशिव मादवी इस हमले से बिना डरे तुरंत हरकत में आए तथा जवाब देना शुरु किया। मतदान कर्मियों और ई.वी.एम. के महत्व और सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए पी.एस.आई. वाघमारे ने अपनी जान को जोखिम में डालकर अपने दल के साथ उन्हें शारीरिक कवच प्रदान कर उनकी सुरक्षा की।

इसी बीच, एस.डी.पी.ओ. काले, दल कमांडर गंगाधर सिदम तथा माइन प्रोटेक्टिव वाहन में सवार कुछ व्यक्तियों के साथ घात-स्थल की ओर चल पड़े। टोंडर क्रासिंग पर वे एक ऐसी सड़क पर पहुंचे, जो नक्सलियों द्वारा अवरुद्ध कर दी गई थी। एस.डी.पी.ओ. काले ने आसन्न खतरे को भांप लिया, अपने जवानों को सावधान किया तथा अवरोध हटाने का प्रयास करने लगे। जब यह कार्य किया जा रहा था, तभी नक्सलियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। नक्सली हमले की परवाह न करते हुए, एस.डी.पी.ओ. काले और एन.पी.सी. गंगाधर सिदम अपने जवानों के साथ नक्सलियों को गोलाबारी से जवाब देते हुए बड़ी दिलेरी के साथ हमले की दिशा में बढ़ने लगे। इसी क्षण नक्सलियों ने एक आई ई डी विस्फोट किया और एस.डी.पी.ओ. काले बाल-बाल बचे। बिना डरे वे और उनके जवान घात-स्थल पर पहुंचे तथा बड़े साहस के साथ घात को छिन्न-भिन्न करते हुए नक्सलियों का हमला झेल रहे मतदान कर्मियों के दल और पुलिस दल की रक्षा की।

इस हमले के दौरान, एन.पी.सी. गिरिधर अतराम, जो पुलिस दल के प्रणेता थे, जवानों के एक दल के साथ नक्सलियों, जो ऊंचाई और प्रभुत्व वाले क्षेत्र में मौजूद थे, द्वारा चलाई जा रही गोलियों और किए जा रहे आई.ई.डी. विस्फोटों से बचते हुए उनकी घात को तोड़ने के इरादे के साथ एक ओर से नक्सलियों की तरफ बढ़े। एन.पी.सी. अतराम अपनी जान को जोखिम में डालकर शत्रु की दिशा में लगातार आगे बढ़ते रहे और नक्सलियों के हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। इस दल के अन्य जवान पी.सी. मुरलीधर वेलाडी, जो अग्रणी स्थिति में थे, बिना किसी भय के नक्सलियों को कड़ा जवाब देते हुए उनकी तरफ बढ़े और अपनी जान की परवाह न करते हुए घात को तोड़ने का प्रयास किया।

मतदान कर्मियों के दल की सुरक्षा करने में अपने साहसिक प्रयासों से पी.सी. वेलाडी गंभीर रुप से घायल हो गए, तब पी.एस.आई. वाघमारे नक्सलियों द्वारा की जा रही गोलियों की बरसात के बावजूद घायल पी.सी. वेलाडी को अपने शरीर का ढाल बनाकर उन्हें मतदानकर्मी दल के पास ले आए और उनके जीवन की रक्षा की। अंततः बहादुर पुलिस दलों द्वारा पहुंचाई जा रही भारी क्षति को देखते हुए नक्सलियों को जंगल की ओर वापस भागने के लिए विवश होना पड़ा।

तथापि, नियति ने कुछ और ही सोच रखा था, नक्सलियों की एक गोली एन.पी.सी. गिरिधर अतराम के माथे में आकर लगी और उनका प्राणान्त हो गया। तत्काल दल कमांडर मादवी ने बिना किसी हिचक के उनका स्थान लिया तथा आवश्यक कवर फायर उपलब्ध कराया ताकि किसी और के हताहत होने से बचा जा सके। यहां उन्होंने भारी गोलाबारी, आई.ई.डी. विस्फोटों तथा प्रेशर रिलीज बमों से बचते हुए घात लगाकार किए गए नक्सली हमले से अपने जवानों और मतदान कर्मियों की रक्षा करने में अदभुत नेतृत्व क्षमता और शौर्य का परिचय दिया।

एस.डी.पी.ओ. काले ने सूचना पर तुरन्त कार्रवाई की तथा भारी गोलाबारी के बीच फंसे पुलिस और मतदानकर्मी दल को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रहे। उन्होंने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और आगे बढ़कर अपने जवानों का नेतृत्व किया। पी.एस.आई. वाघमारे और उनके जवानों ने भी घात लगाकर किए गए हमले में निर्भीकता दिखाई और अपने कर्तव्य पर डटे रहे। ई.वी.एम. और मतदान दल के कर्मियों की रक्षा कर उन्होंने राष्ट्र के प्रजातांत्रिक मूल्यों को भी कायम रखा। इस कार्य में उन्होंने अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए अत्यधिक साहस और शौर्य का परिचय दिया।

इसके अतिरिक्त, इस घटना के चंद दिनों बाद ही आसूचना एजेंसियों ने यह विश्वस्त जानकारी साझा की कि इस मुठभेड़ में घायल दो नक्सली काडरों की अगले दिन मृत्यु हो गई और उनके शवों को नक्सलियों ने जंगल में दफना दिया है।

बरामदगी:

i) 32 इंच लंबाई और 2.5 इंच व्यास की लोहे की पाइप।

ii) बिजली के तारों के तीन बंडल।

iii) काले रंग के कैमरे की फ्लैश स्विच

iv) एके-47 राइफल के 7 खाली केस

v) एस एल आर राइफल के 5 खाली केस

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्व.) गिरीधर नागो अतराम, पुलिस नायक, यशवंत अशोक काले, उप पुलिस अधीक्षक, प्रकाश वेंकट वाघमारे, पुलिस उप निरीक्षक, सदाशिव लखमा मादवी, पुलिस नायक, गंगाधर मदनैय्या सिदम, पुलिस नायक और मुरलीधर सखाराम वेलाडी, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.04.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 56-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	गणपत नेवरु मादवी हेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक -मरणोपरान्त)
2.	अतुल श्रवण तावडे पुलिस उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
3.	अंकुश शिवाजी माने पुलिस उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
4.	विनोद मेसो हिकामी पुलिस नायक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
5.	सुनील तुकाडु मादवी पुलिस कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक-मरणोपरांत)
6.	इंदरशाह वासुदेव सदमेक पुलिस नायक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.10.2013 को आसूचना आधारित जानकारी प्राप्त होने एवं अपर पुलिस अधीक्षक (प्रचालन) गढ़चिरौली द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के आधार पर पुलिस उप निरीक्षक तावडे और पुलिस उप निरीक्षक माने, चार दल कमांडरों अर्थात एन.पी.सी. सदमेक, एन.पी.सी. हिकामी, हेड कांस्टेबल एद्धव कुमारे और हेड कांस्टेबल चंद्रैय्या गोदारी ने और उनके दलों के साथ पुलिस थाना इटापल्ली, जो नक्सलियों के गढ़ वाला इलाका है, के क्षेत्राधिकार में हिदुर जंगल क्षेत्र में नक्सल-रोधी तलाशी अभियान छेड़ा। जब ये दल पैदल हिदुर जंगल क्षेत्र के पर्वतीय और घने जंगल वाले क्षेत्र से गुजर रहे थे, तब लगभग 1030 बजे पुलिस दलों पर 100-150 अज्ञात सशस्त्र नक्सलियों ने अचानक हमला बोल दिया जो पहले से घात लगाए बैठे थे। अचानक हुए इस हमले से बिना डरे पी.एस.आई. तावडे और पी.एस.आई. माने ने अपने जवानों को तत्काल पोजिशन लेने तथा साथ ही साथ नक्सलियों की गोलियों का जवाब देने का आदेश दिया। नक्सलियों की संख्या अधिक होने पर ध्यान दिए बिना पी.एस.आई. तावडे अपने जवानों के साथ नक्सलियों पर गोलाबारी करते रहे। जबकि पी.एस.आई. माने अपने कुछ आदमियों के साथ दोनों तरफ से होने वाली भारी गोलाबारी के बीच नक्सलियों के पीछे चले गए तथा लगातार बढ़ते रहे और जबरदस्त गोलाबारी में नक्सलियों को उलझाए रखा जो लगभग एक घंटे तक चलती रही। इस प्रकार पुलिस दल द्वारा तगड़ी जवाबी कार्रवाई के कारण नक्सलियों को अपना सामान छोड़कर भागने पर विवश होना पड़ा। इस मुठभेड़ में, पुलिस दल दो महिला नक्सलियों को मार गिराने तथा उनके हथियार और गोलाबारुद जब्त करने में सफल रहा। इस मुठभेड़ के दौरान, दल कमांडर अर्थात् एन.पी.सी. हिकामी और एन.पी.सी. सदमेक ने असाधारण साहस का प्रदर्शन किया और नक्सली हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। वस्तुतः, इन पुलिस कर्मियों ने अपनी जान को जोखिम में डालकर नक्सलियों की घात को छिन्न-भिन्न कर दिया और अपने जवानों की जान बचाई।

तत्पश्चात्, जब पी.एस.आई. तावडे और पी.एस.आई. माने के नेतृत्व में ये दल जंगल से होकर आ रहे थे तथा पूर्व घटनास्थल से 5 से 6 किमी. दूर रेकामेटा और टोडगट्टा के बीच थे, तब नक्सलियों ने फिर से उन पर हमला बोल दिया, जो इन पुलिस कर्मियों को

मारने की मंशा से पहले से घात लगाकर बैठे हुए थे। ऐसा होने पर पी.एस.आई. तावडे और पी.एस.आई. माने अचानक हुए हमले से पुन: नहीं घबराए और बड़ी बहादुरी के साथ पुलिस दलों को जमीन पर उपलब्ध सुरक्षित आड़ लेने की सलाह दी तथा आत्मरक्षा के लिए गोलाबारी का जवाब देने के लिए उनका हौसला बढ़ाया। क्षेत्र में पहले से लाभ की स्थिति में रहने के कारण शुरुआती बढ़त होने के बावजूद पी.एस.आई. तावडे और पी.एस.आई. माने ने अपने अनवरत प्रयासों तथा साहसिक जवाबी कार्रवाई के समन्वय के द्वारा पुलिस दलों का मनोबल बखूबी बढ़ाया। इस जवाबी कार्रवाई के दौरान, हेड कांस्टेबल गणपत मादवी और पुलिस कांस्टेबल सुनील मादवी, वे दो बहादुर सैनिक थे जो आगे बढ़कर नक्सलियों से लोहा ले रहे थे और अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने नक्सली घात को सफलतापूर्वक तोड़ दिया। अत: नक्सलियों के पास जंगल में भागने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। तथापि, दुर्भाग्यवश इस मुठभेड़ के दौरान हेड कांस्टेबल गणपत मादवी को गोली लगी और वे शहीद हो गए। जबकि एन.पी.सी. तेजराव रुशी तेलामी नामक एक अन्य कांस्टेबल गंभीर रुप से घायल हो गए।

इस प्रकार, उपर्युक्त पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदर्शित असाधारण शौर्य और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण ने नक्सल प्रभावित इस जिले में कार्यरत अन्य पुलिस कर्मियों के लिए उदाहरण पेश किया है।

की गई बरामदगी:

01. .303 राइफल के कारतूस-17

02. 12 बोर राइफल के जिंदा कारतूस-26

03. हैंडमेड हैंड ग्रेनेड-7

04. अन्य हैंड ग्रेनेड-2

05. पिट्ठू-27

06. सोलर प्लेट-1

07. प्लास्टिक केन-5

08. बैटरी-1

09. 12 बोर राइफल में इस्तेमाल किए गए गोला-बारुद-8

10. एस.एल.आर. राइफल में इस्तेमाल किए गए गोलाबारुद-8

11. नक्सली साहित्य के साथ अन्य विविध नक्सल सामग्री

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्वर्गीय) गणपत नेवरु मादवी, हेड कांस्टेबल, अतुल श्रवण तावडे, पुलिस उप निरीक्षक, अंकुश शिवाजी माने, पुलिस उप निरीक्षक, विनोद मेसो हिकामी, पुलिस नायक, (स्वर्गीय) सुनील तुकाडु मादवी, पुलिस कांस्टेबल और इंदरशाह वासुदेव सदमेक, पुलिस नायक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28.10.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 57-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मो. सुवेज महबूब हक,
पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री मो. सुवेज हक (जन्म की तारीख 01.07.1978), पुलिस अधीक्षक, गढ़चिरौली वर्ष 2005 में भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हुए थे। तत्पश्चात् वे अब तक लगातार नक्सल प्रभावित 3 जिलों अर्थात गोंडिया, चन्द्रपुर और गढ़चिरौली में पुलिस अधीक्षक के पद पर रह चुके हैं। उनके नेतृत्व में पुलिस, 1 राज्य समिति सदस्य, 1 क्षेत्र समिति सचिव और 10 अन्य सदस्यों सहित गोंडिया और चंद्रपुर जिलों में नक्सलियों के शीर्ष काडरों को गिरफ्तार कर चुकी है।

दिनांक 25.06.2012 को, उन्होंने स्वेच्छा से पुलिस अधीक्षक, गढ़चिरौली के पद पर कार्यभार ग्रहण किया तथा बल के मनोबल को बढ़ाया जो पूर्व की असफलताओं के कारण बेहद गिरा हुआ था।

9 और 10 दिसम्बर, 2012 की मध्य-रात्रि में पुलिस थाना कोरची के क्षेत्राधिकार में गाँव लेकुरबाड़ी के जंगल-क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सशस्त्र नक्सलियों के ठिकाने के बारे में खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। बल में मुकाबले की भावना जगाने के लिए श्री हक ने तत्काल अभियान चलाने तथा उसका नेतृत्व करने का निर्णय लिया। उन्होंने परिवीक्षाधीन पुलिस उप निरीक्षकों गाडे और राठौड़ के साथ मिलकर अभियान की योजना बनाई और वाहनों में चल पड़े। गडगडा गांव पहुंचने पर वे सभी वाहनों से उतर गए और लक्षित-स्थल, जो उतरने की जगह से लगभग 25 किमी. दूर था, तक पहुंचने के लिए एक रणनीति के तहत दो दलों में बँट गए। श्री हक अपने दलों के साथ पैदल पहाड़ी और घने जंगलों से भरे क्षेत्रों को पार करने लगे, जो नक्सलियों का मजबूत गढ़ था। उन्होंने लेकुरबाड़ी के जंगल में प्रवेश किया तथा तलाशी अभियान आरंभ किया। लगभग 1145 बजे जब ये दल घने जंगलों की तलाशी ले रहे थे, तब 30-35 अज्ञात सशस्त्र नक्सलियों ने अचानक हमला कर दिया जो पूर्व-नियोजित योजना के तहत घात लगाए हुए थे। इन जवानों ने गोलियों की बौछार से अपने को बचाने के लिए तुरन्त पेड़ों और बड़े पत्थरों के पीछे पोजीशन ले ली। अचानक हुए इस हमले से बिना विचलित हुए श्री हक ने एक दल को नक्सलियों का जवाब देने तथा जवानों को अपनी पोजीशन बदलते रहने का आदेश दिया। उन्होंने पीएसआई गार्ड और पीएसआई राठौड़ को भी पूर्वी और पश्चिमी ओर से अपने दल को आगे बढ़ाने तथा इस प्रकार से नक्सलियों को पीछे से घेर लेने का आदेश दिया। श्री हक स्वयं आगे बढ़े तथा नक्सली गोलीबारी का जवाब देने के लिए अपने दल को प्रोत्साहित किया। नक्सलियों ने पुलिस की तरफ भारी गोलाबारी करना जारी रखा तथा लाभ की स्थिति में होने के कारण पुलिस दल का खात्मा करने के लिए तेजी से प्रयास कर रहे थे। तब श्री हक ने नक्सलियों की तरफ एक यूबीजीएल चलाने का निर्देश दिया। पुलिस की तरफ से हो रही प्रभावी जवाबी कार्रवाई के बावजूद नक्सली पुलिस को काबू में करने के लिए बड़ी चुनौती पेश कर रहे थे। श्री हक ने अपना संतुलन बनाए रखा तथा अपने दल को सुरक्षा की आड़ में और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वे स्वयं दल के कुछ सदस्यों के साथ आगे बढ़े तथा नक्सलियों को पुलिस दल की ओर आने से रोकने के लिए काफी गोलियां चलाईं। दोनों ओर से यह गोलीबारी लगभग आधे घंटे तक चलती रही जिसके बाद नक्सली यह समझ गए कि उनका प्रयास निरर्थक सिद्ध होगा और वे भागने में सफल हो गए। श्री हक ने घटना-स्थल तथा इसके आस-पास की तलाशी ली और अपनी जान बचाने के लिए भागे नक्सलियों द्वारा छोड़े गए प्रयुक्त और अप्रयुक्त गोलाबारुद और अन्य सामग्री को बरामद किया।

इन नक्सलियों का पीछा करने के दौरान स्थिति की ओर इंगित कर रहे संकेतकों तथा पंजों के निशान तथा वास्तविक रुप से उपलब्ध खुफिया जानकारी से भी श्री हक को मालूम हुआ कि ये नक्सली निकट के गांवों लेकुरबाड़ी और नवेजारी की तरफ भागकर गए हैं। घात लगाए जाने तथा नक्सलियों द्वारा हमला किए जाने की जबरदस्त संभावना से विचलित हुए बिना उन्होंने नक्सलियों का पीछा करने का निर्णय लिया तथा अंधेरी रात में तलाशी अभियान जारी रखा। रास्ते में नवेजारी गांव के निकट उन्हें यह सूचना मिली कि नक्सली एक विशेष स्थान पर रुक गए हैं। श्री हक अपने दल को लेकर जल्दी से उक्त स्थल पर पहुंच गए तथा वहां से भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार और गोलाबारुद एवं वॉकी-टॉकी सेट बरामद किए।

श्री मो. सुवेज हक, पुलिस अधीक्षक, गढ़चिरौली, जिन्होंने व्यक्तिगत रुप से इस अभियान की योजना बनाई थी, ने पुलिस दल को गंभीर खतरे पर ध्यान दिए बगैर उपर्युक्त अभियान चलाया। उन्होंने असाधारण साहस और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया तथा अपनी जान को जोखिम में डालकर सफलतापूर्वक उनकी योजना को विफल कर दिया। घात लगाए जाने की अत्यधिक आशंका होने के बावजूद उन्होंने तलाशी अभियान जारी रखा तथा भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारुद की बरामदगी की। इस प्रकार श्री सुवेज हक ने अपने जीवन को आसन्न खतरा होने के बावजूद अपने कर्तव्य के निर्वहन के प्रति एक अनूठी पहल और साहस का प्रदर्शन किया।

दिनांक 25.06.2012 को श्री हक द्वारा पुलिस अधीक्षक, गढ़चिरौली का कार्यभार ग्रहण किए जाने के बाद से जिला पुलिस द्वारा 72 मुठभेड़ों, 40 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराए जाने, 66 आग्नेयास्त्रों की जब्ती तथा 67 नक्सलियों के आत्मसमर्पण के जरिए शानदार सफलताएं हासिल की गई हैं। "गढ़चिरौली पैटर्न" के तौर पर व्यापक रुप से ज्ञात उनकी पहल को माओवादियों का मुकाबला करने के लिए रोल मॉडल के रुप में मान्यता दी गई है। इन उपलब्धियों के लिए उन्हें वर्ष 2013 में डीजीपी इन्सिगनिया से सम्मानित किया गया है।

बरामदगी:

(क) लेकुरबाड़ी जंगल क्षेत्र से

(i) एसएलआर के इस्तेमाल किए गए बुलेट कार्टिज-02

(ii) .303 राइफल का जिंदा गोलाबारुद-01

(ख) जंगल क्षेत्र से

(i) .315 मस्केट राइफल का जिंदा गोलाबारुद-570

(ii) 0.22 मिमी. के जिंदा गोलाबारुद -14

(iii) वॉकी टॉकी सेट-02

इस मुठभेड़ में श्री मो. सुवेज महबूब हक, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10.12.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 58-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का छठा बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. पी. संजय सिंह , निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का छठा बार)

2. गीते खामजामुंग, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 06.02.2012 को लगभग सायं 5.30 बजे निरीक्षक पी. संजय सिंह प्रभारी, कमांडो चौकी, लामशांग, इम्फाल पश्चिम जिला को विश्वसनीय जानकारी मिली कि तथाकथित कॉरकौम (पीएलए, यूएनएलएफ, पीआरईपीएके, केवाईकेएल और केसीपी की समन्वय समिति) का एक भाग, घाटी स्थित आतंकवादी समूह, जो सबसे खतरनाक समूह है, इस प्रकार के विधिविरुद्ध क्रियाकलाप करने के लिए फायेंग गांव, इम्फाल पश्चिम जिले के सार्वजनिक क्षेत्र में इधर-उधर घूम रहे हैं, जो गंभीर किस्म के होंगे, जिनका प्रभाव असहनीय रूप से विदारक होगा और परिणाम बेहद भयानक होंगे। विश्वस्त सूचना मिलने पर निरीक्षक पी. संजय सिंह ने 10-असम राइफल्स के दस्ते तथा मुख्यालय 9 सेक्टर के दल से संपर्क किया तथा अपने क्षेत्राधिकार में इम्फाल-कांगचुप सड़क पर तथा इम्फाल से लगभग 14 किमी. की दूरी पर स्थित कादंगबैंड गांव को जाने वाली सड़क जहां दो रास्तों में बंट जाती है, वहां 10 असम राइफल्स के दस्ते और मुख्यालय 9 सेक्टर के दल को तैनात करने की योजना बनाई।

लगभग 6.30 बजे इम्फाल-कांगचुप सड़क पर तैनात कमांडो दल की तरफ दो मोटर साइकिलें आते हुए दिखीं। कमांडो दल के एक कमांडो ने आने वाली दोनों मोटर साइकिलों को रुकने का संकेत दिया। एकाएक दोनों मोटर साइकिलों ने 'यू' टर्न लिया तथा कमांडो दल से बचने के लिए फायेंग की तरफ तेजी से भागीं। निरीक्षक पी. संजय सिंह और उनका दल अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की कतई परवाह न करते हुए अपने चिर-परिचित अर्थपूर्ण तरीके से मुकाबला करने की मुद्रा तथा भूमिगत तत्वों से निपटने में अपेक्षित अत्यधिक उत्तरदायित्व के साथ जिप्सी में कूद पड़े तथा तेजी से भाग रहे भूमिगत तत्वों का तुरन्त पीछा किया। जब पीछा कर रहे कमांडो तेजी से भाग रहे भूमिगत तत्वों के पास पहुंच रहे थे, तब उन्होंने स्वचालित हथियारों से कमांडो पर गोलियां चलाई ताकि कमांडो उनका और पीछा करने से बाज आएं। इस महत्वपूर्ण घड़ी में दल के नेता निरीक्षक पी. संजय सिंह, जिनकी बखूबी सहायता कांस्टेबल जी. खामजामुंग कर रहे थे, तेजी से भाग रहे भूमिगत तत्वों द्वारा निरंतर गोलियां चलाए जाने के बावजूद जबरदस्त धैर्य तथा भूमिगत काडरों को पकड़ने की दृढ़निश्चयी प्रतिबद्धता के साथ उनका पीछा किया और विद्रोहियों की तरफ गोलियां चलाते हुए आगे बढ़े।

निरीक्षक पी. संजय सिंह के नेतृत्व में कमांडो दल के सदस्यों द्वारा लगातार गोलियां चलाए जाने के साथ पीछा जारी रखे जाने कारण तेजी से भाग रही मोटर साइकिल पर सवार एक काडर घबरा गया और मुख्य सड़क के पास गिर पड़ा। निरीक्षक पी. संजय और कांस्टेबल जी. खामजामुंग तुरंत जिप्सी से नीचे कूद पड़े तथा अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए केवल भाग रहे भूमिगत काडरों को पकड़ने के लिए उस दिशा की तरफ भागे, जहां मोटरसाइकिल गिर पड़ी थी। श्री पी. संजय और कांस्टेबल जी. खामजामुंग की अतुलनीय कार्रवाई के दौरान एक काडर को गोली लगी थी। दूसरा मोटरसाइकिल सवार अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया। हालांकि उप निरीक्षक तरुण कुमार सिंह, कमांडो, इम्फाल पश्चिम के नेतृत्व में दूसरे कमांडो दल ने तेजी से भाग रही मोटर साइकिल का

पीछा किया, लेकिन तेजी से भाग रहे भूमिगत अपराधियों द्वारा असामान्य स्थिति का फायदा उठाए जाने के कारण इसका कोई नतीजा नहीं निकला।

लगभग 3-4 मिनट चली इस मुठभेड़ के बाद समूचे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई और बारीकी से तलाशी ली गई तथा गोली लगा एक शव और मैगजीन में दो जिंदा राउंड सहित 7.62 मिमी कैलिबर की एक पिस्तौल तथा चैम्बर में एक खाली केस और बिना रजिस्ट्रेशन नंबर की लाल रंग की एक मोपेड बरामद हुई।

मृतक तथा घटना-स्थल से जब्त हथियारों और गोलाबारुद, मोटर साइकिल तथा अन्य अभिशंसी वस्तुओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(क) मैगजीन में दो जिंदा राउंड और चैम्बर में एक खाली केस सहित एक 7.62 पिस्तौल।

(ख) एक चीन निर्मित हैंड ग्रेनेड।

(ग) एके-47 गोलाबारुद के दो खाली केस।

(घ) एक बटुआ जिसें 20/-रु. थे।

(ङ) एक मोबाइल हैंड सेट।

(च) एक राइटिंग पैड।

(छ) बिना रजिस्ट्रेशन नंबर की चाभियों सहित एक एक्सेस 125 (लाल रंग की)।

इसका संबंध भारतीय दंड संहिता की धारा 307/34, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 20, अधिनियम 25 (1-ग) क, अधिनियम और विस्फोटक सामग्री अधिनियम की धारा 5 के तहत लामशंग पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर मामला सं. 10(2) 2012 से है।

जांच के दौरान आगे के घटनाक्रम

ऊपर उल्लिखित एफआईआर की जांच के दौरान मृतक की पहचान पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक कुख्यात काडर वाहेंगबनाम जयंता सिंह (43 वर्ष) पुत्र डब्ल्यू. हेटोम्बी सिंह, निवासी कुम्बी कांगीजिबुंग मपाल के रुप में हुई।

घटना के बाद के घटनाक्रम

चूंकि मृतक पीएलए, डब्ल्यू. जयंता सिंह पीएलए का कुख्यात काडर था, इसलिए उसके संगठन ने मृतक पीएलए के 'श्राद्ध समारोह' में होने वाले खर्च को वहन किया। दिनांक 11.02.2012 को दो महिलाओं के हाथों 30000/-रु. भिजवाए गए। विष्णुपुर जिले के कमांडो ने जाल बिछाया तथा 30000/-रु. के साथ दोनों वाहकों को पकड़ लिया। इस संबंध में कुम्बी पुलिस थाना में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 17/20 के तहत एफआईआर मामला सं. 4(2)2012 दर्ज है।

इस मुठभेड़ में निरीक्षक पी. संजय सिंह और कांस्टेबल जी. खामजामुंग ने उत्कृष्ट साहस और अपनी जान की तनिक परवाह न करते हुए अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थिति में अपनी चिर-परिचित गंभीरता के साथ प्रतिबद्धता तथा पेशेवर कौशल का जो जबरदस्त परिचय दिया वह न केवल अनुकरणीय है बल्कि दुर्लभ भी है। इस मुठभेड़ के कारण भूमिगत संगठन विशेषकर पीएलए के मनोबल पर जबरदस्त प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री पी. संजय सिंह, निरीक्षक और श्री गीते खामजामुंग, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का छठा बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06.02.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 59-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री टी.सी. चाको,
उप पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बांदीगरे गांव, ईस्ट गारो हिल्स जिले के निकट दुरामा रैंज के घने, अभेद्य जंगलों में जीएनएलए और उल्फा के संयुक्त प्रशिक्षण शिविर/सामान्य शिविर के बारे में विश्वसनीय सूचना के आधार पर उग्रवादियों के बेहद सुरक्षित सामान्य शिविर पर अभियान चलाने के संबंध में श्री टी.सी. चाको, एमपीएस, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), नांगसन और श्री दहिया, सहायक कमांडेंट कोबरा यूनिट के आक्रमण कमान के तहत मेघालय पुलिस स्वाट टीम तथा कोबरा कमांडो के एक दल द्वारा एक अभियान की योजना बनाई गई। आक्रमण दल ने अपने सभी छोटे-छोटे दलों के साथ दिनांक 21.08.2013 को लगभग 21.00 बजे वन में प्रवेश किया और कच्चे रास्तों से होकर 39 घंटे चलने के बाद दिनांक 23.08.2013 को लगभग मध्यान्ह 12 बजे पहाड़ी पर स्थित लक्षित क्षेत्र में पहुंचा।

दक्षिण की ओर, जहां से उग्रवादियों के भागने की संभावना थी, पर तीन छोटे दलों को तैनात करके श्री टी.सी. चाको, एमपीएस, श्री दहिया, सहायक कमांडेंट, कोबरा यूनिट, स्वाट, ईस्ट गारो हिल्स के उप निरीक्षक राबर्ट संगमा वाला आक्रमण दल, स्वाट और कोबरा के कुछ चुनिंदा जवानों के साथ आस-पास के जंगल में आपस में मिलकर लगभग 500 मीटर की दूरी बनाकर चौकसी रखते हुए ऊबड़-खाबड़ जमीन पर सामान्य शिविर की ओर रेंगने लगे तथा उग्रवादियों को अचानक चुनौती देने के आशय के साथ शिविर की ओर बढ़े।

शिविर की पहली झोंपड़ी, जिस पर धूप से बचने के लिए प्लास्टिक कवर था, से 50 मीटर पर दूरी पर रेंगते समय, जब वे तीव्र चढ़ाई को पार कर रहे थे, तब अनेक प्रकार के हथियारों से लैस लगभग 8 से 10 जीएनएलए और उल्फा काडरों ने समुचित आड़ लेकर अपनी लाभ की स्थिति का फायदा उठाकर आक्रमण दल को जमीन पर ही धाराशायी करने तथा आक्रमण दल को आगे बढ़ने से रोकने के लिए एम-16, एके-सीरीज राइफलों से श्री टी.सी. चाको, एमपीएस और कोबरा के सहायक कमांडेंट दहिया के नेतृत्व वाले आक्रमण दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। श्री टी.सी. चाको और कोबरा के सहायक कमांडेंट दहिया, स्वाट के उप निरीक्षक राबर्ट संगमा के नेतृत्व में आक्रमण दल ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलाबारी से उग्रवादियों को चुनौती पेश की और जान को खतरे वाली स्थिति से वापस न मुड़ने बल्कि आ रहे आक्रमण दल पर लगातार गोलाबारी कर रहे उग्रवादियों की ओर बढ़ने में असाधारण शौर्य और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। जब आक्रमण दल पूरे साहस और समर्पण के साथ उग्रवादियों पर गोलाबारी कर रहा था, तब श्री टी.सी. चाको, एमपीएस और श्री दहिया, सहायक कमांडेंट ने उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और धैर्य का परिचय देते हुए उग्रवादियों की जबरदस्त और अंधाधुंध गोलाबारी से अपनी जान की बिलकुल भी परवाह न करते हुए, आक्रमण दल के बाकी सदस्यों द्वारा की जा रही गोलीबारी का कवर लेते हुए आगे बढ़े तथा जीएनएलए जनरल कैम्प के डिप्टी कैंप कमांडर बलसरंग टी. संगमा को मार गिराया जो घातक एम-16 राइफल से गोलियां चला रहा था। इसके अतिरिक्त आक्रमण दल ने जीएनएलए के दो और काडरों को घायल कर दिया। लगभग 2 किमी. क्षेत्र में फैले तथा शिविर में प्रशिक्षण ले रहे लगभग चालीस (40) की संख्या में शेष उग्रवादी घने जंगलों का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। मृतक उग्रवादी से एक एमआई-16 राइफल, दो मैगजीन और कई दस्तावेज बरामद हुए। तकनीकी और लोगों से एकत्र खुफिया जानकारी से यह पुष्टि हुई कि घटना-स्थल पर मारे गए बलसंरग टी. संगमा के अलावा घायल हुए दो और काडरों में से एक की मृत्यु जंगल में हो गई जबकि दूसरा गोलियों से घायल होने के बावजूद भागने में सफल हो गया।

की गई अन्य बरामदगी:

1. 5.56 मिमी. के 41 जिंदा रांउड
2. 7.62 मिमी. के 14 जिंदा राउंड
3. 5.56 मिमी. के 02 खाली केस
4. 03 नॉन इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर
5. 01 केनवूड वॉकी टॉकी सेट
6. 11 शॉटगन जिंदा गोलाबारुद
7. 02 इंच की सेफ्टी फ्यूज
8. 01 मैगजीन पाउच
9. 02 मोबाइल सेट

इस मुठभेड़ में श्री टी.सी. चाको, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.08.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 60-प्रेज/2015—राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री आदित्य गोयनका,
अपर पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

गारो नेशनल लिबरेशन आर्मी (जीएनएलए), जो विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अधीन एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन है, मेघालय राज्य में गारो हिल्स और वेस्ट खासी हिल्स जिले में सक्रिय है। इस संगठन के द्वारा सक्रिय रूप से जघन्य आपराधिक एवं राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है जिसमें फिरौती के लिए नागरिकों, सरकारी अधिकारियों एवं शिक्षकों का अपहरण करने, जबरन उगाही, हिंसक प्रदर्शनों में सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को नष्ट करने, पुलिस कर्मियों एवं नागरिकों की निर्ममतापूर्वक हत्या करने, ऐसे जघन्य कृत्यों के वीडियो बांटने, चुनिंदा रूप से कतिपय समुदायों के घरों पर हमला करने और सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला करने जैसे कृत्य शामिल हैं।

दिनांक 4 अप्रैल, 2012 को लगभग 10:30 बजे अपराह्न में एक स्रोत से सूचना प्राप्त हुई थी कि खेरागालडम क्षेत्र में जीएनएलए के एक्शन कमांडर और उस संगठन में नं. 3 के ओहदे पर तैनात जेन्नी च. मोमिन ऊर्फ रिंगरांग को भारी हथियारों से लैस अन्य 10 उग्रवादियों के साथ देखा गया है। तत्काल श्री आदित्य गोयनका, आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक (आई/सी एस डी पी ओ रेसूबेलपारा) के नेतृत्व में रेसूबेलपारा में तैनात एसडब्ल्यूएटी (स्वाट) टीम को, जिसमें उप निरीक्षक जीआर बोरो, उप निरीक्षक एस एम संगमा, पैट्रिक मारक, बेरिउश इंघी, मादव राभा, ब्लेंसी लिंगकोइ, रेमस संगमा, अर्पिन नोंगप्लांग, कमलेश सिंह, देबिलान सिमियोंग, प्रोबतसोम संगमा, और डोमा मारक शामिल थे, उग्रवादियों को उलझाने के लिए सक्रिय करते हुए लामबंद किया गया।

आश्चर्य को कायम रखने के लिए एसडब्ल्यूएटी टीम ने एक सिविलियन टाटा सूमो वाहन में यात्रा की ओर उन्होंने खेरागालडम एल पी स्कूल से एक किमी. की दूरी पर उस वाहन को छोड़ दिया और वे पहचाने जाने से बचने के लिए वहां से बेहद सूझ बूझ से आगे बढ़ने लगे। गांव पहुंचकर उन्होंने लक्षित घर और आस-पास के घरों पर छापा मारा लेकिन इसका कोई परिणाम नहीं मिला। लगभग 12:50 बजे पूर्वाह्न में जब टीम ने रणनीतिक रूप से वहां से वापसी शुरू की, तभी 10 मिनट बाद लगभग 01:10 बजे पूर्वाह्न में स्कूल से लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर मुख्य सड़क पर रोशनी दिखाई दी, जो दर्शा रहा था कि कुछ वाहन उसी दिशा में आ रहे थे। वहां कोई कवर नहीं था और टीम ने पोजीशन लेने के लिए केवल सड़क के दोनों ओर कच्ची नालियों में उगी झाड़ियों की आड़ का उपयोग किया। आदित्य गोयनका, आईपीएस और उप निरीक्षक, जी आर बोरो, आईसी, रेसुबेलपारा उस तरफ आ रहे दोनों वाहनों की जांच के लिए उनकी ओर बढ़े।

श्री आदित्य गोयनका से लगभग तीस फीट की दूरी पर दोनों वाहन अचानक रूक गए और उन वाहनों से स्वचालित हथियारों से अचानक अंधाधुंध गोलीबारी शुरू हो गई। चूंकि वाहनों की हेडलाइट जल रही थी इसलिए उनकी तेज रोशनी में उस तरफ कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। टीम के शेष सदस्य बमुश्किल कुछ फीट की दूरी पर वाहनों के दोनों ओर नाले के किनारे डटे हुए थे। वाहन में मौजूद उग्रवादियों ने ऊंचे स्थान का लाभ उठाते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की। संपूर्ण टीम ने अपनी जान पर गंभीर खतरे के समक्ष कोई आड़ लिए बगैर सहज रूप से जवाबी गोलीबारी की।

गोलीबारी के दौरान दोनों वाहनों के दरवाजे खुले हुए थे और कुछ उग्रवादी अंधेरे की आड़ में वहां से भाग निकलने में सफल हो गए। उप निरीक्षक, एस एम संगमा, बीएनसी ब्लेंसी लिंगकोइ, बीएनसी कमलेश सिंह, बीएनसी मादव राभा सहित दल के कुछ सदस्यों ने मुड़कर वहां से भाग रहे उग्रवादियों पर पीछे से गोलीबारी की।

अचानक खेरागालडम एल पी स्कूल की दिशा से दल के ऊपर पीछे से गोलीबारी होने लगी। पीछे से किए गए ताजा आक्रमण के मद्देनजर स्वयं कवर लेने और उप-निरीक्षक, जीआर बोरो की सहायता का प्रयास करते समय श्री आदित्य गोयनका, आईपीएस का पैर जख्मी हो गया और उनका ऑपरेशन किया गया। इस मुठभेड के लगभग आधा घंटे तक चलने के बाद अतिरिक्त बलों के वहां पहुंचने पर उग्रवादी वहां से भाग गए।

वाहन के पास नाले में ए.के. राइफल और मैगजीन के साथ एक्शन कमांडर जेन्नी च. मोमिन उर्फ रिंगरांग का शव मिला। वहां से ए.के. और एसएलआर राइफलों के खाली खोखे, जीएनएलए कैडरों के दो पहचान पत्र, सिमकार्डों के साथ दो मोबाइल हैंडसेट और अभिशंसी दस्तावेज बरामद हुए। बरामद की गई ए.के. सीरीज की राइफल एक वर्ष पूर्व घात लगाकर पुलिस के पास से चोरी किए गए थे जिसमें थापा दरेंची में पुलिस बल के पांच सदस्य मारे गए थे। मारे गए उग्रवादियों की पहचान जेन्नी च. मोमिन उर्फ रिंगरांग, जीएनएलए के एक्शन कमांडर, चेनांगबर्थ एम. संगमा (कैडर), रिकसेंग मारक (कैडर) और ग्रेमिलसन मारक (कैडर) के रूप में की गई। एसडब्ल्यूएटी

के दल द्वारा बहादुरीपूर्वक की गई इस कार्रवाई ने जीएनएलए के एक्शन कमांड को पूर्णतया ध्वस्त कर दिया, जो कि सुरक्षा बलों पर अत्यंत दुस्साहसी हमलों, नागरिकों की निर्ममतापूर्वक हत्या, सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को नष्ट करने वाले प्रदर्शनात्मक हिंसक कृत्यों के लिए जिम्मेदार था।

इस मुठभेड़ में श्री आदित्य गोयनका, आईपीएस और अधिकारियों तथा कार्मिकों के उनके दल ने अपनी जान के गंभीर खतरे में होने के बावजूद अनुकरणीय साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। इस दल ने उल्लेखनीय पेशेवर उत्कृष्टता और सतर्क योजना एवं कार्य निष्पादन का प्रदर्शन करते हुए चार दुर्दांत उग्रवादियों को मार गिराने में सफलता हासिल की।

बरामदगी:

i)	मैगजीन के साथ ए.के.47 राइफल	-	01
ii)	जीएनएलए के पहचान-पत्र	-	02
iii)	सिमकार्डों के साथ मोबाइल हैंडसेट	-	02
iv)	बुलेट के अनेक खाली खोखे		

इस मुठभेड में श्री आदित्य गोयनका, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.04.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 61-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. गोयरा टी. संगमा,
उप निरीक्षक

2. कृष्ण प्रसाद पावडेल,
उप निरीक्षक

3. ट्रिपलपर्ल पासी,
बटालियन कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

गांव चिओकग्रे में यूएएलए के कमांडर-इन-चीफ नोरोक एक्स. मोमिन और यूएएलए के अन्य कैडरों की मौजूदगी के बारे में विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर श्री डीएनआर मारक, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, ईस्ट गारो हिल्स, मेघालय के द्वारा मेघालय पुलिस के स्वाट दल और कोबरा के कमांडो को शामिल करते हुए यूएएलए के कमांडर-इन-चीफ नोरोक एक्स. मोमिन और यूएएलए के अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए गांव चिओकग्रे में तलाशी अभियान शुरू करने की योजना बनाई गई। तलाशी दल को दिनांक 20.05.2014 को लगभग 2:30 बजे गांव चिओकग्रे भेजा गया।

गांव चिओकग्रे पहुंचकर उप निरीक्षक गोयरा टी. संगमा के नेतृत्व वाला दल नोरोक के घर की ओर आगे बढ़ गया जो कि संदिग्ध ठिकाना था और जहां यूएएलए के कमांडर-इन-चीफ नोरोक एक्स. मोमिन और यूएएलए के अन्य उग्रवादी ठहरे हुए थे। उस घर के दरवाजे पर पहुंचकर पुलिस दल दो-दो सदस्यों के जोड़े में बंटकर आगे बढ़ा। चूंकि वह सुबह होने से पहले का समय था, इसलिए वहां दृश्यता बेहद कम थी और इस कारण से दलों को बेहद सूझ-बूझ एवं सावधानी से आगे बढ़ना पड़ रहा था। ज्यों ही दल आगे बढ़ा तभी नमी भारी हथियारों से लैस यूएएलए के लगभग 8 से 10 कैडरों ने, जो दल से लगभग 20 फीट की दूरी पर थे, अपने अत्याधुनिक हथियारों से पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप उप निरीक्षक, कृष्ण प्रसाद पावडेल के दाएं पैर में टखने के निकट गोली लग गई।

पुलिस दल ने आत्मरक्षा मे जवाबी गोलाबारी करते हुए उग्रवादियों को चुनौती दी और उन्होंने अपनी जान पर जोखिम की जरा भी चिंता न करते हुए और जान पर खतरे वाली स्थिति में भी आगे बढ़ रहे दल पर लगातार गोलीबारी कर रहे उग्रवादियों की ओर आगे बढ़ते हुए असाधारण साहस एवं संकल्प का प्रदर्शन किया।

पुलिस दल ने अत्यंत जीवट और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ लगातार गोलीबारी कर रहे उग्रवादियों पर गोली चलाई और वे उग्रवादियों की ओर से तीव्र एवं अंधाधुंध गोलीबारी के बीच अपनी निजी सुरक्षा पर बगैर कोई विचार किए आगे बढ़े और तीन उग्रवादियों को मार गिराया जो कि उस शिविर के संतरी थे। बेहद सूझ-बूझ से आगे बढ़ रहे पुलिस दल ने अपने ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे यूएएलए के अन्य उग्रवादियों के ऊपर भी गोली चलाई जिसके परिणामस्वरूप शिविर के भीतर से गोलीबारी कर रहे यूएएलए के दो अन्य उग्रवादी मारे गए। यूएएलए के अन्य उग्रवादी और उसका कमांडर-इन-चीफ नोरोक एक्स. मोमिन, जिसने पुलिस की गोलीबारी से अपनी रक्षा के लिए एक बच्चे को अपनी ढ़ाल बना लिया था, उसका लाभ उठाते हुए वहां से भागने में सफल हो गए। गोलीबारी की लाइन में एक छोटे बच्चे की मौजूदगी के कारण पुलिस दल ने गोलीबारी रोक दी, क्योंकि गोली चलाने पर उस छोटे बच्चे के मारे जाने की संभावना थी और इसी के परिणामस्वरूप यूएएलए का कमांडर-इन-चीफ नोरोक एक्स.मोमिन वहां से बचकर भाग गया। यह गोलीबारी लगभग 15 मिनट तक चली जिसमें यूएएलए के 5 (पांच) उग्रवादी मारे गए।

की गई बरामदगी

1.	ए.के. सीरीज राइफल	-	03
2.	ए.के. सीरीज मैगजीन	-	05
3.	ए.के. राइफल के जिंदा गोलाबारूद	-	110
4.	ए.के. राइफल के खाली खोखे	-	21
5.	तीन मैगजीन वाली पिस्तौल	-	01
6.	7.62 X 25 एमएम के जिंदा गोलाबारूद	-	08

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गोयरा टी. संगमा, उप निरीक्षक, कृष्ण प्रसाद पावडेल, उप निरीक्षक एवं ट्रिपलपर्ल पासी बटालियन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.05.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 62-प्रेज/2015—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री एस. के. एस. प्रताप,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री एस. के. एस. प्रताप निरीक्षक, सीपी/एसएचओ, फेज-।। नोएडा अपने दल के साथ दिनांक 02.01.2010 को एक्सप्रेस हाइवे, सेक्टर-82 के निकट वाहनों की जांच कर रहे थे। तभी यूपी 14 एएल 8817 की नंबर प्लेट लगी हुए एक वैगन आर कार तेज गति से महामाया फ्लाईओवर से उस ओर आई। उन्होंने उस कार को रोकने की कोशिश की लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी। नियंत्रण कक्ष से उस कार की चोरी होने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस दल ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। कार के चालक ने तेज गति से वाहन को चलाकर भागने की कोशिश की लेकिन जीप के चालक ने उस कार से आगे निकलकर आगे से उसके भागने के रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। इस स्थिति में कार सवार बदमाशों ने गोली चलानी शुरू कर दी और वहां से भागने लगे। अचानक हुए इस हमले से विचलित हुए बगैर एसएचओ और उनके दल ने कर्तव्यपरायणता की सर्वोच्च परंपरा, अदम्य साहस एवं वीरता का प्रदर्शन करते हुए हमलावरों से आत्मसमर्पण कराना चाहा लेकिन हमलावरों ने पुलिस दल पर तुरंत ए.के. 47 से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। एसएचओ ने एक निर्णय

लिया और पुलिस कार्मिकों को दो दलों में बांट दिया। इसके दौरान एसएचओ ने हमलाबर को घेरने की योजना बनाई। योजना के अनुसार एक दल ने हमलावर को उलझाए रखने के लिए कवर फायरिंग शुरू कर दी और दूसरे दल ने हमलावर को ललकारते हुए आत्मरक्षा में उसके ऊपर गोलियां चलाईं। अपनी जान की परवाह किए बगैर हमलावर की गोलीबारी की रेंज में प्रवेश करते हुए एसएचओ और उनके दल द्वारा की गई नियंत्रित गोलीबारी के परिणामस्वरूप ए.के.47 से गोलीबारी कर रहा हमलावर घायल होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद हमलावर को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

बरामदगी:

1. मैगजीन, 06 जिंदा कारतूस और 04 खाली खोखे के साथ एक एके47 राइफल।

2. .38 बोर के 02 जिंदा कारतूसों और 04 खाली खोखे के साथ एक रिवाल्वर।

इस मुठभेड़ में श्री एस. के. एस. प्रताप, निरीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02.01.2010 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 63-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. विजय सिंह मीना,
पुलिस अधीक्षक

2. जोगेंद्र कुमार,
पुलिस अधीक्षक

3. बिंद कुमार,
उप निरीक्षक

4. शशि भूषण राय,
उप निरीक्षक

5. अशोक कुमार सिंह,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.04.2012 को श्री जोगेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक, मऊ को गांव-कर्मी मठिया, पुलिस स्टेशन-चिरैयाकोट में कुख्यात एवं इनामी अपराधी धीरज सिंह के साथ एसओजी की पुलिस मुठभेड़ की सूचना प्राप्त हुई और वे कार्रवाई के लिए तत्काल घटना स्थल की ओर रवाना हो गए। अपराधी धीरज और उसके सहयोगी ने कर्मी मठियागांव में रामजी बर्नवाल के घर में जबरन प्रवेश करके उसकी हत्या कर दी थी और उसके 05 वर्ष के बच्चे को अपने कब्जे में लेकर वे पुलिस दल की ओर लगातार गोलीबारी कर रहे थे। इसी बीच श्री गोविंद सिंह, निरीक्षक/थाना प्रभारी, कोतवाली सिटी, मऊ वहां पहुंच गए और उन्होंने अपने पुलिस दल का नेतृत्व करते हुए, दोनों अपराधियों को रणनीतिक रुप से ललकारा और वे अपनी जान की परवाह किए बगैर तथा अनुकरणीय बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए उन्हें जिंदा गिरफ्तार करने के लिए नियंत्रित गोलीबारी करते हुए आगे बढ़े, लेकिन अपराधियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी में वे गंभीर रुप से घायल हो गए और उन्हें उपचार के लिए फौरन अस्पताल ले जाया गया जहां घायल होने के कारण उनकी मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक, मऊ अतिरिक्त बल के साथ वहां पहुंचे और श्री विजय सिंह मीना, पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ भी वहां पहुंच गए और उन्होंने अपराधियों को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी, लेकिन अपराधियों ने पुलिस अधिकारियों की हत्या करने के इरादे से

और अधिक हिंसक तरीके से उनकी ओर लगातार गोलीबारी करना जारी रखा। पुलिस अधीक्षक, मऊ, पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़, सीओ सिटी मऊ, श्री बिंद कुमार एसआई, श्री शशि भूषण राय, एस आई और श्री अशोक कुमार सिंह एचसीएपी ने दोनों अपराधियों द्वारा की जा रही खतरनाक गोलीबारी से बेपरवाह होकर, रणनीति के तहत उनके ऊपर अश्रुगैस से जवाबी हमला किया जिसके कारण एक अपराधी पुलिस दल की ओर बगैर रुके हिंसक तरीके से गोलियां चलाता हुआ घर से बाहर निकल गया और पुलिस दल ने 'करो या मरो' की इस स्थिति में अदम्य साहस के साथ तथा अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर और अपराधी को जिंदा गिरफ्तार करने की प्रतिबद्धता के साथ उसे आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी और अपनी आत्मरक्षा में नियंत्रित गोलीबारी करते हुए निर्भीकतापूर्वक उसके सामने आ गए और वह अपराधी घायल होकर जमीन पर गिर गया।

पुलिस दल ने घर के भीतर से अपने ऊपर भारी गोलीबारी कर रहे अपराधी को पकड़ने तथा बंधक बनाए गए बच्चे को छुड़ाने के उद्देश्य से स्वयं निर्भीकता से हमले की अगुवाई की और उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर और कोई गलती किए बिना अपनी अनुकरणीय बहादुरी के प्रदर्शन और कर्तव्यपरायणता की भावना को दर्शाते हुए घर के भीतर धावा बोल दिया और बंधक बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्होंने नियंत्रित गोलीबारी की जिससे वह अपराधी घायल होकर जमीन पर गिर गया और बंधक बच्चे को सफलतापूर्वक बचा लिया गया। दोनों अपराधियों को बाद में मृत घोषित कर दिया गया और उनकी पहचान कुख्यात अपराधी धीरज और विकास के रुप में की गई।

बरामदगी:

(1) 01 एफ.एम. पिस्तौल मैगजीन सहित, 04 जिंदा कारतूस और 9 एमएम 10 खाली खोखे ।

(2) 01 पिस्तौल, 03 जिंदा कारतूस और .32 बोर के 03 मिस्ड कारतूस।

(3) 03 देशी पिस्तौल, 03 जिंदा कारतूस और .315 बोर के 31 खाली खोखे।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री विजय सिंह मीना, पुलिस अधीक्षक, जोगेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक, बिंद कुमार, उप निरीक्षक, शशि भूषण राय, उप निरीक्षक और अशोक कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.04.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 64-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. राहुल श्रीवास्तव,
उप पुलिस आधीक्षक

2. वशिष्ठ सिंह यादव,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.09.2006 को बेतार पर यह सूचना प्राप्त होने पर कि जांच के दौरान अपराधियों ने बम से हमला करके एक हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी है, निरीक्षक, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद, श्री वशिष्ठ यादव और सी.ओ., सिविल लाइन्स, श्री राहुल श्रीवास्तव फौरन सुभाष चौराहा पर पहुंचे। इस जघन्य कृत्य के बाद एक अपराधी का पीछा कर रहे पुलिस दल के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए और बम फेंकते हुए वहां से निकल कर भागने की कोशिश कर रहा था, जबकि दूसरे अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया था।

राहुल श्रीवास्तव ने शीघ्र ही नियंत्रण कक्ष से और पुलिस बल की मांग की और उन्होंने वशिष्ठ यादव के साथ मिलकर भाग रहे अपराधी का पीछा किया। इसी दौरान वह अपराधी एक गैरेज की दीवार के पीछे छिप गया और वहां से उसने पुलिस दल के सदस्यों की हत्या के निश्चित इरादे से निशाना बनाकर गोलीबारी करनी शुरु कर दी। राहुल श्रीवास्तव और वशिष्ठ यादव ने गोलीबारी से कुशलता से

अपनी रक्षा करते हुए उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा लेकिन उस दुस्साहसी अपराधी ने पुलिस दल पर गोलियों की बौछार कर दी जिसके कारण पुलिस दल ने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलाईं। एक व्यक्ति को बंदूक की नोक पर बंधक बनाते हुए उस अपराधी ने एन.वाई. रोड की तरफ बचकर भागने की कोशिश की, लेकिन वह व्यक्ति सौभाग्य से उसके कब्जे से छूट गया। उस दुस्साहसी अपराधी की चुनौती और दुस्साहस को देखते हुए राहुल श्रीवास्तव ने उसे एन.वाई. रोड से पहले युक्तिपूर्वक घेरने के लिए अतिरिक्त बल की मांग की। जैसे ही राहुल श्रीवास्तव और वशिष्ठ यादव उस अपराधी द्वारा की जा रही गोलियों और बमों की बौछार का बहादुरीपूर्वक सामना करते हुए घेरा डालने वाले दल के साथ आगे बढ़े, दो पुलिस कार्मिक घायल हो गए। इस पर बहादुरीपूर्वक एवं कर्तव्यनिष्ठतापूर्वक प्रतिक्रिया के रुप में राहुल श्रीवास्तव एवं वशिष्ठ यादव के नेतृत्व के अधीन पुलिस दलों ने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलाईं जिससे वह अपराधी घायल होकर एक गली की ओर भागा और वहां से उसने फिर पुलिस दल की ओर एक बम फेंका। स्वयं को संयत रखते हुए राहुल श्रीवास्तव ने एक रणनीति के तहत अपने वाहन चालक को एक दीवार के ऊपर चढ़ने के लिए कहा, जहां से उसने इशारों में उस अपराधी की मौजूदगी वाले स्थान को दर्शाया। ज्यों ही पुलिस दल पुन: आगे बढ़ा, उस आक्रामक अपराधी ने उनके ऊपर गोलियों की बौछार शुरु कर दी जिससे वे बाल-बाल बचे।

श्री राहुल श्रीवास्तव और वशिष्ठ यादव बहादुरीपूर्वक उस गली की ओर बढ़े जहां अपराधी से उनका आमना-सामना हुआ और उन्होंने उसके ऊपर नियंत्रित गोलीबारी की जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। मुठभेड़ में मारे गए अपराधी की पहचान अर्जुन कुमार मिश्रा उर्फ पिंटू मिश्रा के रुप में की गई।

बरामदगी:

1. मैगजीन, 02 जिंदा कारतूसों, 09 खाली खोखे और 9 एमएम बोर की एक अतिरिक्त खाली मैगजीन के साथ एक पिस्तौल।

2. बम और छर्रों के अवशेष।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री राहुल श्रीवास्तव, उप पुलिस आधीक्षक और वशिष्ठ सिंह यादव, निरीक्षक ने असाधारण साहस, अदम्य वीरता और कर्तव्परायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.09.2006 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं.65-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जीवन राम खासवान, कमांडेंट (मरणोपरांत)

2. राजेश शरण, द्वितीय कमान अधिकारी (मरणोपरांत)

3. अशोक कुमार यादव, निरीक्षक (मरणोपरांत)

4. जितेन्द्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सीमा सुरक्षा बल की 107वीं बटालियन का रणनीतिक मुख्यालय बालीमेला, जिला-मलकानगिरी (ओडिशा) में स्थित है, जो देश का बेहद संवेदनशील नक्सल क्षेत्र है। पूर्वी घाट का हिस्सा होने के कारण, सीमा सुरक्षा बल की 107वीं बटालियन की जिम्मेवारी वाले क्षेत्र में घने जंगलों वाला पहाड़ी क्षेत्र आता है। वहां के सामान्य क्षेत्र में नाले और जलाशय चारों ओर फैले हुए हैं, जो उस दुर्गम भू-भाग को

जोखिमयुक्त और कठिन बना देता है। यह नक्सलियों का पुराना गढ़ है। जनजातीय बहुल क्षेत्र होने के कारण नक्सलियों को यहां स्थानीय लोगों को समर्थन हासिल है। श्री जीवन राम खासवान की कमान के अधीन यह यूनिट स्थानीय आबादी के बीच आम शांति कायम करने की दिशा में अत्यंत बेहतर कार्य को अजांम दे रही थी।

जनवरी, 2012 के अंत में जनबाई घाट में एक नई कंपनी ऑपरेशन बेस (सीओबी) की स्थापना की गई, जो ओडिशा के कट-आफ एरिया का द्वार है और नक्सलियों के लिए महत्वपूर्ण है। बटालियन के इस कदम ने नक्सलियों की स्वतंत्र रुप से आवाजाही में बाधा उत्पन्न की। इस क्षेत्र में आधिपत्य कायम रखने और नक्सलियों का मुकाबला करने हेतु अभियान संबंधी रणनीति बनाने के लिए द्वितीय कमान अधिकारी, श्री राजेश शरण ने 08 फरवरी, 2012 से सीओबी, जनबाई घाट में डेरा डाल रखा था। बालीमेला से चित्रकोंडा और जनबाई तक एकमात्र सड़क है, जो दोनों तरफ से घने जंगलों से घिरी हुई है।

दिनांक 10 फरवरी, 2012 को लगभग 0755 बजे निरीक्षक (जी) अशोक कुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक (रेडियो मकैनिक) जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल विष्णु पाणि और कांस्टेबल (चालक) सुवेंदु कुंडु को साथ लेकर कमांडेंट जीवन राम खासवान सैन्य दल को अपनी जिम्मेवारी वाले क्षेत्र में अधिक सावधानीपूर्वक कार्य करने और अधिक सतर्क रहने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए टीएसी मुख्यालय बालीमेला से सीओबी चित्रकोंडा और सीओबी टनल कैंप के लिए रवाना हुए, क्योंकि 11 फरवरी, 2012 को पंचायत चुनावों का आयोजन किया जाना था।

श्री राजेश शरण, द्वितीय कमान अधिकारी सीबीओ चित्रकोंडा में कमांडेंट के साथ हो गए और वाहन (बोलेरो) में लगभग 1220 बजे टीएसी मुख्यालय बालीमेला से निकल गए। 6 कार्मिकों के साथ एक टाटा 207 बोलेरो के आगे चल रही थी और 3 कार्मिकों के साथ एक टाटा सूमो उसके पीछे चल रही थी।

लगभग 1245 बजे जब बोलेरो घने जंगल से होते हुए सीओबी टनल से लगभग 5 कि.मी. की दूरी पर और टीएसी मुख्यालय, बालामेला से लगभग 13 कि.मी. की दूरी पर थी, तभी वह अचानक तीव्र आईईडी धमाके के चपेट में आ गई। वहां ऊंचाई वाले दो प्रमुख स्थानों पर, जिसमें सड़क के एक ओर विशाल पत्थर खड़े थे, नक्सली तैनात थे। ठीक उसी समय लगभग 35-40 नक्सलियों के एक समूह ने, जिन्होंने उपयुक्त योजना के साथ सतर्कतापूर्वक घात लगा रखी थी, उस ऊंचे स्थान से सीमा सुरक्षा बल के दल पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इसमें कमांडेंट और उनका दल गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाबजूद, वे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकलने में सफल हुए और सभी ने पोजीशन लेते हुए नक्सलियों की गोलीबारी का प्रभावी रूप से जवाब दिया। श्री जीवन राम खासवान, कमांडेंट ने अदम्य साहस और अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए वहां पर डटे हुए नक्सलियों को खदेड़ने के लिए उन पर धावा बोल दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वे मैदान में डटे रहे और भारी बाधाओं के सामने उच्च कोटि की वीरता और साहस का प्रदर्शन करते हुए अपनी अंतिम सांस तक गोली चलाई। उन्हें शहादत प्राप्त हुई और उन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

कमांडेंट के शहीद होने के बाद श्री राजेश शरण, द्वितीय कमान अधिकारी ने दल का प्रभार लिया और उन्होंने नक्सलियों की योजना को विफल करने तथा दल के शेष सदस्यों की रक्षा के लिए स्वयं मुकाबला करना और मुकाबला के लिए अपने साथियों का हौसला बढ़ाना जारी रखा। इस बहादुर सैनिक की ओर से अप्रत्याशित जवाब ने नक्सलियों का ध्यान भंग कर उन्हें तितर-बितर कर दिया। यद्यपि, श्री राजेश शरण सुरक्षित स्थान में डटे हुए नक्सलियों के समक्ष खुले स्थान में थे, तथापि, उन्होंने अपनी अंतिम सांस तक शेर जैसे दिल से मुकाबला किया और उन्होंने अनुकरणीय साहस तथा अदम्य वीरता का प्रदर्शन करते हुए शहादत प्राप्त की।

ऐसी स्थिति के बावजूद निरीक्षक (जी) अशोक कुमार यादव ने बुरी तरह से क्षतिग्रस्त वाहन से किसी तरह से बाहर निकलकर स्वयं को युक्तिपूर्वक पोजीशन किया और नक्सलियों की गोलीबारी का प्रभावी रूप से जवाब दिया। निरीक्षक (जी) अशोक कुमार यादव अपने कमांडेंट और द्वितीय कमान अधिकारी के साथ डटे रहे और उन्होंने सुरक्षित स्थान से हमला कर रहे नक्सलियों को उलझाए रखा और उनकी गोलीबारी का जवाब देते रहे। विस्फोट से गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, अनुकरणीय वीरता और अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए और नक्सलियों की गोलीबारी का बहादुरीपूर्वक मुकाबला करते हुए निरीक्षक (जी) अशोक कुमार यादव ने अंतिम सांस तक उन्हें उलझाए रखा। वीरतापूर्वक मुकाबला करते हुए निरीक्षक (जी) अशोक कुमार यादव ने शहादत प्राप्त की।

सहायक उप निरीक्षक (रेडियो मकैनिक) जितेन्द्र कुमार भी विस्फोट से गंभीर रूप से घायल हो गए। वह बुरी तरह से क्षतिग्रस्त वाहन से किसी तरह बाहर निकलने में सफल हुए और अपने आप को युक्तिपूर्वक एवं प्रभावी तरीके से पोजीशन करते हुए वे अपने दल के साथ मोर्चे पर डट गए। उन्होंने बहादुरीपूर्वक नक्सलियों की गोलीबारी का जवाब दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, भारी बाधाओं के बीच सर्वोच्च स्तर की वीरता और साहस का प्रदर्शन करते हुए वे जमीन पर डटे रहे और उन्होंने अंतिम सांस तक गोली चलाई।

उन्होंने शहादत प्राप्त की और राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने नक्सलियों के आक्रमण का जवाब देते हुए निर्भीकतापूर्ण साहस, बंधुत्व भावना और नि:स्वार्थ जोश का प्रदर्शन किया। इन बहादुर सैनिकों द्वारा दिए गए अप्रत्याशित एवं घोर जवाब से भारी संख्या में इकट्ठा नक्सली परेशान हो गए लेकिन उनके द्वारा बहादुर बीएसएफ कमांडरों और कार्मिकों को शुरू में ही घायल कर दिए जाने के कारण वे अपनी पोजीशन को दुरस्त करने और अपना लक्ष्य हासिल करने में सफल हो गए।

बीएसएफ के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा नक्सलियों की सुनियोजित एवं सुविचारित घात का वापस उठकर जवाब देने में उनके द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय मुकाबले की भावना का यह अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने भारी बाधाओं के बावजूद अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और नक्सलियों को उनके पसंदीदा अति सुरक्षित स्थान में भी घायल कर दिया। उनकी उल्लेखनीय वीरतापूर्ण कार्रवाई से नक्सली घायल होकर घात स्थल से निकलकर भागने के लिए मजबूर हो गए और वे इस अभियान को पूरी तरह से जीतने के अपने लक्ष्य में विफल हो गए और इसके परिणामस्वरूप उनके बहुत से कामरेडों की जान बच गई। जोरदार तरीके से उनके वीरतापूर्ण जवाब ने नक्सलियों की मनोदशा को गहरा आघात पहुंचाया। उनके द्वारा प्रदर्शित वीरतापूर्ण एवं अद्वितीय कार्य आने वाले समय में प्रेरणा का कारक बना रहेगा।

बालीमेला घात दल के दो सदस्य, गोपू संदेश और बोड्डू रमेश नामक माओवादियों ने क्रमश: 15 अगस्त, 2012 और 27 अक्तूबर, 2012 को एसपी, सुकमा और डीआईजी, वाइजग के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया है कि विस्फोट के बावजूद बीएसएफ के अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की और बहादुरीपूर्वक मुकाबला किया। घोर शत्रु की ओर से प्रशंसा के शब्द हमारे उन सभी बहादुरों की दिवंगत आत्माओं के प्रति सर्वोत्तम श्रृद्धांजलि है और उनके वीरतापूवर्ण कृत्यों की वास्तविक पुष्टि है।

निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद और अन्य सामान बरामद किए गए:-

1.	पेंसिल बैटरी	-	15
2.	.303 सीटीएन के खाली खोखे	-	04
3.	बिजली का लचीला तार	-	40 मीटर लगभग
4.	सिविल जैकेट (पुरानी)	-	01
5.	.303 सीटीएन के जिंदा राउंड/कारतूस	-	17
6.	.303 राउंड चार्जर क्लिप	-	02
7.	7.62 एम एम बीडीआर के जिंदा राउंड	-	12
8.	7.62 एम एम की चलाई गई गोली के खाली खोखे	-	27
9.	एके-47 की चलाई गई गोली के खाली खोखे बीडीआर	-	64
10.	5.56 एम एम इन्सास के खाली खोखे	-	15
11.	एके 47 रीकॉयल गाइड स्प्रिंग	-	01
12.	एके 47 रिटेनर स्प्रिंग रिटर्न	-	01
13.	9एमएम की चलाई गई गोली के खाली खोखे	-	06
14.	रीकॉयल स्प्रिंग ए के 47	-	01
15.	ग्रेनेड सेफ्टी पिन	-	01
16.	प्लास्टिक वाटर केन (10 लीटर क्षमता)	-	07
17.	प्लास्टिक वाटर केन (05 लीटर क्षमता)	-	01
18.	प्लास्टिक वाटर केन (02 लीटर क्षमता)	-	06
19.	स्टील दल्लू (1लीटर/2लीटर)	-	प्रत्येक 1
20.	ऊनी शॉल	-	01
21.	चावल	-	लगभग 35 किग्रा.
22.	खजूर	-	1 पैकेट (500 ग्राम)
23.	चीनी	-	लगभग 2 किग्रा.
24.	अल्यूमिनियम पतीला 124 इंच साइज	-	1 नई

25. अल्यूमिनियम पतीला 12 इंच साइज	-	1 (पुराना)
26. इलेक्ट्रिक डेटोनेटर	-	01
27. डिजिटल मल्टीमीडिया छोटा	-	01
28. सिप्रोबायोटिक कोर्ट टैबलेट	-	40
29. इंजेक्शन डिकेड्रान	-	02
30. टैबलेट सल्फेमेटाजोल	-	20
31. टैबलेट डिपेन्डाल	-	10
32. टैबलेट पेरीनार्म	-	10
33. टैबलेट पेरीकूल	-	09
34. पॉलीथीन लगभग 2 मीटर	-	01 पीस
35. छोटा बैग	-	01
36. प्रणाली के साथ देशी हथगोला	-	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्व.) जीवन राम खासवान, कमांडेंट, (स्व.) राजेश शरण, द्वितीय कमान अधिकारी, (स्व.) अशोक कुमार यादव, निरीक्षक और (स्व.) जितेन्द्र कुमार सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10.02.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं.66-प्रेज/2015—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. कुलदीप दहिया, सहायक कमांडेंट (वीरता के लिए पुलिस पदक)
2. धर्मेन्द्र राय, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

मेघालय पुलिस को अत्यंत विश्वस्त सूत्रों से ईस्ट गारो हिल्स, मेघालय के घने जंगलों में बने एक शिविर में लगभग 20 वरिष्ठ एवं कनिष्ठ काडरों के साथ प्रतिबंधित जीएनएलए उग्रवादी समूह के प्रमुख कमांडर, सोहन डी. शीरा की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली। तद्नुसार, दिनांक 28.08.2013 को बलजेक एयरपोर्ट, वेस्ट गारो हिल्स में पुलिस महानिदेशक, मेघालय, पुलिस महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था), मेघालय, पुलिस महानिरीक्षक, तुरा रेंज, मेघालय, पुलिस महानिरीक्षक, एनईएस, सीआरपीएफ, पुलिस अधीक्षक, ईस्ट गारो हिल्स, वेस्ट गारो हिल्स और साउथ गारो हिल्स ने कमांडेंट-210 कोबरा के साथ मिलकर आपस में गहन विचार-विमर्श किया और जीएनएलए कैम्प पर धावा बोलकर उसे ध्वस्त करने की बेहद सतर्क योजना तैयार की गई। दिनांक 21.08.2013 को बलजेक एयरपोर्ट वाले स्थान पर सीआरपीएफ की कोबरा टीम और मेघालय पुलिस की एस डब्ल्यू ए टी टीम की संयुक्त रूप से ब्रीफिंग की गई और जिला विलियम नगर के दुरामा हिल्स रेंज के जंगलों में दिनांक 21.08.2013 को 2030 बजे अभियान की शुरूआत की गई। पहाड़ी एवं जोखिमपूर्ण भू-भाग में दो रात की कठिन यात्रा के बाद दोनों दल दिनांक 23.08.2013 को लगभग 0830 बजे जीएनएलए के संदिग्ध

कैम्प के नजदीक पहुंचे। उस क्षेत्र का शुरूआती गहन सर्वेक्षण और वहां के भू-भाग का विश्लेषण करने के बाद विभिन्न बेहतर स्थिति और रणनीति वाले स्थानों में कट-ऑफ तैनात कर दिए गए। कैम्प के पहाड़ी की एक चोटी पर स्थित होने का अंदेशा था और अभियान की रणनीति के अनुसार धावा बोलने वाली टीम बेहद गोपनीयता रखते हुए युक्तिपूर्वक उसकी ओर बढ़ी। ऊंचे स्थान में दुश्मनों के मौजूद होने की स्थिति में ऊपर की ओर चढ़ाई करना बेहद जोखिम भरा और खतरनाक कार्य था लेकिन इसके बावजूद अपने समक्ष खतरे की परवाह किए बगैर दोनों दल कैम्प की ओर आगे बढ़े। जैसे ही श्री कुलदीप दहिया, सहायक कमांडेंट की कमान के अधीन दलों के स्काउट कैम्प के निकट पहुंचे, घनी झाड़ियों के पीछे अस्थायी मोर्चे में छिपे हुए एक विद्रोही ने उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। धावा बोलने वाले दलों ने आत्म रक्षा में तत्काल गोलीबारी का जवाब दिया। जल्द ही कैम्प में मौजूद अन्य विद्रोहियों ने पेड़ों और मोर्चों के पीछे सुरक्षित पोजीशन ले ली और वे गोलीबारी में शामिल हो गए। वहां वेहद नजदीक से घनघोर लड़ाई शुरू हो गई। सैन्य दल को आगे बढ़ने से रोकने और उनको हताहत करने के लिए विद्रोही हथगोले दागने के साथ-साथ अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। तथापि, अपने कमांडर के अधीन सैन्य दल ने विद्रोहियों की गोलीबारी की परवाह नहीं की और उन्होंने गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने की युक्ति को अपनाते हुए कैम्प की ओर बढ़ना जारी रखा। सैन्य दल द्वारा बेपरवाह होकर साथ-साथ आगे बढ़ने और उनके द्वारा कुचले जाने की संभावना को देखते हुए विद्रोही एक-एक करके कैम्प से भागने लगे। विद्रोहियों को वहां से भागते हुए और सैन्य दल के आगे बढ़ने में बाधा डालने के लिए सामने से गोलियों की भारी बौछार करते हुए देखकर श्री कुलदीप दहिया, सहायक कमांडेंट ने दो विद्रोहियों को मारने की जिम्मेवारी ली। उन्होंने कांस्टेबल/जीडी धर्मेन्द्र राय को अपने साथ लिया और वे दोनों एक अलग दिशा से गोलीबारी करने के लिए अपनी जान को जोखिम में डालते हुए, गोलियों की बौछार के बीच ही रेंगते हुए आगे बढ़े। लगभग 50 मीटर तक रेंगकर आगे बढ़ने के बाद वे विद्रोहियों के बगल में पहुंच गए और वहां से भारी गोलीबारी करते हुए उनके ऊपर घातक हमला कर दिया। अलग दिशा से गोलीबारी आते देख विद्रोही ने जवाबी हमला करते हुए उनकी ओर हथगोला फेंका। हथगोले के मारक क्षेत्र के भीतर आने का अनुमान लगाते हुए दोनों बहादुर सैनिक वहां से उछलते हुए कवर लेने के लिए हटे। वह हथगोला उनसे कुछ ही मीटर की दूरी पर फटा और चमत्कारस्वरूप उनकी जान बच गई। धमाके के आघात से उबरते हुए दोनों अत्यंत साहसिक कृत्य का परिचय देते हुए अपने कवर से बाहर आए और अपनी सीमित एवं अचूक गोलीबारी से उन्होंने एक विद्रोही को मार गिराया। गोलीबारी में एक अन्य विद्रोही को भी गोली लगी लेकिन वह घायल स्थिति में भागने में कामयाब हो गया। मुख्य विद्रोही के मारे जाने के परिणामस्वरूप सैन्य दल के लिए सारा रास्ता खुल गया और उन्होंने अंततः उस कैम्प को ध्वस्त कर दिया। कैम्प और उसके आस-पास के क्षेत्र की सैन्य दल द्वारा बेहद युक्तिसंगत तरीके से गहन तलाशी ली गई और उस स्थल से भरी हुई एम-16 राइफल के साथ बलसरंग टी. संगमा नामक जीएनएलए के एक कमांडर का शव बरामद किया गया। अच्छे तरीके से तैयार किए गए अत्यंत सुरक्षित कैम्प से भारी मात्रा में अन्य अभिशंसी वस्तुएं भी बरामद की गईं।

धावा बोलने के अंतिम चरण के दौरान 210 कोबरा बटालियन के श्री कुलदीप दहिया, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी धर्मेन्द्र राय अपनी जान को गंभीर जोखिम में डालते हुए दुश्मन की लगातार भारी गोलीबारी के समक्ष भी आगे बढ़ते गए। दोनों ने कर्तव्य की राह पर उल्लेखनीय साहस और पेशेवर गुणों का प्रदर्शन किया। उनके समर्पण और बहादुरी (रोल मॉडल के लायक) तथा भीषण मुठभेड़ में वस्तुस्थिति की युक्तिसंगत समझ के परिणामस्वरूप एक जीएनएलए कमांडर को मारा जा सका और उनके कैम्प को ध्वस्त किया जा सका। यदि वे दोनों भारी गोलीबारी के बीच युक्तिपूर्वक आगे नहीं बढ़ते और विद्रोही को नहीं मारते, तो यह अभियान इस बल के लिए बड़ी सफलता में तब्दील नहीं होता।

की गई बरामदगी

1.	एम-16 राइफल	- 01
2.	02 मैगजीन	
3.	5.56 एम एम के जिंदा राउंड	- 41
4.	7.62 एम एम के जिंदा राउंड	- 14
5.	5.56 एम के खाली खोखे	- 02
6.	गैर-इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर	- 03
7.	केनवुड वाकी टॉकी सेट	- 01
8.	शॉटगन जिंदा गोलाबारूद	- 11
9.	सेफ्टी फ्यूज	- 2इंच
10.	मैगजीन थैली	- 01
11.	जीएनएलए का काले रंग की टी शर्ट	- 01
12.	मोबाइल हैंड सेट	- 02

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री कुलदीप दहिया, सहायक कमांडेंट और धर्मेन्द्र राय, कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.08.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं.67-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अरविंद सिंह बिष्ट,
उप कमांडेंट

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले को बस्तर क्षेत्र के बुरी तरह से माओवाद से प्रभावित जिलों में से एक माना जाता है, जो सीपीआई के अत्यधिक प्रभावी दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति (माओवाद) के अधीन आता है। माओवादी दावा करते हैं कि यह एक "मुक्त क्षेत्र" है, जहां विशेषकर शासन की स्पष्ट कमी के कारण माओवादियों का आदेश बगैर किसी चुनौती के चलता है। यह क्षेत्र सीपीआई (माओवादी) की तीन मजबूत मिलिटरी कंपनियों और एक मजबूत जनाधार से आच्छादित है। किसी प्रकार की व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से सीआरपीएफ की दो कंपनियों, अर्थात् 150वीं बटालियन के चार्ली और डेल्टा ने छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के पुलिस स्टेशन-चिंतागुफा के अधीन आने वाले चिंतागुफा में अपने कैंम्प स्थापित किए हैं। राज्य विधान सभा चुनाव-2013 के दौरान खतरे की अधिक संभावना के बीच वहां सीआरपीएफ की दो अतिरिक्त कंपनियों, अर्थात् ब्रेवो/117 और फॉक्सट्राट/75 का समावेशन किया गया, जिन्हें मतदान की समाप्ति के पश्चात दिनांक 11.11.2013 को मतदान कर्मचारियों और उनके सुरक्षा कवर के लिए पोलिंग पार्टियों के आवागमन के लिए उस क्षेत्र को साफ करने और सड़कों को सुरक्षित करने का विशेष कार्य सौंपा गया था। उसके बाद इन दोनों कंपनियों को दिनांक 12.11.2013 को वहां से हटाकर डोरनापाल भेजना पड़ा। इस पर विचार करते हुए कि माओवादी छत्तीसगढ़ में चुनाव के पक्ष में नहीं थे और काफी लंबे समय से वे अपने मंसूबों में सफल नहीं हो पाए थे, 150वीं बटालियन के चिंतागुफा बेस कैम्प के मौजूदा वरिष्ठतम अधिकारी, श्री अरविन्द सिंह बिष्ट, उप कमांडेंट के मन में यह आशंका चल रही थी कि माओवादी निश्चित रूप से वापस लौटते समय मतदान पार्टियों को अपना निशाना बनाने की कोशिश करेंगे। उनके विश्वास को उनके पास उपलब्ध आसूचना संबंधी सूचनाओं से और बल मिला। माओवादियों की इस चाल को नाकाम करने के उद्देश्य से उस अधिकारी ने मतदान पार्टियों को सुरक्षित रास्ता प्रदान करना सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी ली। उन्होंने सैन्य दल का नेतृत्व करने का निर्णय लिया और इसलिए वापस लौटने वाली मतदान पार्टियों के रास्ते के सामने स्वयं को पोजीशन किया। कैम्प छोड़ने से पहले उन्होंने सैन्य दल के सदस्यों को इस प्रकार से फैला दिया जिससे मार्ग में पड़ने वाले सभी सुनियोजित स्थान कवर कर लिए गए और उन्हें विस्तारपूर्वक ब्रीफ किया गया। पार्टी ने लगभग 0700 बजे बेस कैम्प छोड़ा और वे सड़क के दोनों ओर के लगभग 200 मीटर क्षेत्र की तलाशी लेते हुए द्रोणपाल की ओर बढ़ गए। सैन्य दल के कुछ सदस्यों को घात वाले संभावित स्थलों को कवर करते हुए रणनीतिक रूप से भी तैनात किया गया था। लगभग 0730 बजे, जब सभी स्काउट बेहद दुर्गम और घनी झाड़ियों वाले क्षेत्र, तमिलवाड़ा नाला के निकट पहुंचने वाले थे, तभी श्री अरविंद सिंह बिष्ट, उप कमांडेंट को कुछ गड़बड़ी का संदेह हुआ और उन्होंने शस्त्र एवं अन्य सैन्य सामग्री लेकर चल रहे वाहनों को वहीं रोक दिया और वे स्वयं एक छोटे दल को साथ लेकर सर्वाधिक संदिग्ध पहाड़ी की ओर उस क्षेत्र को साफ करने के लिए आगे बढ़ गए। उनका इरादा संदिग्ध माओवादी घात/उनकी मौजूदगी से उस क्षेत्र को मुक्त करना था और उसके बाद वाहनों तथा सैन्य दल के उस खतरनाक जोन से गुजरने तक आधिपत्य वाली पोजीशन लेनी थी। इस दल ने पूर्वी दिशा में जंगल में प्रवेश किया और जैसे ही वे पहाड़ी की चोटी के निकट पहुंच रह थे, तभी छिपकर घात लगाकर बैठे हुए माओवादियों ने पार्टी के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। श्री बिष्ट ने स्वयं जवाबी गोलीबारी की और साथ ही साथ अपने सैन्य दल को भारी जवाबी गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने का आदेश दिया। माओवादी पेड़ों और बड़े पत्थरों की ओट में छिपकर वहां से सैन्य दल के ऊपर लगातार गोलीबारी कर रहे थे। सैन्य दल ने गोलियों की परवाह किए बगैर फायर एंड मूव की युक्ति अपनाई और वे आगे बढ़े। माओवादियों की कम संख्या को भांपते हुए और यह महसूस करते हुए कि सड़क पर तैनात सैन्य दल से अतिरिक्त सहायता प्राप्त करने में समय लगेगा, श्री अरविंद सिंह बिष्ट ने माओवादियों के ऊपर जवाबी हमला करने का निर्णय लिया। इसी के अनुसरण में वे दो कांस्टेबलों के साथ किनारे की ओर गए। लेकिन वहां से आगे बढ़ने से पहले ही पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी दिशाओं से उनकी ओर भारी गोलीबारी शुरू हो गई। जल्द ही उन्हें यह महसूस हो गया कि उनका सामना सिर्फ माओवादियों के अग्रिम अथवा कट-आफ-दल से हुआ है

और मुख्य घात वाली पार्टी संभावना से परे संख्या में अधिक बड़ी और काफी भीतर तक फैली हुई थी। सड़क पर तैनात सैन्य दल को गंभीर खतरे में भांपकर उन्होंने अपने छोटे दल को ग्रेनेडों और मोर्टारों का प्रयोग करते हुए माओवादियों को उलझाने का आदेश दिया। जब शेष सैन्य दल मुख्य घात पार्टी के साथ घोर गोलीबारी में लगा हुआ था, तभी श्री अरविंद सिंह बिष्ट विषम परिस्थिति के भीतर अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए कवर से बाहर आ गए और अपने छोटे दल के साथ माओवादियों के समूह की ओर उन्हें ललकारते हुए आगे बढ़े। भारी गोलीबारी के बावजूद वो तेजी से माओवादियों की ओर आगे बढ़े, लेकिन ज्यों ही वे अपने लक्ष्य के नजदीक पहुंच रहे थे, तभी उनकी दायीं जांघ में एक गोली लग गई जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। लेकिन खून के अत्यधिक रिसाव और गंभीर रूप से घायल होने से विचलित हुए बिना उन्होंने सैन्य दल का नेतृत्व करना जारी रखा और माओवादियों के बेहद नजदीक पहुंच गए। कमांडर और उनके सैन्य दल के सदस्यों के मौत को चुनौती देने वाले साहस और अपनी जान को गंभीर जोखिम में भांपकर माओवादी उस क्षेत्र से निकलकर भाग गए। माओवादियों के स्काउटों को अपने स्थानों से भागने के लिए मजबूर करने के बाद श्री अरविंद सिंह बिष्ट वहीं नहीं रूके, उन्होंने आगे मुख्य घात दल पर किनारे से धावा बोलने की योजना बनाई। यधपि वे ठीक से चलने की स्थिति में नहीं थे और भारी पीड़ा में थे, फिर भी उन्होंने माओवादियों पर जवाबी हमला करने के लिए अपने मुट्ठीभर सैन्यदल का नेतृत्व किया। माओवादियों की योजनाओं को विफल करके एक ओर से हमले के लिए सैन्य दल को आगे बढ़ता देखकर माओवादियों ने पीछे हटने का निर्णय लिया। धीरे-धीरे माओवादियों की ओर से गोलीबारी कम हो गई और सैन्य दल द्वारा उस क्षेत्र की गहन तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान सैन्य दल को यह महसूस हुआ कि हर चीज को बारीकी से सोचकर अत्यंत बुद्धिमानी से घात की योजना बनाई गई थी और सैन्य दल को अधिकाधिक हताहत करने के लिए माओवादी दस्तों को रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया गया था। मारक जोन को अच्छी तरह से चिन्हित किया गया था और माओवादियों के सूक्ष्म नियोजन और तैयारी से यह पता चल रहा था कि उन्होंने सड़क पर चल रही सीआरपीएफ की दोनों कंपनियों का खात्मा करके उनके हथियार लूटने की योजना बनाई थी। श्री अरविंद सिंह बिष्ट, उप कमांडेंट द्वारा प्रदर्शित सही निर्णय लेने की समझ, सूझ-बूझपूर्ण दूरदर्शिता, सतर्कतापूर्ण नियोजन, विपरीत परिस्थितियों में साहस और उच्च स्तर के नेतृत्व गुण से इस बल को होने वाली अभूतपूर्व क्षति को टालने में सफलता मिली। माओवादियों की युक्तियों के बारे में उनकी गहरी समझ से यह सुनिश्चित हुआ कि सुरक्षा सैन्य दल माओवादियों द्वारा बिछाए गए जाल में नहीं फंस सका बल्कि इसके विपरीत वे उनके विरुद्ध जवाबी हमला करते हुए इस लड़ाई को माओवादियों के कैम्प के भीतर ले गए। अपने कमांडर श्री अरविंद सिंह बिष्ट द्वारा प्रदर्शित अदम्य हौसले और साहस से उत्साहित सैन्य दल ने प्रभावी रूप से माओवादियों का जवाब दिया और यूबीजीएल तथा मोर्टारों से उनकी घात को तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल होने और भारी मात्रा में रक्त का रिसाव होने तथा चलने की स्थिति में नहीं होने के बावजूद, श्री बिष्ट ने सुनियोजित घात को सफलतापूर्वक तोड़ने के लिए अपने दल का मार्गदर्शन किया और उन्हें प्रेरित किया। एक सही नायक के रूप में श्री अरविंद सिंह बिष्ट, उप कमांडेंट ने सामने रहकर अपने दल का नेतृत्व किया और सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण हालात में असाधारण धैर्य का प्रदर्शन किया जिससे माओवादियों के घृणित इरादों को गंभीर धक्का लगा और जिसके कारण एक बड़ी त्रासदी को टाला जा सका। श्री बिष्ट ने माओवादियों के अचानक आक्रमण के समक्ष सर्वोच्च स्तर के नेतृत्व गुण और विपरीत परिस्थितियों के बीच असाधारण वीरता तथा उल्लेखनीय बहादुरी का प्रदर्शन किया और उन्होंने माओवादियों के घृणित इरादों को नाकाम करने तथा अपने लोगों की बेशकीमती जान बचाने के लिए उनके विरुद्ध जवाबी घात लगाई। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है और उनका बहादुरीपूर्ण कृत्य आने वाले समय में बहुत से लोगों के लिए प्रेरणा के रूप में कार्य करेगा।

इस मुठभेड़ में श्री अरविंद सिंह बिष्ट, उप कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति के पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.11.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 68-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जॉय प्रकाश राजबंशी,
निरीक्षक

2. रामैया करूपिया,
कांस्टेबल

3. जितेन्द्र कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

आईबी से प्राप्त आसूचना संबंधी सूचना में जिला-लातेहर (झारखंड) के पुलिस स्टेशन-मनिका के अंदर पड़ने वाले एक घने जंगल में स्थापित एक कैम्प में अरविंद, बिरसई, मृत्युंजय और इंद्रजीत नामक सीपीआई (माओवादी) के वरिष्ठ लीडरों के साथ-साथ अन्य कनिष्ठ काडरों की मौजूदगी का संकेत मिला था। तदनुसार भारतीय वायु सेना की सहायता से उस क्षेत्र का गहन सर्वेक्षण और थर्मल चित्रांकन किया गया लेकिन कैम्प के वास्तविक स्थान का पता नहीं लग पाया। अत: छानबीन के लिए संदिग्ध स्थानों से मिलते-जुलते स्थान चिन्हित किए गए। एक विशेष अभियान शुरू करने के लिए, जिसे कोड नाम "जाल-3" दिया गया, सिविल पुलिस के घटक के साथ झारखंड जगुआर के 03 हमलावर समूहों और सीआरपीएफ के 11,112,214 तथा 203,209 कोबरा सन्य दलों को शामिल करते हुए छह हमला दलों का गठन किया गया। प्रत्येक हमला दल को लक्ष्य वाले विशिष्ट क्षेत्र दिए गए थे। रांची में मानचित्र और गूगल पर दलों को ब्रीफ करने के पश्चात हमला दलों को दिनांक 11.06.2013 को 1800 बजे कुमनडीह रेलवे स्टेशन और हेहेगढ़ गांव में स्थापित दो अस्थायी लांच पैडों से भेजा गया।

सैन्य दल ने जंगल की गहन तलाशी ली लेकिन नक्सलियों से संपर्क स्थापित नहीं हो पाया। गैर-समावेशन (डी-इन्डक्शन) के लिए 209 कोबरा के सैन्य दल को कुमनडीह लांच पैड पर पहुंचने की जरूरत थी, जहां से उन्हें वापस बेस तक पहुंचाया जाना था। दिनांक 12.06.2013 को लगभग 1730 बजे जब सैन्य दल के सदस्य संपूर्ण रात और दिन के अभियान के कारण बुरी तरह से थके हुए थे और वे कुमनडीह रेलवे स्टेशन पर अपने लांच पैड में प्रवेश करने वाले थे, तभी वहां घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने उनके ऊपर दो विपरीत दिशाओं, अर्थात् उत्तर और दक्षिण से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। नक्सलियों ने एमएओ की इस शिक्षा का अनुसरण करते हुए कि "दुश्मन पर तब हमला करो जब वह थका हुआ हो" घात की सही योजना बनाई थी लेकिन वे सही दुश्मन को चुनने में विफल हो गए। जब नक्सलियों ने गोलीबारी की तब उन्होंने उसका जवाब दिया और घात के विरुद्ध जवाबी मुकाबला शुरू कर दिया। घात के समय निरीक्षक जॉय प्रकाश राजबंशी की कमान में दल सं. 2 मारक जोन से गुजर रहा था और इस प्रकार जब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू की, तब यह दल मारक जोन के बीच में फंस गया। मारक जोन में मौजूद होने के कारण यह दल नक्सलियों की लगातार गोलीबारी की मार को सह रहा था। ऐसे समय पर निरीक्षक/जीडी जॉय प्रकाश राजबंशी इस आक्रमण के आगे झुके नहीं और इसकी बजाय उन्होंने अपने दल को नक्सलियों के ऊपर भारी गोलीबारी करने और यूबीजीएल से गोले दागने का भी आदेश दिया। सैन्य दल द्वारा जवाबी गोलीबारी ने एक हद तक नक्सलियों को बांध दिया। इसका लाभ उठाते हुए निरीक्षक जॉय प्रकाश राजबंशी अपने सहयोगी कांस्टेबल/जीडी आर. कुरूपिया के साथ भारी गोलीबारी और फट रहे गोलों के बीच अपने कवर से बाहर आ गए और वे किनारे से हमला करने के लिए रेंगते हुए पश्चिम की ओर बढ़ गए। किनारे पर पहुंचकर उन्होंने सुरक्षित स्थान पर मौजूद नक्सलियों के ऊपर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। दुश्मन के ऊपर उनके ठोस और साहसी हमले ने अन्य कोबरा सैन्य दलों को आगे बढ़ने और उनके जवाबी-हमले में शामिल होने में मदद पहुंचाई। अपनी बढ़ी हुई ताकत के साथ सैन्य दल फायर एंड मूव की युक्ति अपनाते हुए पश्चिमी किनारे की ओर से तेजी से आगे बढ़ने लगा। इसके साथ ही साथ, रेलवे स्टेशन के भवन के ऊपर पोजीशन लिए हुए लांच पैड की सुरक्षा के लिए तैनात डी/11 बटालियन के कांस्टेबल/जीडी जितेन्द्र कुमार ने नक्सलियों के स्थान को देख लिया और उन्होंने उनके ऊपर अपनी एलएमजी से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में नक्सलियों ने भी उनके ऊपर गोलियां चलानी शुरू कर दीं, लेकिन अदम्य साहस और वीरता का प्रदर्शन करते हुए अपनी जान की परवाह किए बगैर वे वहां से हिले नहीं और जमीन पर डटकर गोलियां चलाते रहे। उनकी सटीक गोलीबारी ने कोबरा सैन्य दल को सुरक्षित ठिकाने में मौजूद नक्सलियों की ओर आगे बढ़ने में मदद पहुंचाई। सैन्य दल द्वारा जवाबी हमले और सटीक गोलीबारी के साथ-साथ कांस्टेबल/जीडी जितेन्द्र कुमार की ओर से एलएमजी द्वारा की जाने वाली सहायक गोलीबारी के परिणामस्वरूप कुछ नक्सली घायल हो गए जिससे उनका मनोबल टूट गया और वे अपने घायल काडरों को लेकर वहां से पीछे हटने लगे। तथापि, सैन्य दल ने कुछ दूर तक नक्सलियों का पीछा किया, लेकिन वे वहां की स्थलाकृति का लाभ उठाते हुए अपने पूर्व-निर्धारित रास्ते से भागने में सफल हो गए।

अभियान के बाद की गई छानबीन से इस मुठभेड़ में एक नक्सली काडर के मारे जाने और तीन के घायल होने (इनमें से एक कोई प्रमुख लीडर था) के संकेत मिले। बाद में इस मुठभेड़ में शामिल एक नक्सली द्वारा, जिसे छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया गया था, इसमें तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की गई। इस मुठभेड़ के दौरान घायल हुए इंदरजीत उर्फ कपिल यादव, ईआरबी कंपनी कमांडर नामक एक प्रमुख नक्सली लीडर को भी, जो अरविंदजी उर्फ देव कुमार, सीसीएम का एक नजदीकी सहयोगी था और मुठभेड के दौरान घायल हो गया था, पटना, बिहार में इलाज करवाते समय गिरफ्तार कर लिया गया। वह इस राज्य के सर्वाधिक दुर्दांत कमांडरों में से एक है और वह सीआरपीएफ के जवान के पेट में बम लगाने में शामिल था। उसने झारखंड के लातेहर, पलामू, गढ़वा और गुमला जिलों में सुरक्षा बलों पर अनेक हमलों की अगुवाई की थी।

इस अभियान के दौरान कांस्टेबल/जीडी जितेन्द्र कुमार ने सर्वोच्च स्तर की बहादुरी का प्रदर्शन किया और इस वास्तविकता को जानते हुए भी कि वे अकेले और बगैर कवर के थे और नक्सलियों की गोलियों का निशाना बन सकते हैं, उन्होंने आगे बढ़ रहे सैन्य दल को समुचित सहायता प्रदान करते हुए नक्सलियों के ऊपर प्रभावी रूप से गोलीबारी की। 209 कोबरा के निरीक्षक/जीडी जॉय प्रकाश राजबंशी और कांस्टेबल/जीडी करूपिया ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर वीरतापूर्वक लड़ाई लड़ी। उनकी गोलीबारी की क्षमता और अनुकरणीय बहादुरी के कारण अनेक नक्सली घायल हुए। उन्होंने न केवल सुरक्षा बल कार्मिकों की जान बचाई, बल्कि नक्सलियों द्वारा सुनियोजित तरीके से और युक्तिपूर्वक लगाई गई घात को भी तोड़ दिया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जॉय प्रकाश राजबंशी, निरीक्षक, रमैया करूपिया, कांस्टेबल और जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.06.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 69-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अरीचे एंथनी महेओ, उप कमांडेंट — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
2. गुरु चरण कालिंदिया, सहायक कमांडेंट — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
3. आशिष रंजन, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

ओडिशा के कोरापुट जिले में पुलिस स्टेशन-पोटंगी के अंदर पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्र में तृतीय सीआरसी (सेंट्रल रीजनल कमांड) के 10-15 माओवादियों के एक विखंडित छोटे दल की मौजूदगी के बारे में आसूचना संबंधी सूचना प्राप्त हुई थी। इस सूचना की प्राप्ति के बाद दिनांक 31.10.2013 को 2100 बजे श्री अरीचे ए. महेओ, उप कमांडेंट के समग्र पर्यवेक्षण के अधीन 202 कोबरा के दलों के साथ एक विशेष अभियान की शुरूआत की गई।

दिनांक 01.11.2013 को लगभग 0900 बजे जब सैन्य दल के सदस्य पहाड़ी और घने जंगल की तलाशी ले रहे थे, तभी श्री गुरु चरण कालिंदिया, सहायक कमांडेंट ने चढ़ाई के दौरान पहाड़ी की चोटी पर कुछ धुआं और हलचल देखी। उन्होंने तुरंत यह जानकारी अभियान के कमांडर श्री अरीचे एंथनी महेओ, उप कमांडेंट के साथ साझा की। कमांडर ने चढ़ाई वाले आगे के भू-भाग का सतर्कतापूर्वक परीक्षण करने और स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद अपने दल को दो हिस्सों में बांट दिया। उन्होंने श्री गुरु चरण कलिंदिया, सहायक कमांडेंट को उस क्षेत्र की ओर सूझ-बूझ के साथ आगे बढ़ने का आदेश दिया, जबकि, वे अपने सहयोगी कांस्टेबल/जीडी आशिष रंजन और दल के कुछ अन्य सदस्यों के साथ आवश्यकता पड़ने पर बाएं किनारे को कवर करने और धावा बोलने के लिए आगे बढ़े।

चूंकि उस समय दिन का उजाला काफी फैला हुआ था, अत: अपने सर्वोत्तम प्रयासों और युक्तिपूर्ण चाल के बावजूद, बेहतर एवं आधिपत्य वाले पोजीशन में तैनात माओवादियों ने सुरक्षा दस्ते को श्री गुरु चरण कलिंदिया, सहायक कमांडेंट की कमान में बढ़ते हुए देख लिया और वे उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी करने के साथ-साथ हथगोले फेंकने लगे। यह देखते हुए कि सुरक्षा सैन्य दल प्रतिकूल स्थिति में था और वे उनके ऊपर आधिपत्य वाली स्थिति में थे, नक्सलियों ने अति सुरक्षित मोर्चों की आड़ लेकर भारी गोलीबारी करते हुए सैन्य दल के लिए उसे एक मारक जोन में तब्दील कर दिया। गोलीबारी की निरंतर बढ़ रही मात्रा से उस स्थान में ठहरना खतरनाक और जोखिम-पूर्ण होता जा रहा था, लेकिन यह जानते हुए कि श्री अरीचे ए. महेओ, उप कमांडेंट द्वारा किनारे से हमला किए जाने तक वहां पर डटे हुए नक्सलियों का ध्यान अपनी ओर खींचे रहना आवश्यक था, श्री गुरु चरण कालिंदिया, सहायक कमांडेंट ने नक्सलियों के आक्रमण का बहादुरीपूर्वक मुकाबला किया और नक्सलियों के ऊपर गोलीबारी करने के लिए अपने सैन्य दल को प्रेरित करते रहे।

नक्सलियों का ध्यान अपनी ओर खींचे रखने की प्रक्रिया में उन्होंने एक चांस लिया और नक्सलियों को मारने के लिए अपने कवर से बाहर आ गए। वे रेंगते हुए कैंप की ओर बढ़े और उन्होंने कुछ नक्सलियों को घायल करके उन्हें कुछ क्षति पहुंचाई । अपनी जान को जोखिम में डालते हुए उन्होंने लड़ाई जारी रखी जो बेहद नजदीक से चल रही थी।

दूसरी ओर अपने सहयोगी कांस्टेबल/जीडी आशिष रंजन और दल के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर श्री अरीचे ए. महेओ ने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और वे युक्तिपूर्वक आगे बढ़ते हुए नजदीकी ऑबजर्वेशन प्वाइंट तक पहुंच गए। नक्सली कैम्प के नजदीक पहुंचकर उन्होंने देखा कि कुछ नक्सली अपने मोर्चों में अति सुरक्षित स्थानों में मौजूद थे और वे सैन्य दल को अधिकतम नुकसान पहुंचाने के लिए वहां से उनके ऊपर लगातार गोलीबारी कर रहे थे। उन्होंने यह भी देखा कि एक माओवादी, जो इन्सास राइफल से गोलीबारी कर रहा था और उसके पास वायरलेस था, माओवादियों की ओर से अभियान का निर्देशन कर रहा था और निरंतर अपनी पोजीशन बदल रहा था। कमांडर को यह समझने में देर नहीं लगी कि वह नक्सली कमांडर था और सभी नक्सलियों को अस्त-व्यस्त करने के लिए सबसे पहले उसे मारने की आवश्यकता थी। उन्होंने कांस्टेबल/जीडी आशिष रंजन के साथ उस नक्सली के अपनी ओर आने तक धैर्यपूर्वक इंतजार किया और जैसे ही वह उनकी ओर बढ़ा, उन्होंने बहादुरी एवं वीरता के उल्लेखनीय कार्य को अंजाम देते हुए अपनी हिप पोजीशन से गोलीबारी करते हुए उसे वहीं ढेर कर दिया। किनारे से हमला होने और अपने कमांडर के मारे जाने से नक्सली भौंचक्का रह गए और उनका मनोबल भी कमजोर पड़ गया। सैन्य दल को दो दिशाओं से आगे बढ़ते देखकर नक्सलियों ने घनी झाड़ियों का लाभ उठाते हुए पहाड़ी की दूसरी ओर भागना शुरू कर दिया।

दोनों ओर से गोलीबारी में नक्सलियों के अभियान को निर्देशित करने वाला माओवादी कमांडर मारा गया और वहां से एक 5.56 एम एम इन्सास राइफल, 47 जिंदा गोलाबारूद, 101 डेटोनेटर, एक वायरलेस सेट, एक हथगोला, एक कैमरा, आईईडी कंट्रोलर और अन्य सामग्रियां बरामद हुई और साथ ही कुछ नक्सली काडर घायल भी हुए।

इस संपूर्ण अभियान में, श्री अरीचे ए. महेओ, उप कमांडेंट ने अपनी जान को गंभीर खतरे में डालते हुए उच्च स्तर की पेशेवरता और कर्तव्यपरायणता के साथ अनुकरणीय साहस एवं बहादुरी का प्रदर्शन किया। श्री गुरु चरण कालिंदिया, सहायक कमांडेंट ने भी अपनी जान की परवाह नहीं की और वे भी अभियान की योजना के पूरा होने तक मारक जोन में डटे रहे। उन्होंने नक्सलियों को उलझाए रखने के लिए न केवल अपने आपको उनकी गोलीबारी के सामने रखा बल्कि उनमें से कुछ को घायल भी किया। कांस्टेबल/जीडी आशिष रंजन हालांकि इस बल में नए थे और उनका सेवाकाल मात्र 01 वर्ष 04 माह का हुआ था, इसके बावजूद उन्होंने अपने कमांडर के साथ कंधा से कंधा मिलाते हुए साहसिक एवं वीरतापूर्ण कार्य का प्रदर्शन किया और नक्सली कमांडर को मार गिराया। उनके प्रशंसनीय कार्य-निष्पादन के कारण से न केवल नक्सली आक्रमण से सीआरपीएफ कार्मिकों की जान बचाई जा सकी, बल्कि इसमें एक प्रमुख नक्सली को मारा भी जा सका जो अपने समूह का नेतृत्व कर रहा था।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अरीचे एंथनी महेओ, उप कमांडेंट, गुरु चरण कालिंदिया, सहायक कमांडेंट और आशिष रंजन, कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम वार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01.11.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 70-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. बिनोद कुमार सिंह, उप कमांडेंट (मरणोपरांत)
2. रामजी राम, उप निरीक्षक (मरणोपरांत)
3. लाल बाबु साह, हेड कांस्टेबल/चालक (मरणोपरांत)

4. श्री राय सिंह, (मरणोपरांत)
हेड कांस्टेबल

5. अशोक कुमार निराला, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

6. बिक्रमादित्य यादव, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बिहार में चक्रबंधा वन अपने रणनीतिक स्थान, अर्थात, जिला मुख्यालय से दूरी, साथ लगे झारखंड और उत्तर प्रदेश के निकटवर्ती राज्यों से बचकर निकलने के मार्गों, उबड़-खाबड़ भू-भाग, घने जंगल की आड़ और खराब संचार सुविधाओं के कारण माओवादियों के लिए सुरक्षित ठिकाना रहा है। अपने मजबूत गढ़ में घुसने और वहां अभियान चलाने से सुरक्षा बलों को रोकने के उद्देश्य से इस क्षेत्र में भारी मात्रा में कार्मिक-रोधी और वाहन-रोधी बारुदी सुरंगें बिछा दी गई हैं।

उस क्षेत्र में दुर्दांत माओवादी नेता अरविंदजी [सीपीआई (माओवादी) की सेंट्रल कमेटी का सदस्य] की मौजूदगी की सूचनाओं पर सीआरपीएफ द्वारा नजदीकी नज़र रखी जा रही थी। एक ऐसी ही विश्वसनीय सूचना पर दिनांक 18.10.2012 को भोर में 205 कोबरा, सीआरपीएफ की 47वीं और 159वीं बटालियन तथा एसटीएफ के सैन्य दलों द्वारा संयुक्त रुप से एक अभियान की शुरुआत की गई। संपूर्ण सैन्य दल को छह प्रहार दलों में विभाजित किया गया। मुख्य प्रहार दल की अगुवाई श्री छोटे लाल, टू आई-सी द्वारा की जा रही थी और उसमें श्री बी.के. सिंह, उप कमांडेंट और 159वीं बटालियन के अन्य अधिकारी एवं कार्मिक तथा एसटीएफ का एक दल शामिल था।

योजनानुसार, यह दल भोर में इमामगंज से रवाना हुआ और गांव सेवरा पहुंचा जिसके आगे का भू-भाग पहाड़ी और जंगल वाला था। बम निरोधक दस्तों की सहायता से विधिवत रुप से सड़क को साफ करने के पश्चात प्रहार दल वहां से आगे बढ़ने लगा। लगभग 0610 बजे जब सैन्य दल गांव-तारचुआं की ओर बढ़ रहा था, तभी उनके ऊपर माओवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। शुरु में माओवादियों ने सड़क के काफी नीचे गहराई में प्लांट किए गए एक शक्तिशाली आईईडी का विस्फोट किया, जिसके बाद उन्होंने काफी तीव्र गोलीबारी की और तत्पश्चात आईईडी के अनेक धमाके किए। सर्वाधिक शक्तिशाली आईईडी का विस्फोट माइन से सुरक्षित वाहन (एमपीवी) के नीचे हुआ जिससे वह वाहन हवा में उछल कर टुकड़े-टुकड़े हो गया। चार और मोटर साइकिलें आईईडी के धमाके के प्रभाव में आ गई और उनके परखच्चे उड़ गए। यात्रा कर रहे एसआई/जीडी रामजी राम और एचसी/चालक लाल बाबु साह गंभीर रुप से घायल हो गए और वे वाहन के अवशेष हिस्सों में उलझ गए। इसमें आठ और कार्मिक घायल हुए लेकिन एचसी/जीडी श्री राय सिंह, कांस्टेबल/जीडी अशोक कुमार निराला और कांस्टेबल/जीडी बिक्रमादित्य यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल होने और खून का तेज रिसाव होने के बावजूद एसआई/जीडी रामजी राम ने विषम परिस्थिति में अत्यधिक धैर्य का प्रदर्शन करते हुए और अपने बाएं हाथ की असहनीय पीड़ा पर काबू पाते हुए, जो कि लगभग अलग हो चुका था और नाकाम हो चुका था, अपने हथियार को वापस थामने में सफलता पाई। एचसी/चालक लाल बाबु साह का हथियार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। एचसी श्री राय सिंह, सीटी अशोक कुमार निराला और कांस्टेबल बिक्रमादित्य यादव, जो कि घात के बीच फंस गए थे और गंभीर रूप से घायल हो गए थे, वे शुरुआती झटके और आघात से बाहर निकलने में सफल हुए और भयंकर पीड़ा एवं वेदना बर्दाश्त करने के बावजूद उन्होंने फौलादी इरादे का प्रदर्शन करते हुए अपने हथियारों को काबू में किया।

सुरक्षा बल कार्मिकों को हताहत करने के अलावा सीपीआई (माओवादी) का मुख्य इरादा उनके हथियार लूट कर अपने शस्त्रागार को मजबूत बनाना था। यह महसूस करते हुए कि सैन्य दल के सदस्य बुरी तरह से घायल हो गए हैं और उनकी ओर से किसी प्रकार के विरोध की संभावना नहीं है, माओवादी घायल कार्मिकों का हथियार लूटने और उन्हें आगे घोर दुख पहुंचाने के लिए उनके ऊपर गोलियां बरसाते हुए और गोले फेंकते हुए आगे बढ़ने लगे। उन्हें पहाड़ी की चोटी पर तैनात मशीन गनों से लैस माओवादियों द्वारा कवरिंग फायर दी जा रही थी। हालांकि सैन्य दल के सदस्य बुरी तरह से घायल थे और उनकी संख्या भी काफी कम थी, लेकिन वे बहादुरीपूर्वक मुकाबला किए बगैर हार मानने वाले नहीं थे। अपने सामने मौत को खड़ा देखकर एसआई/जीडी रामजी राम ने, जो बुरी तरह से घायल थे, उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गंभीर रूप से घायल जवानों में नया जोश पैदा किया और उन्होंने बुरी तरह से कटे हुए बायीं हाथ के बावजूद एचसी/चालक लाल बाबु साह के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे माओवादियों के ऊपर गोलीबारी शुरु कर दी। जीवंत साहस के साथ अन्य तीन घायल कार्मिक उपलब्ध नजदीकी कवर की ओर रेंगते हुए आगे बढ़े और उन्होंने अत्यधिक दृढ़ता तथा बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करते हुए भारी गोलीबारी करना और बीच-बीच में हथगोले फेंकना भी जारी रखा। गंभीर रूप से घायल जवानों की ओर से ऐसे दृढ़ संकल्प एवं जीवट वाली प्रतिक्रिया से दुश्मनों के होश उड़ गए और इससे वे अपने रास्ते में ही रूक गए। दुर्भाग्यवश ये बहादुर कार्मिक जिंदगी की लड़ाई में हार गए और घायल होने से उनकी जान चली गई। उन्होंने घायल बाघ की तरह लड़ाई लड़ी और न केवल लूट-मार करने वाले माओवादियों को दूर रखने में सफलता प्राप्त की, बल्कि हथियार लूटने के माओवादियों के घृणित इरादे को भी नाकाम कर दिया।

श्री बी.के. सिंह, उप कमांडेंट, माओवादियों की ओर से लगातार गोलीबारी के बीच अपने सैन्य दल के घायल सदस्यों को फंसा हुआ देखकर, विस्फोट वाले स्थल की ओर बेहद सूझ-बूझ के साथ आगे बढ़ने लगे और उन्होंने अपने दल को जवाब में भारी गोलीबारी करने का आदेश दिया। घोर जवाबी हमले के जारी रहने के दौरान उन्हें घात वाले जोन से अपने घायल कार्मिकों को बाहर निकालने का अवसर मिल गया। अपने शहीद कार्मिकों के शवों को और घायल कार्मिकों को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के बाद उन्होंने माओवादियों को वहां से आसानी से निकलने और अपनी सफलता का जश्न मनाने का मौका नहीं देने का निर्णय लिया। उन्होंने माओवादियों के ऊपर दूसरी बार जवाबी हमला करने के लिए अपने सैन्य दल को पुन: संगठित किया। माओवादियों ने बेहद सूझ-बूझ से उस स्थल का चयन किया था और वे चारों ओर की पहाड़ी की चोटियों के ऊपर सुरक्षित ठिकानों के पीछे बैठे हुए थे। यह देखते हुए कि माओवादी आधिपत्य वाली ऊंचाइयों पर मौजूद थे और वहां से सैन्य दल की आवाजाही पर नजर रख रहे थे, उन्होंने क्षेत्र के अनुकूल हथियारों की विधिवत सहायता लेते हुए भिन्न दिशाओं से एक ही साथ हमला करने की योजना बनाई। जैसे ही वे अपने हमला दल के साथ आगे बढ़े, उनकी नजर उनके आगे की राह में बाधक एक कतार में बिछाई गई लगभग 15 बारुदी सुरंगों के ऊपर गई। माओवदी, सैन्य दल के ऊपर अपने लगभग अभेद्य एवं सुरक्षित स्थान के साथ-साथ सामने बिछाई गई बारुदी सुरंगों के द्वारा तबाही बरसा रहे थे। उन्होंने सर्वप्रथम बम निरोधक दस्ते की सहायता से बारुदी सुरंगों को निष्क्रिय किया और उसके बाद पहाड़ी की चोटियों की ओर बढ़े। वे उपलब्ध न्यूनतम कवर का उपयोग करते हुए रेंगते हुए माओवादियों के नजदीक पहुंच गए और यूबीजीएल से हथगोले दागते हुए भीषण हमला शुरु कर दिया। सामने से हमले का लाभ मिला क्योंकि इसमें कुछ माओवादी घायल हो गए, जबकि अन्य भौंचक्के रह गए और पीछे हट गए। इस हमले के दौरान सैन्य दल का नेतृत्व कर रहे श्री बी.के. सिंह, उप कमांडेंट गोली लगने से बुरी तरह से घायल हो गए। तथापि, घायल होने से वे विचलित नहीं हुए और उन्होंने बहादुरीपूर्वक हमला जारी रखा। यह लड़ाई बेहद नजदीक से चल रही थी जिसमें माओवादी सीआरपीएफ के कार्मिकों को अधिक से अधिक संख्या में हताहत करने के लिए हथगोलों और भारी गोलीबारी का प्रयोग कर रहे थे। इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए श्री बी.के. सिंह, उप कमांडेंट ने अपने दल को मोर्चों के ऊपर एक के बाद एक हथगोला फेंकने का आदेश दिया जिससे कि वे कुछ और आगे बढ़ सकें और अंतिम हमला शुरु कर सकें। गोलियों की बौछार का बहादुरीपूर्वक सामना करते हुए दल के सदस्यों ने एक के बाद एक करके तेज गति से हथगोला फेंकना शुरु कर दिया। जैसे ही ये हथगोले फटने लगे, माओवादियों के पैर पूरी तरह से उखड़ गए और वे एक-एक करके अपने काडर के घायल साथियों को उठाकर वहां से भागने लगे।

इस मुठभेड़ के दौरान श्री बी.के. सिंह, उप कमांडेंट ने माओवादियों के साथ समर्पण, उत्साह और साहस के साथ लड़ाई लड़ी और अपने कार्मिकों तथा हथियारों को बचाया और सी.आर.पी.एफ. कार्मिकों के शवों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने स्वयं सैन्य दल का नेतृत्व किया और मौत को चुनौती देने वाली बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए माओवादियों को उनके अति सुरक्षित स्थानों से भागने के लिए मजबूर कर दिया। गोलियां लगने के बावजूद उन्होंने हमला जारी रखा और भीषण गोलीबारी में उन्होंने स्वयं गोली चला कर कुछ माओवादियों को घायल कर दिया। इस प्रयास में वे गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। इसी प्रकार, एसआई/जीडी रामजी राम, एचसी/चालक लाल बाबु साह, एचसी/जीडी श्री राय सिंह, कांस्टेबल/जीडी अशोक निराला और सी/जीडी बिक्रमादित्य यादव ने भी माओवादियों के साथ समर्पण, उत्साह और साहस के साथ लड़ाई लड़ी और सी.आर.पी.एफ. कार्मिकों की जान बचाई और उनके हथियारों की भी रक्षा की। वे अपनी सांस तक अथवा घात स्थल से उपचार के लिए ले जाए जाने तक गोलियां चलाते रहे, जिससे न सिर्फ उनके सहकार्मिकों और हथियारों की रक्षा करने में मदद मिली, बल्कि इससे सुरक्षा बलों के हथियार लूटने की माओवादियों की योजना भी विफल हो गई।

की गई बरामदगी:

1) प्रेशर कुकर बम-09

2) इम्प्रोवाइज्ड पाइप आईईडी-06

3) कॉर्डेक्स तार-60 मीटर

4) बिजली के तार-100 मीटर

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्व.) बिनोद कुमार सिंह, उप कमांडेंट, (स्व.) रामजी राम, उप निरीक्षक, (स्व.) लाल बाबु साह, हेड कांस्टेबल/चालक, (स्व.) श्री राय सिंह, हेड कांस्टेबल, (स्व.) अशोक कुमार निराला, कांस्टेबल और (स्व.) बिक्रमादित्य यादव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.10.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 71-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री वी. क्लाईमॉंड जोसेफ, (मरणोपरांत)
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

186वीं बटालियन, सीआरपीएफ की एफ कंपनी अरुणाचल प्रदेश में तैनात की गई थी और यह आतंक-रोधी अभियान चला रही थी। विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सली हिंसा की बड़ी धमकी के कारण तथा राज्य का सुरक्षा घेरा मजबूत करने के लिए उक्त कंपनी को अरुणाचल प्रदेश से छत्तीसगढ़ राज्य जाने का आदेश दिया गया। तदनुसार, यह कंपनी वहां से हटकर उक्त राज्य में तैनात हो गई। इसने दांतेवाड़ा जिले के पुलिस स्टेशन काटेकल्याण के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में अपना कैंप स्थापित कर लिया जो नक्सलवादी गतिविधियों का केन्द्र था। मतदान दिवस, जो दिनांक 11.11.2013 को था, से पहले क्षेत्र को व्यवस्थित करने के लिए, टुकड़ियों ने नियमित रूप से क्षेत्र में अपना आधिपत्य स्थापित किया तथा संदिग्ध मार्गों पर घात लगा कर रखी। मतदान दिवस अर्थात् दिनांक 11.11.2013 को काटेकल्यान, जिला दांतेवाड़ा के अंतर्गत ग्राम-नयनार के मतदान केन्द्र सं 177 के आस-पास के क्षेत्र को अपने नियंत्रणाधीन करने के लिए एफ/186 की एक प्लाटून तैनात की गई। लगभग 1400 बजे, जब उक्त प्लाटून मतदान केन्द्र के आस-पास क्षेत्र में गश्त लगा रही थी, तभी 30-40 माओवादियों के एक गुट ने सुरक्षा बल कार्मिकों को अपने जाल में फसाने और मारने तथा ईवीएम को लूटने के इरादे से सीआरपीएफ की सैन्य टुकड़ियों पर भारी गोली-बारी शुरू कर दी। माओवादियों ने दो ओर से घात लगा रखी थी और अधिक से अधिक सुरक्षा बलों को हताहत करने के लिए भारी गोलीबारी करने के साथ-साथ हथगोले भी फेंक रहे थे। अपनी सैन्य टुकडियों को दो दिशा से होने वाली गोली-बारी में फंसा हुआ पाकर, हेड कांस्टेबल/जीडी वी. क्लाईमॉंड जोसेफ समय पर खरे साबित हुए और अपनी जान की परवाह किए बगैर अग्रिम मोर्चे पर अपनी जगह ले ली और माओवादियों पर गोली चलाई। उन्होंने एक पेड़ के पीछे अपनी पोजीशन संभाल बना ली और भली-भांति मोर्चाबंद माओवादियों को खदेड़ने की मंशा से जोरदार ढंग से जवाबी कार्रवाई की। सैन्य टुकड़ियों से कड़ी चुनौती का सामना करने पर माओवादियों ने अंधाधुंध और भारी गोली-बारी की जिसके कारण सामान्य मतदाताओं तथा मतदान कर्मचारियों की जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। इसे देखते हुए, हेड कांस्टेबल/जीडी वी. क्लाईमॉंड जोसेफ ने उक्त नक्सल घटक को लक्ष्य बनाने का निर्णय लिया जहां से ऑटोमेटिक (स्वचालित) गोली-बारी आ रही थी। इस प्रक्रिया में वे वीरतापूर्वक अपनी आड़ से बाहर आ गए और गोली बारी करके आगे बढ़ने की युक्ति का प्रयोग करते हुए हमला कर दिया। ऐसा करते हुए, उन्होंने मतदाताओं, मतदान कर्मचारियों और अन्य सैन्य टुकडियों को सुरक्षा कवर प्रदान किया। इसके परिणामस्वरूप अन्य सैन्य टुकड़ियां भी उनके कार्य में शामिल हो गई और उनके वीरतापूर्ण ढंग से आगे बढ़ने का संकेत पाकर गोली-बारी करके आगे बढ़ने की तरकीब का प्रयोग करते हुए माओवादियों की ओर आगे बढ़ना शुरू कर दिया। तथापि, इस हमले के दौरान, हेड कांस्टेबल/जीडी वी. क्लाईमॉंड गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए किंतु इससे वे विचलित नहीं हुए और अपने भयंकर दर्द पर नियंत्रण करते हुए, वह जवाबी हमले का नेतृत्व करते रहे। उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई तथा समूह में लड़ने की दृढ़ भावना के कारण, उन माओवादियों, जो भलीभांति सुरक्षित आड़ों के पीछे मोर्चाबंद थे, को शीघ्र पीछे हटना पड़ा। अंततः छत्तीसगढ़ के अत्यधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अपनाई गई लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने के स्पष्ट इरादे से मतदाताओं और मतदान कर्मचारियों को क्षति पहुंचाने, केन्द्र पर कब्जा करने अथवा ईवीएम को नष्ट करने का माओवादियों का प्रयास विफल कर दिया गया। मुठभेड के दौरान, हेड कांस्टेबल/जीडी वी. क्लाईमॉंड जोसेफ की वीरतापूर्ण कारवाई ने माओवादियों को दूर रखा और मतदान दल, सैन्य टुकड़ियों तथा आम जनता जो अत्यधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केन्द्र पर आए थे, के जीवन की रक्षा की। उनके वीरतापूर्ण, निडर तथा साहसी कार्रवाई ने सैन्य टुकड़ियों में नया जोश भर दिया जिन्होंने माओवादियों पर जवाबी हमला करने और उन्हें अपनी जान बचाने के लिए भागने पर मजबूर करने में उनका साथ दिया। बाद में वहां से ले जाने के दौरान, घायल होने की वजह से एचसी/जीडी वी. क्लाईमॉंड की मृत्यु हो गई और वे शहीद हो गए।

इस मुठभेड़ में श्री (स्व.) वी. क्लाईमॉंड जोसेफ, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.11.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 72-प्रेज/2015–राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. पदम सिंह,
कांस्टेबल

2. रविन्द्र भाष्कर,
कांस्टेबल

3. अमित शर्मा,
सहायक कमांडेंट

4. प्रभात कुमार पंकज,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन कुचई, जिला सरायकेला खरसवान (झारखंड) के अंतर्गत आने वाले जंगलों में भारी संख्या में नक्सलवादियों की मौजूदगी के बारे में आसूचना संबंधी जानकारी के आधार पर, 209 कोबरा के 08 दलों तथा झारखंड जगुआर के 02 हमला दलों के साथ दो हमला पार्टियों का गठन किया गया और उन्हें दिनांक 12.05.2013 से 13.05.2013 तक पुलिस स्टेशन कुचई के अंतर्गत ग्राम चटनीबेरा के दक्षिण में घने जंगल वाले क्षेत्र में विशेष अभियान हॉट सर्च चलाने का कार्य सौंपा गया। हमला पार्टियों ने दिनांक 12-13.05.2013 की मध्य रात्रि में लक्षित क्षेत्र में प्रवेश किया। श्री अरुण कुमार, उप कमांडेंट के नेतृत्व में हमला पार्टी-I सुबह सिलाघाटी गांव के नजदीक जंगल साफ करने के पश्चात छतरीबेरा गांव के नजदीक जंगल की ओर बढ़ गई। श्री अमित शर्मा, सहायक कमांडेंट हमला पार्टी-I के भाग के रूप में अपने दल का नेतृत्व कर रहे थे। लगभग 1015 बजे, जब अग्रणी दल छोटी पहाड़ी को पार कर रहा था, तब चोटी पर छिपे नक्सलवादियों ने सर्वप्रथम आईईडी से विस्फोट किया और फिर सैन्य टुकड़ियों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। श्री अमित कुमार, सहायक कमांडेंट को यह समझने में देर नहीं लगी कि उनका सामना ऊपरी जगह में स्थित एक अस्थाई पूर्ण सुरक्षित नक्सली अड्डे से हो गया है। उन्होंने पेड़ पर बने कुछ मोर्चे भी देखे। नक्सलवादियों की तैयारी और प्रभुत्व से डरे बगैर, उन्होंने अपनी व्यावसायिक दक्षता का प्रयोग किया और अपने दल के सदस्यों को नक्सलवादियों पर जोरदार जवाबी गोलीबारी करने का आदेश दिया और साथ-साथ स्काउट्स को कवर फायर दिया जो लगातार हो रही गोलीबारी में फंस गए थे। नक्सलवादी बहुत प्रतिरोध करने वाले थे और लगातार गोलीबारी से सैन्य टुकड़ियों को चुनौती दे रहे थे। नक्सलवादियों का गलत इरादा शुरू में ही आईईडी विस्फोटों से सैन्य टुकड़ियों को भयभीत करने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को हताहत करने का था। श्री अमित शर्मा, सहायक कमांडेंट ने सहायक गोलीबारी होने पर, नक्सलियों पर जवाबी हमला करने की योजना बनाई और इसे अंजाम देने के लिए स्काउट के साथ आगे बढ़ गए। परन्तु नक्सलवादियों द्वारा लगाई गई आईईडी इस कार्रवाई में प्रमुख बाधा थी। श्री अमित शर्मा, सहायक कमांडेंट और एसआई/जीडी प्रभात कुमार पंकज, जोखिम उठाते हुए, चोरी-छिपे और सावधानीपूर्वक आगे बढ़ गए तथा सामने छिपाई गई आईईडी का पता लगाया। नक्सलवादियों के नजदीक पहुंचने के लिए अनिवार्य था कि इन आईईडी को निष्प्रभावी किया जाए। यह महसूस करते हुए कि लगाई गई सभी आईईडी को हटाना व्यवहार्य नहीं है, उन्होंने पहले आईईडी लगाने की प्रणाली का अध्ययन किया और यह पता लगाने पर कि वे क्रम से लगी हुई हैं, उन्होंने तार को दो सिरों से काट दिया जिससे कुछ आईईडी निष्प्रभावी हो गई और इससे टुकड़ियों को हमला करने के लिए सुरक्षित मार्ग खुल गया। इसी बीच स्काउट्स के अन्य सदस्यों, कांस्टेबल/जीडी पदम सिंह और कांस्टेबल/जीडी रविन्द्र भाष्कर ने अत्यधिक वांछनीय कवर फायर प्रदान किया और नक्सलवादियों को भीषण गोलीबारी में उलझा दिया। उनकी सटीक और लगातार गोलीबारी के साथ किए गए जोरदार आक्रमण ने आईईडी का पता लगाने/उनको नष्ट करने में व्यस्त दल की ओर से नक्सलवादियों का ध्यान हटाने में सहायता की। एक बार रास्ता साफ होने पर कांस्टेबल/जीडी पदम सिंह और कांस्टेबल/जीडी रविन्द्र भाष्कर, रेंगकर नक्सलवादियों के स्थान की ओर बढ़ गए। अब कांस्टेबल/जीडी रविन्द्र भाष्कर, कांस्टेबल/जीडी पदम सिंह, श्री अमित शर्मा, सहायक कमांडेंट और एसआई/जीडी प्रभात कुमार पंकज आगे की पंक्ति में थे। वे नक्सलवादियों के स्थान के निकट थे। पूर्व-निर्धारित संकेत पर, चारों ने काफी नजदीक से नक्सलवादियों पर एक उग्र और सावधानीपूर्वक आक्रमण कर दिया। उन्होंने नक्सलवादियों को चौंका दिया क्योंकि उनको सैन्य टुकड़ियों की रणनीतिक कार्रवाई के बारे में नहीं पता था। वे इस प्रकार के वीरतापूर्ण और उग्र हमले का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे, जिसने उनको पीछे की ओर धकेल दिया। इस गोलीबारी की अग्रिम पंक्ति के अधिकारियों/कार्मिकों ने इस प्रकार की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में साहस जुटाने में अनुकरणीय कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मुठभेड़ में सफलतापूर्वक दो नक्सलवादियों को मार गिराया। वे लगातार अपने और नक्सलवादियों के बीच के फासले को कम करते जा रहे थे। नक्सलवादी प्रबल चुनौती का सामना करने में कठिनाई महसूस कर रहे थे और

उन्होंने अपने स्थान से हटने की योजना बनाई। तदन्तर, नक्सलवादी चोरी-छिपे घने पेड़-पौधों के रास्ते से बच निकले। तलाशी अभियान में मुठभेड़ स्थल से कुशल नक्सलवादी का शव और 01 एसएलआर बरामद हुई।

इस अभियान में, कांस्टेबल/जीडी पदम सिंह, कांस्टेबल/जीडी रविन्द्र भाष्कर, श्री अमित शर्मा, सहायक कमांडेंट और एसआई/जीडी प्रभात कुमार पंकज ने अनुकरणीय बहादुरी, साहस, नेतृत्व और भाईचारे का प्रदर्शन किया। उपायुक्त अधिकारी, एसओ और कार्मिकों ने वास्तविक रूप से सैनिक के महत्व को दर्शाया और साहस की चिरस्थायी गाथा की शुरूआत की जो लगातार अन्य लोगों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने उत्साह और जोश की पराकाष्ठा के लिए अपने दल में साहस की अभिलाषा पैदा कर दी और उन्हें बहादुरी के साथ लड़ने के लिए प्रेरित किया। अधिकारी, एसओ और कार्मिकों द्वारा अभियान की योजना और उसका कार्यान्वयन उनकी व्यावसायिक कुशाग्रता और समर्पण को प्रदर्शित करता है, जिसके कारण एक नक्सलवादी का शव और 01 एसएलआर बरामद की गई। ये कमांडो अत्यधिक साहस, जिम्मेदारी की भावना और नेतृत्व की क्षमता का प्रदर्शन करते हुए बिना किसी डर के नक्सलवादियों के विरुद्ध लड़े।

की गई बरामदगी

कथित रूप से मारे गए दो नक्सलवादियों में से 01 शव, 7.62 एसएलआर राइफल-01, 7.62 एमएम गोलाबारूद-130 राउंड, खाली खोखे-06, देशी निर्मित ग्रेनेड-01, डेटोनेटर-04, मैगजीन एसएलआर-03, गोलाबारूद रखने का पाउच-01, काले रंग का पिट्ठू-01, मल्टीपरपज चाकू-01, पुल्थू-02, 553 रुपए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री पदम सिंह, कांस्टेबल, रविन्द्र भाष्कर, कांस्टेबल, अमित शर्मा, सहायक कमांडेंट और प्रभात कुमार पंकज, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.05.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 73-प्रेज/2015—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. प्रिय रंजन गुप्ता, सहायक कमांडेंट — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

2. विनोद सिंह, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19.05.2014 को, पुलिस अधीक्षक ईस्ट गारो हिल्स से पुलिस स्टेशन-विलियम नगर, जिला-ईस्ट गारो हिल्स (मेघालय) के अंतर्गत चिओकग्रे जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी गुट यूएएलए (यूनाइटेड ए'चिक लिबरेशन आर्मी) के 10-12 काडरों की उपस्थिति के बारे में अत्यधिक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। पर्याप्त विचार-विमर्श के पश्चात् क्षेत्र में तलाशी और विनष्टीकरण अभियान चलाने के लिए एक सुनियोजित योजना बनाई गई। यह कार्य श्री प्रिय रंजन गुप्ता, सहायक कमांडेंट, सीआरपीएफ के नेतृत्व में कोबरा (सीआरपीएफ) और एसडब्ल्यूएटी (स्वाट) (मेघालय) के संयुक्त दल को सौंपा गया।

दिनांक 19.05.2014 को श्री प्रिय रंजन गुप्ता, सहायक कमांडेंट द्वारा विलियम नगर बेस कैंप में दल को जानकारी दी गई। पूर्ववर्ती घटनाओं, क्षेत्र, बाहरी और भीतरी मार्ग, मार्ग की अड़चनों, अंतरिम अभिसार-स्थल और संचार पासवर्डों जैसे सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सैन्य टुकड़ियों ने दिनांक 20.05.2014 को लगभग 0230 बजे बेस कैंप से प्रस्थान किया और रणनीतिक ढंग से लक्ष्य की ओर बढ़ गई। यह क्षेत्र घने वन से आच्छादित था जिसने टुकड़ियों की दृश्यता और गतिविधि में बाधा पहुंचाई। पहाड़ी और जोखिम भरे क्षेत्र में कठिन और श्रमसाध्य यात्रा के पश्चात, संयुक्त दल उग्रवादियों के छिपने के संदिग्ध ठिकाने के नजदीक पहुंच गया। छिपने का ठिकाना घने पेड़-पौधों संयुक्त पहाड़ी के ऊपर था। लक्षित क्षेत्र का प्रारम्भिक गहन सर्वेक्षण किया गया और विभिन्न उपयुक्त और रणनीतिक स्थानों पर अवरोध (कट-आफ) स्थापित कर दिए गए।

उजाला होते ही श्री प्रिय रंजन गुप्ता, सहायक कमाडेंट, 210 कोबरा का नेतृत्व वाला हमला दल रणनीतिक ढंग से उग्रवादियों के छिपने के ठिकाने की ओर बढ़ गया। शत्रु के चोटी पर होने से पहाड़ी के ऊपर चढ़ने की गतिविधि खतरनाक और जोखिम भरी थी, फिर भी, हमला दल आगे के खतरों की परवाह किए बगैर छिपने के ठिकाने की ओर बढ़ गया। श्री प्रिय रंजन गुप्ता, सहायक कमांडेंट ने स्काउट्स का नेतृत्व किया और जब वे उग्रवादियों के छिपने के ठिकाने के नजदीक गए, तो एक मोर्चे के पीछे तैनात दो विद्रोहियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। दल ने तुरंत जबाबी गोलीबारी की और गोलीबारी करने तथा आगे बढ़ने के कौशल का प्रयोग करते हुए आगे बढ़ गया। परन्तु शीघ्र, छिपने के ठिकाने में मौजूद कुछ अन्य विद्रोहियों ने पेड़ों और अस्थायी मोर्चों के पीछे सुरक्षित पोजीशन ले ली और गोलीबारी में शामिल हो गए। शत्रुओं की ओर से अंधाधुंध और भारी गोलीबारी ने सैन्य टुकड़ियों को आगे बढने से रूकने और अपनी रणनीति बदलने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने आड़ के पीछे अपनी पोजीशन संभाल ली और बिल्कुल नजदीक से जोरदार लड़ाई शुरु हो गई। सैन्य टुकड़ियों को ज्यादा से ज्यादा हताहत करने और अपने बचाव का प्रबंध करने के लिए विद्रोहियों ने ग्रेनेड फेंकने के साथ-साथ अंधाधुंध गोलीबारी का प्रयोग किया। गतिरोध को समाप्त करने तथा विद्रोहियों को बचकर निकलने से रोकने के लिए, श्री प्रिय रंजन गुप्ता, सहायक कमांडेंट ने उन पर पीछे से हमला करने की योजना बनाई। जब सभी ओर से भूमि और पेड़ों पर गोलियां बरस रही थी, तब सुरक्षित आड़ से बाहर निकलना जोखिम भरी स्थिति थी और जान जाने का खतरा था। श्री प्रिय रंजन गुप्ता, सहायक कमांडेंट ने इस उद्देश्य के लिए सभी सुरक्षा एहतियातों को ताक पर रख दिया, कांस्टेबल/जीडी विनोद सिंह को साथ लेकर लड़ाई क्षेत्र से बाहर निकलने के लिए बरसती हुई गोलियों के बीच रेंग कर चलने लगे। दोनों निडर बहादुरों ने चक्करदार मार्ग चुना, विद्रोहियों के पीछे पहुंचे और भारी गोलीबारी का प्रयोग करके जोरदार हमला शुरु कर दिया। विद्रोही दो दिशाओं से गोलीबारी में फंस गए और उनके बचकर निकलने का रास्ता बंद हो गया। तब उन्होंने पीछे हटने का फैसला किया किन्तु इसके लिए बच निकलने का रास्ता खुला होने की आवश्यकता थी। बचकर निकलने का मार्ग खोलने के प्रयास में, दो विद्रोहियों ने श्री प्रिय रंजन गुप्ता, सहायक कमांडेंट और सीटी/विनोद सिंह की ओर पोजीशन संभाल ली और ग्रेनेड फेंक कर भारी गोलीबारी की। ग्रेनेड उनसे कुछ मीटर की दूर पर फटा और वे दोनों बाल-बाल बच गए। ग्रेनेड विस्फोट के प्रभाव से उबर कर, दोनों निडरतापूर्वक अपनी आड़ से बाहर निकले और सधी हुई तथा सटीक गोलीबारी से दोनों विद्रोहियों को मार गिराया। दोनों विद्रोहियों के मारे जाने से अन्य टुकड़ियों के लिए विद्रोहियों पर अंतिम हमला करने का मार्ग खुल गया। फिर सैन्य टुकड़ियां गोली चलाते हुए आगे बढ़ने के कौशल का प्रयोग करके बचे हुए विद्रोहयों की ओर बढ़ने लगीं और भंयकर मुठभेड़ के पश्चात तीन और विद्रोहियों को समाप्त कर दिया।

दोनों ओर से गोलीबारी बंद होने के पश्चात, टुकड़ियों ने क्षेत्र की तलाशी ली और तीन एके सीरीज राइफलों, 05 मैगजीनों, 110 राउण्ड गोला-बारुद, 8 राउण्ड के साथ एक 7.65 एमएम पिस्तौल, यूएएलए का मांग पत्र-03 पृष्ठ, यूएएलए के पहचान-पत्र-03, यूएएलए काडरों की सूची-02 पृष्ठ, बुकलेट (यूएएलए की सेना का गठन)-01, यूएएलए नेता का बायोडाटा-03 पृष्ठ, यूएएलए के बैज-50 और अन्य अभिशंसी दस्तावेजों के साथ यूएएलए (युनाइटेड ए' चिक लिबरेशन आर्मी) काडरों के पांच शव बरामद हुए।

संपूर्ण गोलीबारी के दौरान, श्री प्रिय रंजन गुप्ता, सहायक कमांडेंट, 210 कोबरा ने आगे बढ़कर अपनी टुकड़ियों का नेतृत्व किया और उच्च कोटि के नेतृत्व का प्रदर्शन किया। श्री प्रिय रंजन गुप्ता, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी विनोद सिंह 210 कोबरा ने उच्च कोटि के वीरतापूर्ण कार्य का प्रदर्शन किया। उन्होंने गंभीर खतरे के बावजूद होने अपनी जान जोखिम में डाल दी और भयंकर गोलीबारी में 05 कट्टर यूएएलए विद्रोहियों को मार गिराया।

की गई बरामदगी:-

- मारे गए 05 यूएएलए उग्रवादी नामत: (I) डंकन एन. संगमा (II) ग्रिपित सीएच मोमिन (III) भटनागर आर मारक उर्फ टेटे उर्फ डिकडिक (IV) केकिल आर मारक उर्फ सैबत और (V) सेंगनांग एन मारक उर्फ वाल्ते।
- एके 47 सीरीज राइफल-03 (बॉडी नं. जी 4034121959, 56-29011294 और 56-17233095)
- एके 47 सीरीज मैगजीन-05
- 7.62x39 एमएम जिंदा गोलाबारुद-110 राउण्ड।
- 7.62 x39 एमएम के खाली खोखे-21
- 7.65 एम एम की पिस्तौल-01 (बॉडी सं. 889)
- 7.65 x25 एमएम के जिंदा गोलाबारुद-08 राउंड
- 7.65 एमएम पिस्तौल की मैगजीन-03

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री प्रिय रंजन गुप्ता, सहायक कमांडेंट और श्री विनोद सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.05.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 74-प्रेज/2015—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. बिरेश चौहान,
उप निरीक्षक

2. पी. वेलुमुरुगन,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जगारगुंडा, पुलिस स्टेशन, जिला-सुकमा (छत्तीसगढ़) के दुलेर और पूवरती गांव के नजदीक कंपनियों और बटालियनों के रूप में माओवादियों की बड़े पैमाने पर गतिविधि के बारे में विश्वसनीय सूचना के आधार पर, आईजीपी, सीआरपीएफ (एस/एस) ग्रेहाउण्ड्स, कमांडेंट 217 बटालियन सीआरपीएफ और पुलिस अधीक्षक खम्माम ने ग्रेहाउण्ड्स, आंध्र प्रदेश पुलिस, सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा दिनांक 14.04.2013 को 8 बजे से 19.04.2013 तक विशेष संयुक्त अभियान (एसएडीओ) की योजना बनाई। दिनांक 14.04.2013 को, ब्रीफिंग के पश्चात, सैन्य टुकड़ियां योजनानुसार अभियान के क्षेत्र की ओर बढ़ गईं। सैन्य टुकडियां रात के दौरान बारूदी सुरंगों से आच्छादित और सशस्त्र विरोधी सेना से भरे हुए घने जंगल में 40 किमी. के असुविधाजनक उबड़-खाबड़ क्षेत्र से गईं। एसआई/जीडी बिरेश चौहान, जो अपने दल के साथ थे, ने पूवरती गांव के बाहर एक नाले के नजदीक बैठे हुए 14-15 वर्दीधारी नक्सलवादियों को देखा। दल कमांडर के निर्देशानुसार दल छाया स्थलाकृति के अनुसार रणनीतिक ढंग से नक्सलवादियों के स्थान की ओर बढ़ गया और काफी हद तक सफल हो गया किंतु विरोधियों ने पुलिस दल को देख लिया और स्वचालित राइफलों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और आई ई डी से विस्फोट किया। लेटकर आक्रमण का सामना करने के बजाय एस आई/जीडी बिरेश चौहान अपने दल के सदस्यों के साथ निडरता से आगे बढ़ गए और विरोधियों (नक्सलवादियों) की ओर से आ रही गोलियों की बौछारों के बावजूद नक्सलवादियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने अदभुत साहस दिखाया और नक्सलवादियों का डटकर सामना किया। उनको ग्रेहाउण्ड्स के 3 कमांडो की सहायता से कांस्टेबल/जीडी वेलुमुरुगन द्वारा सहायक गोलीबारी प्रदान की गई। नजदीकी नक्सलवादी भी वहां आ गए और सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। किंतु एसआई/जीडी बिरेश चौहान और कांस्टेबल/जीडी वेलुमुरुगन के विलक्षण कौशल और तेज गोलीबारी से उन्होंने एक राज्य समिति सदस्य, दो जिला समिति सचिवों, दो क्षेत्रीय समिति सदस्यों सहित 09 शीर्ष माओवादी कैडरों को वहीं पर ढेर कर दिया और अनेक कैडरों को घायल कर दिया। उन्होंने नक्सलवादियों को मारे गए नक्सलियों को ले जाने भी नहीं दिया और नक्सलवादियों को दूर रखा। अपनी साहसिक कार्रवाई से, उन्होंने न केवल नक्सलवादियों को मार गिराया बल्कि 4 इंसास और 4 एसएलआर सहित 13 हथियार भी बरामद किए। नक्सलियों की मांद में कुशलतापूर्वक नक्सलवादियों का सफाया करने में उनका समर्पण, उच्च कोटि का साहस और वीरता, विशिष्ट प्रतिबद्धता और सूझ-बूझ काबिले तारीफ है, क्योंकि उन्होंने कर्तव्य से परे असाधारण साहस और प्रतिबद्धता के साथ अपने जीवन को आसन्न संकट में डाल दिया था।

बरामदगी:

क्र.सं.	ब्यौरे		
1	एसएएस राइफल	-	02
2	.303 राइफल	-	02
3	एसएलआर	-	04
4	एसडीबीएल	-	01

5	कार्बाइन	-	01
6	पिस्तौल	-	01
7	तमंचा	-	01
8	एसएलआर मैगजीन	-	06
9	एके मैगजीन	-	06
10	कार्बाइन मैगजीन	-	01
11	7.62 एम एम गोलाबारूद	-	55
12	7.62x39 एमएम गोलाबारूद	-	20
13	मेमोरी कार्ड	-	10
14	सिम कार्ड	-	02
15	सेल फोन	-	03
16	नकदी	-	19600/- रु.
17	नक्सली साहित्य	-	

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री बिरेश चौहान, उप निरीक्षक और पी. वेलुमुरुगन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16.4.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 75-प्रेज/2015—राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. शिवराज सिंह,
सहायक कमांडेंट

2. सुरेन्द्र प्रसाद,
निरीक्षक

3. युद्धविन्द्र सिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 07.06.2013 को टीएचक्यू मनपुर में विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि लगभग 30-40 नक्सलवादियों ने टीएचक्यू मनपुर से 16 किमी. दूर बुकमारका गांव के जंगल में शरण ले रखी है। अभियान शुरु करने के लिए योजनाएं तैयार करने के संबंध में अपने वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशों पर शीघ्र, सहायक कमांडेंट/जीडी शिवराज सिंह ने अन्य संगठनों तथा राज्य पुलिस के सहयोग से एक अंतर-राज्यीय अभियान की योजना बनाई।

दिनांक 07 और 08 जून, 2013 के बीच की रात को, सहायक कमांडेंट/जीडी शिवराज सिंह ने बुकमारका गांव के सामान्य इलाके में अभियान के लिए अपने दल का नेतृत्व किया जिसमें भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के 13-एसओ, 36-ओआर तथा सीजीपी के 02-एसओ और 48-ओआर शामिल थे। सहायक कमांडेंट/जीडी शिवराज सिंह ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की प्लाटून सं. 1 और 2 को दांयी और बांयी ओर से गांव को घेरने का निर्देश दिया तथा छत्तीसगढ़ पुलिस कार्मिकों के साथ 29वीं भारत-तिब्बत सीमा पुलिस कार्मिकों के आक्रमण दल ने बुकमारका गांव के कोठार/बेहक में तलाशी शुरु कर दी। बुकमारका गांव पहुंचने पर, निरीक्षक/जीडी सुरेन्द्र प्रसाद को दांयी ओर से गांव को घेरने की जिम्मेवारी दी गई।

